

केरल : पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी - 12




ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास - 12



पश्चिम एशिया में विश्वविद्यालय भी निशाने पर - 13



ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली- 14





एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी 07:09 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 30 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 218, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये




अमेरिका के सेंट पॉल में 'नो किंग्स' मार्च के दौरान मिनेसोटा स्टेट कैपिटल के बाहर नारे लगाते प्रदर्शनकारी।

# अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ भड़का आक्रोश

## 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' में पद से हटाने की मांग, यूरोप-ऑस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन

सेंट पॉल (अमेरिका), एजेंसी

**50** अमेरिकी राज्यों में हुआ प्रदर्शन

**3300** जगहों पर जुटे प्रदर्शनकारी

**80** लाख लोग विरोध मार्च में शामिल

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' हुआ। अमेरिका के सभी 50 राज्यों के अलावा यूरोप, आस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में लाखों लोगों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

यह विरोध प्रदर्शन विशेष रूप से ईरान के साथ जारी युद्ध और कड़े इमिग्रेशन कानूनों के खिलाफ हो रहे है। अमेरिका में नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए। अमेरिका का मिनेसोटा प्रांत इस आंदोलन का मुख्य केंद्र बनकर उभरा, जहां हजारों लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए ट्रंप की सख्त आव्रजन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सेंट पॉल में कैपिटल लॉन में आयोजित मुख्य रैली में प्रसिद्ध गायक ब्रूस स्प्रिंगस्टीन भी शामिल हुए। ब्रूस और अन्य वक्ताओं ने भीषण सर्दी के बावजूद सड़कों पर उतरकर अमेरिकी आव्रजन एजेंसी की कार्रवाई का विरोध करने के लिए प्रांत के लोगों की सराहना की। ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने संघीय एजेंटों की गोलीबारी में रिनी गुड और एलेक्स प्रेट्टी की मौत पर विरोध प्रकट करते हुए अपना गीत स्ट्रीट्स ऑफ मिनियापोलिस प्रस्तुत किया। इस गीत के माध्यम से उन्होंने गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि मिनेसोटा के लोगों द्वारा आव्रजन एजेंसी के खिलाफ किया गया प्रतिरोध पूरे देश के लिए आशा की किरण बन गया है। उन्होंने कहा, आपकी ताकत और प्रतिबद्धता ने हमें यह एहसास कराया कि यह अब भी वही देश है। और यह रूढ़ीवादी भयावह दौर तथा अमेरिकी शहरों में इस तरह की कार्रवाई अधिक समय तक नहीं चलेगी। 85 लाख की आबादी वाले न्यूयॉर्क शहर से लेकर दो हजार से भी कम आबादी वाले ड्रिग्स कस्बे तक लोग सड़कों पर उतर आए। अमेरिका के अलावा, यूरोप, लातिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया समेत कम से कम 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन हुए।

## ब्रीफ न्यूज

### 100 रुपये के लेन-देन को लेकर व्यक्ति की पीट पीटकर हत्या

**बड़वानी (मप्र)।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में महज 100 रुपये के लेन-देन के विवाद में 35 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार फूल सिंह (35) ने मनीष सोलंकी (23) को कुछ वक्त पहले 100 रुपये उधार दिए थे और जब उसने यह रकम वापस मांगी, तो शनिवार और रविवार की दरमियानी रात सोलंकी का उससे विवाद हो गया। सोलंकी ने अपने दो के साथ मिलकर फूल सिंह को बुरी तरह पीटा। छाती, गुप्तांग और अन्य अंगों में गंभीर चोटों से फूल सिंह की मौत हो गई।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने ईंधन भेजने के लिए पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में उत्पन्न व्यवधान के बीच भारत द्वारा तेल से भरा टैंकर भेजने के लिए रविवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। आपातकालीन सहायता के रूप में, 20,000 मीट्रिक टन डीजल और 18,000 मीट्रिक टन पेट्रोल सहित 38,000 मीट्रिक टन ईंधन की एक खेप शनिवार को भारत से कोलंबो पहुंची। दिसानायके ने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी से पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति में हो रही दिक्कतों के बारे में बात की थी।

### नेपाल में 4.5 तीव्रता का आया भूकंप, काठमांडू से 80 किमी दूर था केंद्र

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुपालचौक जिले में शनिवार रात को 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। झटके काठमांडू तक महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। रात करीब 11.35 बजे आए भूकंप का केंद्र सिंधुपालचौक के नुलथला खारका क्षेत्र के पास स्थित था, जो काठमांडू से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है।

# युद्ध के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण संकट के राजनीतिकरण से बचें

## मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी बोले- जंग से गहरा रहा पेट्रोल-डीजल का संकट

- **भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार की जानकारी पर ही भरोसा करें**
- **मोदी बोले- पश्चिम एशिया से उपजी चुनौतियों का मिलकर सामना करें देशवासी**

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी नागरिकों से पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध के कारण पैदा हुई चुनौतीपूर्ण स्थिति से पार पाने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। मोदी ने वर्तमान संकट का राजनीतिकरण करने वालों को आगाह करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में स्वार्थ भरी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि अफवाहें फैलाने वाले लोग देश को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध जारी है। यह निश्चित तौर पर चुनौतीपूर्ण समय है। मैं आज मन की बात के माध्यम से सभी देशवासियों से फिर यह आग्रह करूंगा कि हमें एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है और इसमें स्वार्थ भरी राजनीति का कोई स्थान नहीं है।अफवाह फैला रहे लोग देश का बहुत बड़ा नुकसान कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों से अपील करूंगा कि वे जागरूक रहें, अफवाहों के बहकावे में न आएं। सरकार की तरफ से आपको जो निरंतर जानकारी दी जा रही है, उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मोदी ने कहा कि उन्हें हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर इन कठिन हालात से विजयी बनकर बाहर निकल जाएंगे। खाड़ी देशों में रह रहे और वहां काम कर रहे एक करोड़ भारतीयों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए वह उन देशों के अत्यंत आभारी हैं। युद्ध वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

### मोटापे से बचने के लिए चीनी का सेवन करें कम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने और खाना पकाने के तेल का उपयोग 10 प्रतिशत तक घटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे प्रयास लोगों को मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से दूर रखेंगे। मोदी ने कहा कि इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के पोस्ट पर कई लोगों ने टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री से अपने पिता को चीनी का सेवन कम करने के लिए कहने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि मेरी अपील का उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि चीनी का सेवन कम करें, और जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हमें खाना पकाने के तेल का उपयोग भी 10 प्रतिशत तक कम करना होगा। ये छोटे प्रयास आपको मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाएंगे।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव पूरे भारत में

**नई दिल्ली।** मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि इसका प्रभाव देश के हर कोने में देखा जा रहा है। घरेलू छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की यह योजना, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी ऐसी पहल कहा जाता है, का लक्ष्य मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई आज किसी भी शहर, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, का दौरा करे तो उसे निश्चित रूप से एक बदलाव नजर आएगा कि बड़ी संख्या में घरों की छतों पर सौलर पैनल लगाए गए हैं।

## दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित पार

- **एक दिन की रसोई गैस का भंडार, जल्द भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद**
- **बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम जहाज में है 94,000 टन एलपीजी**




**नई दिल्ली।** दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज से सुरक्षित निकल चुके हैं और कुछ दिन में भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन पर एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है।

दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, में 94,000 टन एलपीजी हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है। होर्मुज मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं। इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं।

## नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्रियों की संपत्तियों की जांच को आयोग गठित

**काठमांडू।** नेपाल की नवगठित सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी 100 सूत्री कार्य योजना के तहत पूर्व प्रधानमंत्रियों की संपत्तियों की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया है। इस समिति में कानून, वित्त, राजस्व और अनुसंधान के विशेषज्ञ शामिल हैं। सीआईएए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अधीन कार्य करेगा। पहले चरण में, 2006 की नेपाल क्रांति के बाद सार्वजनिक पदों पर आसीन सभी लोगों की जांच की जाएगी और आयोग 15 दिनों के भीतर जांच पूरी करेगा। इसके बाद सरकार चार पूर्व प्रधानमंत्रियों - शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली, प्रचंड और माधव कुमार की संपत्तियों की जांच शुरू करेगी।

# अमेरिका के 2500 सैनिक पश्चिम एशिया पहुंचे, हमले में सऊदी में अमेरिकी एयरबेस को बड़ा नुकसान



ईरान के हमले में ध्वस्त हुआ अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान।

दुबई, एजेंसी

- **1000 अमेरिकी पैराट्रूपर्स जल्द पहुचेंगे अत्याधुनिक अमेरिकी ई-3 सेंट्री विमान तबाह**
- **इजराइली व अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी**

पश्चिम एशिया में एक माह से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक युद्ध क्षेत्र में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है। इसके अलावा, 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' के 1,000 'पैराट्रूपर्स' को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं।

वहीं, ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन से बड़ा जवाबी हमला किया। ईरानी मीडिया का दावा है कि इस हमले में अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान काफी हद तक नष्ट हो गया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका जमीनी बल उतारने के साथ ही अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर सकता है। इस बीच, रविवार को ईरान ने क्षेत्र में स्थित इजराइली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी दी। ऐसा पहली बार है जब ईरान ने शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने की खुले तौर पर धमकी दी है। अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी कि यदि ईरानी विश्वविद्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो क्षेत्र में मौजूद इजराइली विश्वविद्यालयों और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के परिसर को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाएगा।

### पाकिस्तान ने मिस्र और तुर्किये से जारी तनाव पर की चर्चा

**इसलामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने चतुर्भुज शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को यहां मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और क्षेत्र में शांति वार्ता के प्रयासों पर चर्चा की। विदेश कार्यालय ने बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती, डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद की यात्रा पर हैं। विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की।

### इरबिल में ड्रोन हमले तेज अमेरिकी ठिकाने निशाने पर

**दुबई।** जारी युद्ध के बीच उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में शनिवार रात भर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास एवं अन्य स्थानों को निशाना बनाकर कई ड्रोन हमले किए गए लेकिन उन्हें उनके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले की रोक दिया गया। इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों ने हाल के दिनों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं। इरबिल भी लगातार इन हमलों का निशाना बन रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हालात और अधिक संवेदनशील हो गए हैं। अमेरिका ने एक बयान में ईरान समर्थित सशस्त्र समूहों के हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घृणित आतंकी हमले बताया।

# यूपी में आज से गेहूं खरीद शुरू 48 घंटे में होगा भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **2.24 लाख किसानों ने कराया पंजीकरण 50 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य**



**अमृत विचार :** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश में गेहूं खरीद आज यानी सोमवार से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। खरीद शुरू होने से पहले ही अब तक 2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रदेश में खोले जाने वाले कुल 6500 क्रय केंद्रों में से 3574 क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं।

सरकार ने इस वर्ष गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये अधिक है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए हैं कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुगम रहे तथा किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग समेत कुल आठ एजेंसियों के माध्यम से 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाने हैं। सभी क्रय केंद्र सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक संचालित होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। इस बार किसानों को गेहूं बिक्री पर अतिरिक्त सुविधा देते हुए उतराई, छनाई और सफाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अलग से दिए जाएंगे।

**कार्यक्रम** संकट के समय दुष्प्रचार राष्ट्रहित के खिलाफ, लोगों से सतर्क रहने की अपील, 665 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

# जनता ने नकार दिया तो अब बन गए हैं अफवाहबाज : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**लखनऊ :** लोकभवन में एक अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता द्वारा नकारे जाने के बाद कुछ लोग अब अफवाह और दुष्प्रचार के सहारे समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से ऐसे लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि संकट के समय दुष्प्रचार करना राष्ट्रहित के खिलाफ है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को लोक भवन में आयोजित 665 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस को लेकर अफवाह और दुष्प्रचार फैलाने वाले विपक्षी नेताओं पर तीखा प्रहार किया। वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में आर्थिक अस्थिरता और संकट की स्थिति है, पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थिति नियंत्रित है। केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कमी कर 145 करोड़ देशवासियों को राहत दी है, जिसका लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। योगी ने अफवाहों के उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ लोग गैस सिलेंडर में कम गैस मिलने या देश में लॉकडाउन लगने जैसी झूठी बातें फैला रहे हैं। उन्होंने इसे बचकानी हरकत बताते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें केवल भ्रम पैदा करती हैं, जबकि प्रदेश में सभी कार्य सामान्य रूप से चल रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना आवश्यकता पेट्रोल-डीजल या गैस के लिए लाइन में न लगें और अफवाहों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि जब टंकी भरी है तो बार-बार लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान सरकार ने हर स्तर पर जनता की सहायता की थी। आज भी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ लोगों के साथ खड़ी है। ऐसे में अफवाह फैलाने वालों के बहकावे में आने के बजाय सरकार के मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए।

### नौ लाख युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। पूरी प्रक्रिया मेरिट और आरक्षण के नियमों के अनुसार पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि अब भर्ती प्रक्रियाएं इतनी निष्पक्ष हैं कि न्यायालयीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं पड़ती।

### अपराध के साथ भ्रष्टाचार पर भी जीरो टॉलरेंस

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ अपराध के प्रति ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। भर्ती प्रक्रिया में मानव हस्तक्षेप को समाप्त कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है और देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।




लखनऊ के लोक भवन में आयोजित 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# अभ्यर्थियों ने पारदर्शी चयन प्रक्रिया को सराहा

## मुख्यमंत्री योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर भावुक हुए अभ्यर्थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। मंच से एक-एक कर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता की सराहना की।

अभ्यर्थियों ने कहा कि अब सरकारी भर्तियों में मेहनत और योग्यता को ही प्राथमिकता मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जाति, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर सभी को समान अवसर दिया जा रहा है। इस नियुक्ति प्रक्रिया ने युवाओं के बीच सिस्टम के प्रति विश्वास को मजबूत किया है। चयनित अभ्यर्थियों की बातों से साफ झलकता है कि अब सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता और निष्पक्षता नई पहचान बन चुकी है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा अमित घोष, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, केजीएमयू वाइस चांसलर डॉ. सोनिया नित्यानंद आदि उपस्थित थे।

> पारदर्शी परीक्षा के कारण मुझे प्रथम रैंक हासिल करने का अवसर मिला। परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष रही। मुख्यमंत्री से मिलना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।
> – **प्रियंका सिंह (मोहनलालगंज, लखनऊ)**

> दो चरणों में हुई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी रही। इसमें वही सफल हुए जो वास्तव में योग्य थे। यह मेरे जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है। – **संध्या सिंह (सुल्तानपुर)**

> परीक्षा केंद्रों पर इतनी कड़ी सुरक्षा थी कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना ही नहीं थी। यह सरकार की ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था का उदाहरण है।
> – **अनामिका यादव (मैनपुरी)**

> पहले मेरे मन में उत्तर प्रदेश को लेकर गलत धारणा थी, लेकिन अब राज्य तेजी से विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बदलाव साफ दिखता है। – **शरिमा सिद्दीकी**

> नियुक्ति पत्र मिलना मेरे जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण है। पारदर्शी प्रक्रिया से योग्य उम्मीदवारों को ही अवसर मिला। – **आकांक्षा**

## न्यूज ब्रीफ

### वादा करें नोएडा एयरपोर्ट नहीं बेचेंगे



**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिलेश यादव की गौतमबुद्ध नगर के दादरी में आयोजित रैली से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। सपा प्रमुख ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इसका उद्घाटन "बेचने के लिए" किया गया है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि एयरपोर्ट का निजीकरण नहीं होगा। उन्होंने किसानों को उनकी जमीन का बाजार भाव से मुआवजा न मिलने का आरोप लगाते हुए वादा किया कि सपा सरकार बनने पर विकास परियोजनाओं के लिए ली जाने वाली जमीन का उचित मूल्य दिया जाएगा। दादरी के सम्राट मिहिर भोज कॉलेज मैदान में हुई रैली में अखिलेश यादव ने कहा कि सपा शासनकाल में किसानों को बेहतर मुआवजा मिलता था, जबकि वर्तमान सरकार में उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### बसपा सरकार में पड़ी थी नोएडा एयरपोर्ट की नींव



**अमृत विचार, लखनऊ :** जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर बसपा प्रमुख मायावती का दावा है कि इस परियोजना की आधारशिला उनकी बसपा सरकार के दौरान ही रखी गई थी। जरूरी बुनियादी कार्य बसपा सरकार के समय ही शुरू हो गए थे, लेकिन बाद में केंद्र की कांग्रेस सरकार के असहयोग से इसमें देरी हुई। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में आरोप लगाया कि उस समय केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस परियोजना में बाधाएं डालीं। अगर, व्यवधान न खड़े किए गए होते तो यमुना एक्सप्रेसवे की तरह यह परियोजना भी उनकी सरकार में ही पूरी हो सकती थी।

### संगठन के विस्तार में जुटी आरपीआई (ए)

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के केंद्रीय नेता रामदास अठावले के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेशभर से लोगों का पार्टी से जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन विस्तार को लेकर बैठक हुई। बैठक में कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। लखनऊ पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को ग्राम पंचायत, ब्लॉक और बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। आने वाले समय में रैलियों और बैठकों के माध्यम से जनसमस्याओं को गहराई से समझा जाएगा।

### कन्या सुमंगला योजना से नई उड़ान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कन्या सुमंगला योजना बेटियों के सशक्तीकरण का मजबूत आधार बनती जा रही है। इसी क्रम में अमेठी जिले की 23 छात्राओं को स्नातक स्तर पर प्रवेश के बाद योजना की अंतिम किश्त जारी की गई, जिससे उनके उच्च शिक्षा के सपनों को नई मजबूती मिली है। योजना के तहत बेटियों को जन्म से लेकर स्नातक स्तर तक छह चरणों में आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2024-25 में इस सहायता राशि को बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है।

# नए बजट की हर स्वीकृति पर रहेगी वित्त विभाग की नजर

## विधानमंडल से स्वीकृत बजट 2026-27 लागू करने का शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अंतिम तिमाही में फिजूल खर्च पर रोक, योजनाओं में चरणबद्ध किया जाएगा भुगतान**
- **पेंशन-छात्रवृत्ति सीधे खातों में नई योजनाओं पर बिना अनुमति खर्च नहीं**

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लागू करते हुए खर्च और वित्तीय स्वीकृतियों पर कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी विस्तृत शासनादेश में साफ कहा गया है कि अब विधानसभा से पारित अनुदान और विनियोग को ही अंतिम बजट माना जाएगा और सभी विभाग उसी के अनुरूप खर्च करेंगे।

अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने स्पष्ट किया है कि नई योजनाओं, नई सेवाओं या अतिरिक्त व्यय से जुड़े किसी भी प्रस्ताव पर बिना वित्त विभाग की सहमति के स्वीकृति नहीं दी जाएगी। वहीं, पहले से चल रही योजनाओं में प्रशासनिक विभागों को सीमित अधिकार दिए गए हैं, लेकिन उन्हें भी तय नियमों का पालन करना होगा। शासनादेश में सामाजिक योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वृद्धावस्था पेंशन, किसान पेंशन, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजन को मिलने वाली सहायता अब सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगी। इसी तरह छात्रवृत्ति की धनराशि भी सीधे छात्रों तक पहुंचेगी, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी।

निर्माण कार्यों में अनियमितता रोकने के लिए भी सख्त प्रावधान किए गए हैं। पांच करोड़ तक की परियोजनाओं में पूरी धनराशि कार्य की गुणवत्ता से संतुष्टि के बाद ही जारी होगी, जबकि बड़ी परियोजनाओं में चरणबद्ध किस्तों में भुगतान किया जाएगा। 25 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं में तीन चरणों में धनराशि दी जाएगी और हर चरण में गुणवत्ता की जांच जरूरी होगी। सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि लागत सीमा से बचने के लिए परियोजनाओं को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटने की अनुमति नहीं होगी। वहीं 50 करोड़ से अधिक लागत वाले भवन निर्माण कार्य ईपीसी मोड से कराए जाएंगे, जिससे समय और लागत दोनों पर नियंत्रण रहेगा।

### नए नियम एक नजर में

- विधानसभा से पारित बजट ही अंतिम, उसी के अनुसार खर्च
- नई योजनाओं पर वित्त विभाग की अनुमति जरूरी
- पेंशन और छात्रवृत्ति सीधे खातों में ट्रांसफर
- निर्माण कार्यों में चरणबद्ध भुगतान और गुणवत्ता जांच अनिवार्य
- अंतिम तिमाही में खर्च की सीमा तय
- एकमुश्त निकासी पर रोक, जरूरत के अनुसार ही धन जारी
- एसएनए-स्पर्श से केंद्र योजनाओं का संचालन
- सभी स्वीकृतियां ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

### खर्च पर नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश

खर्च पर नियंत्रण के लिए वित्त विभाग ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। वित्तीय वर्ष के अंतिम तीन महीनों में कुल बजट का 30 प्रतिशत से अधिक और अंतिम महीने में 15 प्रतिशत से ज्यादा खर्च की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही एकमुश्त धन निकासी पर रोक लगाते हुए जरूरत के अनुसार ही धनराशि निकालने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राज्य के कैश मैनेजमेंट पर दबाव न पड़े। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के संचालन के लिए एसएनए स्पर्श प्रणाली को लागू किया गया है। इस व्यवस्था के तहत केंद्रांश सीधे आरबीआई में खुले खाते में आएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भुगतान प्रक्रिया तेज होगी।

### वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप खर्च रहेगा संतुलित

वित्त विभाग ने सभी विभागों को वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने और खर्च को पूरे साल संतुलित रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी वित्तीय स्वीकृतियों को अनिवार्य रूप से सरकारी पोर्टल पर अपलोड करना होगा, जिससे निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आज सौगात देंगे मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **स्मार्टफोन व ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस दिए जाएंगे और नियुक्ति पत्र भी**
- **नए केंद्रों व परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास-लोकार्पण भी करेंगे योगी**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मुख्य सेविकाओं को कई बड़ी सौगातें देंगे। प्रदेश में कुल 69,794 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन दिए जाएंगे, जिससे डिजिटल मॉनिटरिंग और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। साथ ही, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के इस कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन से जुड़ी कई योजनाओं की शुरुआत होगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित करेंगे। इसमें स्टैडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर और मदर-चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं। प्रदेश भर में कुल 1,33,282 स्टैडियोमीटर, 10,553 इन्फैंटोमीटर और 58,237 वेटिंग स्केल वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी और अधिक सटीक हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम की भी शुरुआत करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। वहीं, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से 46 जिलों में 739 कार्यकर्ताओं और 42 जिलों में 15,203 सहायिकाओं को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री इस अवसर पर नए आंगनबाड़ी केंद्रों के डिजाइन का विमोचन भी करेंगे। साथ ही 13 जिलों में 633 केंद्रों, 28 जिलों में 71 बाल विकास परियोजना कार्यालयों और 27 जिलों में 69 अन्य केंद्रों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। दूसरी ओर, 70 जिलों में 2,468 आंगनबाड़ी केंद्रों और 29 जिलों में 69 परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण भी किया जाएगा।

# गन्ना विभाग और यूपीएसआरएलएम के बीच एमओयू

- **महिला समूहों को मिलेगा रोजगार, करेंगी मार्केटिंग**

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर गन्ना विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया है। इसके तहत अब महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी गन्ना उत्पादन से लेकर वैल्यू एडिशन तक बढ़ाई जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़ना है। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, प्रदेश में करीब 47.5 लाख गन्ना किसान हैं, जिनमें लगभग 2.95 लाख महिला किसान शामिल हैं। वहीं, 57 हजार से अधिक महिलाएं 3,000 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गन्ने की उन्नत किस्मों की पौध तैयार कर रही हैं। एमओयू के तहत महिलाओं को केवल पौध उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें गन्ना प्रसंस्करण, जैविक उत्पाद निर्माण, गुड़ और अन्य वैल्यू एडेड उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# पांच करोड़ के स्टाम्प घोटाले में उप-लेखाकार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




आरोपी राजेश सगर

**अमृत विचारः** बदायूं के दातागंज उप कोषागार में हुए 5.08 करोड़ के स्टाम्प शुल्क की हेराफेरी में उप-लेखाकार को ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने आठ वर्ष से फरार चल रहे आरोपी राजेश सगर को बदायूं के सिविल लाइन इलाके से दबोचा। स्टाम्प शुल्क घोटाले के समय वह दातागंज उपकोषागार में उप-लेखाकार के पद पर तैनात था।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के मुताबिक, दातागंज उप-कोषागार में स्टाम्प बिक्री से प्राप्त करीब 5,08,98,110 रुपये की धनराशि सरकारी कोष में जमा नहीं किया गया। इन रुपये का बंदरबांट किया गया था। इस मामले में वर्ष 2019 में दातागंज थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसकी विवेचना बाद में शासन के निर्देश पर ईओडब्ल्यू को सौंपी गई। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि तत्कालीन अधिकारी और कर्मचारियों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से सरकारी धन का गबन किया। आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज है।

# दुग्ध उत्पादन से दो वर्ष में कमाए 67 लाख

**अमृत विचार, लखनऊः** सोनभद्र की विनीता ने दुग्ध उत्पादन को अपनाकर महज दो वर्षों में 67 लाख रुपये की कमाई की और आज 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान बना ली है। महिला सशक्तीकरण और आजीविका योजनाओं का लाभ उठाकर विनीता ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। विनीता, जो पहले पति अविनाश के साथ 10-12 दुधारू पशुओं के जरिए काम करती थीं। निजी डेयरियों पर निर्भरता के कारण उन्हें समय पर भुगतान और उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। हालात बदलने के लिए उन्होंने काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़ने का निर्णय लिया। यहां उन्हें न केवल उचित मूल्य मिला, बल्कि तकनीक और प्रशिक्षण का लाभ भी मिला।



लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में लोगों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व सांसद राकेश राठौर।

# पूर्व सपा नेता अरुणेश यादव समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की नीतियों और जन मुद्दों पर राहुल गांधी के संघर्ष से प्रेरित होकर सीतापुर के पूर्व सपा नेता अरुणेश यादव ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान परिवर्तन समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने भी अपने साथियों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। माल एवन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। सांसद राकेश राठौर ने कहा कि अरुणेश यादव के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।

# झूठ और समाज को बांटने की राजनीति कर रही सपा : पंकज चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दादरी में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का भाषण झूठ, भ्रम, हताशा और समाज को बांटने की राजनीति का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जनता ने सपा की कुशासन, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को नकार दिया था और 2027 में भी प्रदेश की जनता भाजपा को ही चुनेगी। पंकज चौधरी ने आरोप लगाया कि पीडीए के नाम पर सपा सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।

**खुलासा** दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर स्क्राइब (श्रुत लेखक) के रूप में सॉल्वर बैठाने का मामला

# दस वर्ष से चला रहे थे गिरोह, बैंक परीक्षा में भी किया था खेल

इंद्र भूषण दुबे, लखनऊ

- **एसटीएफ पुराने रिकार्ड खंगालने में जुटी, गिरोह के सदस्यों की तलाश में दबिश**

**अमृत विचारः** प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर स्क्राइब (श्रुत लेखक) के रूप में सॉल्वर बैठाने वाले गिरोह की जांच कर रही एसटीएफ का मानना है कि उक्त गिरोह पिछले दस वर्षों से सक्रिय है। गिरोह ने इसी तर्ज पर बैंक पीओ की परीक्षा में भी खेल किया। करीब पांच दर्जन से अधिक युवक व युवतियों को नौकरी लगवा दी है। एसटीएफ ऐसे सभी अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी जुटाकर संबंधित बैंक को सूची भेजने की तैयारी कर रही है। ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक, पुलिस जांच में ऐसे गिरोह का पर्दाफाश हुआ है, जो विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर व पेशेवर स्क्राइब उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षाओं में पास कराने का काम करता था। इस गिरोह के जरिए बैंकिंग परीक्षाओं में चयन कराकर लाखों रुपये की उगाही की जा रही थी। पूछताछ के दौरान अभिषेक यादव ने खुलासा किया कि वह बीए स्नातक है और उसके परिचितों के माध्यम से फर्जी लो विजन (40 प्रतिशत दिव्यांगता) का प्रमाण पत्र बनवाया गया था। इस प्रमाण पत्र के आधार पर उसने विभिन्न परीक्षाओं में स्क्राइब की मदद ली। उसने बताया कि ईएमआरएस परीक्षा के टियर-1 और टियर-2 दोनों चरणों में फर्जी स्क्राइब के जरिए परीक्षा दी गई। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्य अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जुटाकर उन पर हस्ताक्षर कराते थे। मौके से विभिन्न परीक्षाओं के दर्जनों प्रवेश पत्र बरामद हुए, जिनकी प्रिंट कॉपी लेकर पुलिस ने कब्जे में लिया है।

एसटीएफ के मुताबिक पूछताछ में आकाश अग्रवाल ने बताया कि वह पिछले करीब दस वर्ष से अपने साथियों सौरभ सोनी और मनीष मिश्रा के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा कर रहे थे। उसने बताया कि वह झांसी में पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत है और शहर में संपर्कों का फायदा उठाकर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाता था, स्क्राइब उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों को पास कराता था। इसके एवज में मोटी रकम वसूली जाती थी।

### बैंक पीओ के लिए वसूले थे 30-30 लाख

एसटीएफ की पूछताछ व जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बैंक पीओ की परीक्षा पास कराने व नौकरी दिलाने के नाम पर गिरोह ने अभ्यर्थियों से 30-30 लाख रुपये वसूले थे। इसके बदले में बैंक ऑफ बड़ौदा व केनरा बैंक के पीओ पद पर अभ्यर्थियों का चयन कराया था। आकाश अग्रवाल, सौरभ सोनी और मनीष मिश्रा ने कुबूल किया था कि इन लोगों ने एक महिला अभ्यर्थी को बैंक ऑफ बड़ौदा में पीओ की नौकरी दिलाई। वह लखनऊ में ट्रेनिंग कर रही है। इसके अलावा एक महिला को केनरा बैंक में पीओ पद पर चयन कराया था। इसके बदले में दोनों ने 30-30 लाख रुपये दिये थे। इसी तरह करीब एक दर्जन से अधिक युवक व युवतियों की बैंक पीओ की नौकरी लगवाई है।

### खेत बेचकर एक लाख में बनवाया प्रमाण पत्र

पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों में शामिल झांसी के भरोसा मोंठ निवासी राजकिशोर ने नौकरी के लालच में आकाश, मनीष व सौरभ सोनी से संपर्क किया। तीनों ने नौकरी दिलाने का लालच दिया। उसे दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कहा। इसके लिए युवक ने खेत बेचकर एक लाख रुपये दिए। जिसके बदले में झांसी से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया था। इसके बाद स्क्राइब की मदद से परीक्षा दी थी। लेकिन परीक्षा के समय वह विकासनगर स्थित केंद्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से मिले दस्तावेजों और डिजिटल डाटा की जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मन की बात में पीएम ने की यूपी मॉडल की प्रशंसा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- **वाराणसी में रिकॉर्ड पौधरोपण और मेरठ का सोलर मॉडल बना प्रेरणा**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में वाराणसी में हुए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए देशवासियों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत करते हैं। साथ ही मेरठ के सौर ऊर्जा मॉडल की विशेष सराहना की। इससे उत्तर प्रदेश की पर्यावरण और ऊर्जा क्षेत्र की पहलों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन गई।

वाराणसी में एक घंटे में 2.51 लाख से अधिक पौधे लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया, जिसे प्रधानमंत्री ने "जनशक्ति और पर्यावरण चेतना का अद्भुत संगम" बताया। वहीं मेरठ के निवासी अरुण कुमार की सौर ऊर्जा पहल को भी सराहा गया। उन्होंने अपने घर पर सोलर पैनल लगाकर न सिर्फ आत्मनिर्भरता हासिल की, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड को देकर आय का स्रोत भी बनाया, जिससे वे 'ऊर्जादाता' के रूप में पहचान बना रहे हैं।

मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग उप्र. एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हरित विकास और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जो उत्तर प्रदेश को सतत और आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश में जनभागीदारी आधारित विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्राले की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के पैलावर गांव के सामने मुगल मार्ग पर देर शाम एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्राला ने सवारी उतारते समय आटो को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में आटो चालक की मौके पर मौत हो गई। राजपुर के अशोक नगर निवासी अंकित पांडे 45 वर्ष पुत्र रामलखन पांडेय देर शाम आटो में सवारी लेकर सिकन्दरा से राजपुर आ रहा था। पैलावर गांव के सामने वह आटो से सवारी उतारकर आटो में बैठा ही था कि भोगनीपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्राला ने आटो को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर यातायात बहाल कराया। राजपुर थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक घायल

**रसूलाबाद।** असालतगंज निवासी चंद्र प्रकाश (38) पुत्र बाबूलाल व दलवीर (30) पुत्र राकेश बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गिरकर घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस उन्हें सीएचसी रसूलाबाद ले गई। जहां डॉक्टर बृजेश कुमार ने उनकी गंभीर दशा के चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के उपरांत हैलट कानपुर रेफर किया है।

### सीता हरण की लीला का किया मंचन

**मंगलपुर।** क्षेत्र के चंदकुरा स्थित श्री सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में चल रही दो दिवसीय रामलीला में पहले दिन सीता हरण व राम विलाप का मंचन किया गया। भगवान राम के विलाप को देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। शनिवार की रात मंचन में सीता हरण व रामविलाप का मंचन किया गया ,जिसमें दर्शाया गया कि सोने का मृग देख सीता जी ने उसे पाने की जिद की। भगवान राम ने मृग का पीछा किया। मायावी मृग भगवान राम को जंगल की ओर ले जाता है। हाय लक्ष्मण, हाय लक्ष्मण की आवाज सुनकर सीताजी परेशान हुईं तो उन्होंने मदद के लिए लक्ष्मण को भेजा। लक्ष्मण कुटी के चारों ओर रेखा खीच देते है व माता सीता को उसके पार न जाने के लिए कहते है। लेकिन ब्राह्मण के भेष में पहुंचे रावण ने सीता को रेखा के बाहर आकर भिक्षा देने के लिए कहा। सीता के बाहर आते ही रावण ने माता सीता का हरण कर लिया। राम, लक्ष्मण माता सीता को विलाप करते हुए खोज रहे है भगवान राम के करुण क्रंदन को देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### फोटो व कपड़ों से हुई शव की शिनाख्त

**कानपुर देहात।** बीती रात दिल्ली-हावड़ा रेलवे रूट पर अप लाइन पर अक्षय वट आश्रम के सामने एक वृद्ध की कटकर मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने सुबह पुलिस चौकी झींझक पहुंचकर फोटो व कपड़ों से पहचान कर ली। बताया कि थाना रसूलाबाद क्षेत्र के ग्राम उरी निवासी हरिराम (60)की बीती रात मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई थी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पुलिस चौकी झींझक के सब इंस्पेक्टर उजागर लाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर परीक्षण हेतु भेज दिया है। बाबा के गायब होने की सूचना पर मृतक के नाती रोहित ने पुलिस चौकी झींझक पहुंचकर अपने बाबा की फोटो व कपड़े देखकर शिनाख्त कर ली ।

# 50 करोड़ की लागत से होगा 15 किमी सड़क का चौड़ीकरण

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

**अमृत विचारः** स्टेट हाइवे 68 शिवली रसूलाबाद रोड दो लेन से उच्चीकृत कर थ्रीलेन करने का काम शुरू हो गया है। क्षेत्र की पंद्रह किलोमीटर सड़क को तीन मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसके बाद रोड दस मीटर चौड़ा हो जाएगा। जिसको बनाने में करीब 50 करोड़ का खर्चा आएगा। बजट शासन ने पहले ही स्वीकृत कर दिया था। अब दोनों तरफ डेढ़ डेढ़ मीटर रोड चौड़ा किया जाएगा।

स्टेट हाइवे 68 चौबेपुर से रसूलाबाद करीब 46 किलोमीटर लंबा है। 14 किलोमीटर का हिस्सा कानपुर नगर में पड़ता है। वहां सड़क चौड़ीकरण का काम पहले से ही हो रहा है। शिवली से रसूलाबाद तक करीब 32 किलोमीटर हिस्सा कानपुर देहात में पड़ता है। वर्तमान में सड़क सात मीटर चौड़ी है। चौड़ाई बढ़ने पर सड़क 10 मीटर चौड़ी हो जाएगी। पांडव नदी शिवली से बन्नापुर बंबा तक पंद्रह किलोमीटर सड़क तीन मीटर और चौड़ी होगी। सड़क चौड़ी होने से वाहनों की गति और तेज हो जाएगी। इस सड़क से कानपुर,लखनऊ,दिल्ली,औरेया,बिधूना,माती सहित अन्य जगहों के लिए वाहन चलते है। बन्नापुर बंबा तक पंद्रह किलोमीटर सड़क तीन मीटर चौड़ी होगी। जिसमें चार किलोमीटर पांडव नदी से भेवान तक चार किलोटर अकबरपुर रनियां विधान सभा में पड़ता है। जब कि 11 किलोमीटर का हिस्सा रसूलाबाद विधान सभा में पड़ता है। दूसरी तरफ, कल्यानपुर शिवली रोड पर कई जगह गड्ढे हो जाने से रोड पर चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कई जिलों के लोग प्रतिदिन इस सड़क से कानपुर के लिए आवागमन करते है। 17 किलोमीटर सड़क के 13 किलोमीटर हिस्से का नवीनीकरण कराया जा रहा है। चार करोड़ छप्पन लाख रुपए की लागत से सड़क की ऊपरी परत डाली जाएगी।



बन्नापुर गांव के पास चौड़ीकरण का काम होता हुआ। अमृत विचार

### सुजानपुर से त्यागी बाबा आश्रम तक डामर रोड

**शिवली।** सुजानपुर गांव से त्यागी बाबा आश्रम आने जाने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कच्ची सड़क को 1 करोड़ 24 लाख से डामरीकृत किया जाएगा। दो किमी सड़क को काफी समय से लोग पक्का बनवाने की मांग कर रहे थे। लोक निर्माण खंड-1 के जेई सत्येंद्र शुक्ला ने बताया कि चौबेपुर बेला रोड स्टेट हाइवे 68 के 15 किमी सड़क को 7 मीटर से 10 मीटर किया जा रहा है।

# बढ़ती तपिश और हीट वेव को देखते हुए जारी हुई एडवाइजरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** बढ़ती गर्मी और तपिश ने आम जनजीवन पर ब्रेक लगाना कर दिया है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। रविवार को एडीएम अमित कुमार ने लू एडवाइजरी जारी की।

एडवायजरी में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का हवाला दिया गया। इसके अनुसार, गर्मी से बचने के लिए शरीर को पूरी तरह ढककर रखना अनिवार्य है। बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और गमछा, चश्मा, छाता व टोपी का प्रयोग जरूर करें। शरीर में पानी की कमी न होने दें; इसके लिए नींबू पानी, शिकंजी, ओआरएस और नारियल पानी का नियमित सेवन करते रहें। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ख्याल रखें और पालतू जानवरों को हमेशा छायादार स्थान पर बांधें। प्रशासन ने विशेष रूप से सलाह दी है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच, जब धूप सबसे तीखी होती है, बाहर निकलने से बचें।

खान-पान में भी सावधानी बरतें; बासी भोजन और अत्यधिक प्रोटीन युक्त खाने से परहेज करें। साथ ही शराब, चाय, कॉफी और सॉफ्ट ड्रिंक्स का सेवन कम से कम करें, क्योंकि ये शरीर को डिहाइड्रेट कर सकते हैं।

# मां से झगड़ाकर बोरिंग मिस्त्री ने की खुदकुशी

## गजनेर थाना क्षेत्र के गांव लोदीपुर की घटना, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** गजनेर थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव में रहने वाले एक बोरिंग मिस्त्री ने बीती रात घर के अंदर कमरें में छत के कुंडे में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



कुलदीप का फाइल फोटो।

लोदीपुर गांव निवासी कुलदीप उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र केशराम हैंडपंप की बोरिंग का काम करता था। बताया गया कि वो शराब का लती था और हर शाम शराब के नशे में घर पहुंचता था और घरवालों से लड़ाई झगड़ा करता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। बताया गया कि शनिवार की शाम को भी वो नशे की हालत में घर पहुंचा और किसी बात को लेकर मां केशकली से झगड़ गया और कुछ देर बाद अपने घर में सोने चला गया। सुबह भाई वेदप्रकाश ने कमरें में झांका तो वो फांसी पर लटका हुआ था।

घटना के बाद घर में रोना पिटना मच गया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज पामा शोभित कटियार घटनास्थल पर पहुंचे और शव नीचे उतारकर पीएम के लिए भिजवाया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, आत्महत्या के पीछे की कोई वजह साफ नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



घटना के बाद गमगीन बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**कानपुर देहात।** मंगलपुर थाना क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी झींझक पहुंचाया। दोनों की हालत चिंताजनक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना मंगलपुर क्षेत्र के ग्राम परहौली निवासी हृदय नारायण वर्मा का पुत्र शिवम (24) भतीजे शिवम को मोटर साइकिल पर बैठा कर मंगलपुर कस्बे से दोपहर करीब 1 बजे गांव जा रहा था। परहौली मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। इससे दोनों गंभीर घायल हो गए। हादसे में थाना क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद निवासी सुनील कुमार के पुत्र मोहित (40) भी घायल हुआ। पुलिस ने सूचना मिलने पर तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को एंबुलेंस सीएचसी पहुंचाया। मोहित के सिर में गंभीर चोटे आने के कारण अस्पताल के चिकित्सक ने तत्काल उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद शिवम (24) को भी गंभीर चोटें आने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# भाकियू ने ज्ञापन सौंप कहा, किसानों पर दर्ज हो रहे फर्जी मुकदमे, जांच हो

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** इटैली झील के ठेकेदार द्वारा राजस्व जमा न करने, किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज करने, कब्जे की जांच कर मुकदमे वापस लेने, संजय नगर निवासी भू-माफिया द्वारा किसानों को धमकी देने, लहरापुर रोड स्थित सियारीनाला के पास अवैध खनन की जांच जैसी समस्याओं के समाधान को लेकर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट द्वारा तहसील में एक पंचायत बैठक आयोजन कर 8 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विपिन तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में भू-माफियाओं का बोलबाला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों के साथ न्याय नहीं हुआ, तो संगठन एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। जबकि कानपुर नगर अध्यक्ष अनंत अवस्थी ने बताया कि सरकार की जीरो टालरेंस नीति के बावजूद किसान परेशान है और छोटे किसानों पर कार्रवाई होती है जबकि बड़े खनन माफियाओं पर अधिकारियों की उदासीनता के चलते कार्यवाही नहीं हो पाती है। इस पंचायत बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल और तहसील अध्यक्ष पीयूष निकेतन कठेरिया ने की। पंचायत में किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में नायब तहसीलदार दिए गए ज्ञापन में खेड़ा कुर्सी निवासियों द्वारा जिला अध्यक्ष को फोन पर धमकी देने के ठेकेदार द्वारा राजस्व जमा न करने और किसानों पर फर्जी मदद करने लहरापुर रोड स्थित सियारी नाला के पास अवैध खनन की जांच कराने जैसी समस्याओं को प्रमुख रूप से उठाकर उनके समाधान की मांग की गई।

जिला अध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया है। बैठक में प्रदीप तिवारी, मोहम्मद हनीफ, प्रचार मंत्री रमेश लोधी, रामकृपाल, राजेश कठेरिया, कृष्णपाल, कमलेश कुमार, अजीत यादव सहित कई किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे।



नायब तहसीलदार को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। अमृत विचार

# निकासी नहीं होने से घरों की दहलीज पर भरा गंदा पानी

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां नगर पंचायत क्षेत्र के संत कबीर नगर वार्ड तथा शिवपुरी वार्ड में जल निकासी न होने से बदबूदार, गंदा पानी घरों के बाहर भरा हुआ है। पानी से उठती दुर्गंध से जीना दूभर हो गया है और मच्छरों से लोग बीमार पड़ रहे हैं। ईओ फोन तक रिसीव करने से परहेज करते हैं।

रनियां-मैथा मार्ग पर सड़क के एक ओर शिवपुरी वार्ड है तो दूसरी ओर संत कबीर नगर वार्ड। शिवपुरी वार्ड में जल निकासी का नाला आधा अधूरा बना छोड़कर ठेकेदार गायब हो गया। जबकि संत कबीर नगर वार्ड में नाला अभी बना ही नहीं है। घरों से निकलने वाला पानी यहां पिछले दो महीने से घरों के बाहर ही भरा हुआ है।

रामचन्द्र विश्वकर्मा, सोनू शुक्ला, कमलेश, उमाकांत, अवधेश, बबोल शर्मा, बबलू पाठक, टिंकू, छोटा, लालू, महेंद्र, उमाशंकर आदि लोगों ने बताया कि दो महीने में दो बार नगर पंचायत कार्यालय में समस्या निदान के लिए पत्र दिया गया। लेकिन आजतक समस्या का समाधान नहीं हुआ।



घर के बाहर जमा गंदे पानी की समस्या बताते इलाकाई लोग। अमृत विचार

# टैक्स से संबंधित नियमों को लेकर चलाएंगे जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** टैक्स बार एसो. के अध्यक्ष संतोष कुमार सक्सेना ने कहा कि अलग-अलग विभागों और दफ्तरों में वार्ता कर अधिवक्ताओं के लंबित मामलों में तेजी लाने की कोशिश की जाएगी। जल्द निपटने योग्य मामलों को सामंजस्य बनाकर हर हाल में मियाद भीतर निस्तारित कराया जाएगा।

जिले में पहली बार टैक्स बार एसोसिएशन का गठन हुआ है। इसमें करीब 40 सदस्य हैं। बीते दिवस हुए सांगठनिक निर्वाचन में सभी ने एक राय होकर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार सक्सेना को अध्यक्ष चुना। टैक्स बार का पहला अध्यक्ष बनने के बाद सक्सेना के स्वागत का सिलसिला प्रारंभ हुआ है। रविवार को अकबरपुर और पुखरायां में उनका स्वागत हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, व्यापारी और समाज सेवी शामिल हुए। लोगों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किए।

अकबरपुर के एक होटल में वरिष्ठ समाज सेवी मनोज कुमार निगम और सर्वेश कुमार कौशल ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें अध्यक्ष के साथ-साथ टैक्स बार के महामंत्री कमल सिंह भी पहुंचे। सभी ने दोनों पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया। संक्षिप्त संबोधन में संतोष कुमार सक्सेना ने कहा कि टैक्सेज प्रैक्टिस से जुड़े अधिवक्ताओं के हितों के लिए संगठन बना है। जल्द इसका रजिस्ट्रेशन कराएंगे। जिले में तहसील स्तर तक इसका विस्तार करेंगे। उन्होंने बताया कि अलग-अलग विभागों और कार्यालयों में लंबित कार्य त्वरित गति से निस्तारित कराना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में पुष्पा सक्सेना, वंदना निगम, संजय कौशल, महेश कौशल, सभासद जहान सिंह यादव, व्यापारी नेता महेश चंद्र अग्रवाल, चंदन गुप्ता, देवाशीष सक्सेना आदि रहे।



कार्यक्रम में पहुंचे अध्यक्ष और महामंत्री का स्वागत करते हुए। अमृत विचार

# मवेशी बांधने में इस्तेमाल हो रहे खराब पड़े वाटर कूलर

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत दया के मजरा परसाद पुर्वा में लगा वाटर कूलर पिछले काफी समय से खराब पड़ा है। गर्मी का सीजन जाने के कारण क्षेत्रीय ग्रामीण को ठंडे पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। परेशान ग्रामीण इस वाटर कूलर केबिन को अपनी भैंस बांधने में उपयोग कर रहे हैं।

परसाद पूर्वा में लगा वाटर कूलर पिछले काफी अरसे से खराब पड़ा हुआ है। वाटर कूलर खराब होने के कारण जहां इस वाटर कूलर के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को ठंडा पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है वहीं क्षेत्रीय निवासियों सुरेश सिंह, जगत सिंह, गंगाराम, कोमल सिंह आदि अनेकों ग्रामीण भी वाटर कूलर का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। वहीं कुछ लोग अब इसका उपयोग अपने मवेशी बांधने में कर रहे हैं। कुछ यही हाल दया ग्राम में ग्रामीणों के सुविधा के लिए लगवाए गए वाटर कूलर का भी है। मजे की बात तो यह है कि दया ग्राम में लगे वाटर कूलर के समीप वर्तमान प्रधान प्रवीण सिंह और पूर्व प्रधान राकेश सिंह के घर भी निकट हैं। इसके अतिरिक्त इन वाटर कूलर से गांव के वीरेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह, राम प्रकाश दुबे,उदयभान सिंह आदि को ठंडा पानी मुहैया होता है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। खराब वाटर कूलरों को जल्द ही सही करवा दिया जाएगा।



ग्राम दया के मजरा परसाद पूर्वा में खराब पड़े वाटर कूलर में बंधी भैंस ।

**जन आरोग्य मेला** | दो दर्जन से अधिक जरूरतमंदों के बने आयुष्मान कार्ड

# दो हजार लोगों की जांची सेहत, बांटी दवाएं

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** रविवार को जिले के 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन हुआ। एक शहरी और 29 ग्रामीण केंद्रों पर लगे मेलों में करीब दो हजार मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जरूरत की दवाएं भी निःशुल्क में लीं। अलग-अलग पीएचसी पर आयोजित मेलों में पांच दर्जन से अधिक डाक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में करीत तीन दर्जन पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड भी जारी किए गए।

सीएमओ ऑफिस से मिली जानकारी के अनुसार मेलों में 899 पुरुष, 792 महिलाएं और 240 बच्चे स्वास्थ्य परीक्षण को आए। कोविड हेल्प डेस्क पर 725 मरीजों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग की गई, हालांकि कोई भी संदिग्ध मरीज नहीं पाया गया। इसी दौरान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत 32 पात्र लाभार्थियों के 'गोल्डन कार्ड' (आयुष्मान कार्ड) भी मौके पर बनाए गए। बताया गया कि परीक्षण को आए मरीजों में मौसमी बीमारियों का असर दिखाई दिया। 157 मरीज बुखार के मिले, जिनमें से 59 की मलेरिया और आठ की डेंगू जांच कराई गई। राहत की बात यह रही कि सभी रिपोर्ट निगेटिव आईं।

इसके अलावा सर्दी-जुकाम के 103, पेट रोग के 164 और त्वचा रोग के सर्वाधिक 230 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। गैर-संचारी रोगों में 75 मरीज मधुमेह और 64 मरीज उच्च रक्तचाप के चिन्हित किए गए। नेत्र परीक्षण डेस्क पर 58 लोगों की आंखों की जांच हुई, जबकि 215 लोगों को तंबाकू और धूम्रपान छोड़ने का संकल्प दिलाया गया। जिले के आला अधिकारियों ने मेलों का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ एके सिंह ने डेरापुर क्षेत्र के बड़ागांव भिक्खी, बनीपारा और नोनारी केंद्रों का जायजा लिया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसएल वर्मा ने सरवनखेड़ा, रनियां और गुजराई का निरीक्षण किया। अन्य केंद्रों पर भी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और चिकित्सा अधीक्षकों ने पहुंचकर व्यवस्थाएं परखीं



मेले की व्यवस्था जांचने को बड़ागांव पीएचसी पहुंचे सीएमओ। अमृत विचार

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर होगा विप्र समागम

**कानपुर देहात।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर 19 अप्रैल को अकबरपुर में विप्र समागम और संत पूजन होगा। कार्यक्रम में रविवार को बैठक कर रूपरेखा तय की गई। रविवार को भार्गव परशुराम सेवा समिति की बैठक अकबरपुर इंटर कालेज में आयोजित की गई। भार्गव परशुराम सेवा सेवा समिति के अध्यक्ष ब्रह्म कुमार द्विवेदी ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 19 अप्रैल को अकबरपुर में विप्र समागम और संत पूजन होगा। इसमें जिले भर से पांच हजार लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में संत पूजन, भव्य झांकी, भजन, कथा व्यास व पुरोहितों का सम्मान, महाआरती और सांस्कृतिक आयोजन होंगे। बैठक में अवधेश त्रिपाठी, शिवशंकर शुक्ला, अजयकांत दीक्षित, कंचन मिश्रा, सूर्यकांत त्रिपाठी, मनोज त्रिवेदी रहे।

# आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले सेनानियों को किया याद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस सेवा दल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम रविवार को हुआ। इसमें बड़ी संख्या में सेवा दल के नेता-कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने ध्वज को प्रणाम किया। वक्ताओं ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड डेरापुर के ग्राम कमालपुर में हुआ। इसमें गांव के पूर्व प्रधान चंद्रपाल सिंह भदौरिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद जिला सेवा दल के अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला बीरे ने राष्ट्रगान करवाया। राष्ट्रगान संपन्न होने के बाद वीरेंद्र शुक्ला बीरे ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारी आन बान और शान के निशानी है। इस झंडे के लिए इस देश के वीर सपूतों ने बहुत बलिदान किए हैं, उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर इस देश की रक्षा की है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पीसीसी सदस्य दिलीप कुमार सिंह मुन्ना ने कहा कि आज देश विभाजन कारी शक्तियों से संघर्ष कर रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवी रमन मिश्रा, प्रदीप पालीवाल, एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक कुमार पांडे, महेश तिवारी, रघुनाथ सिंह भदौरिया, कन्हैया लाल तिवारी, उमेंद्र सिंह गौर, अरविंद पाल, रणविजय सिंह राजावत, उत्तम तिवारी आदि मौजूद थे।



ध्वज वंदन कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### युवक के लापता होने से परिजन परेशान

बिवांर (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी जगमोहन पुत्र बच्चा कुशवाहा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पुत्र अभिषेक दिल्ली में रहकर कंपनी में कार्य करता है। अपने साथी अंकित शैलेंद्र के साथ नोएडा में रहता है। बीते 13 फरवरी को बिना जानकारी दिए हुए दिल्ली चला गया था। वहां से 10 मार्च को एसआई की परीक्षा देने के लिए प्रयागराज गया। लेकिन वहां से वापस न आने पर उसके साथी अंकित ने फोन से परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने रिश्तेदारों में तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग रहा है। माता पिता ने उसके साथ अनहोनी घटना होने का शक जाहिर करते हुए थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि मामला बाहर का है, उसके माता पिता को नोएडा के थाने में तहरीर देने की सलाह दी है।

### एफडी किए गए रुपये न देने का आरोप

बिवांर (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी शिवदयाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव का जोलन पाण्डेय एफडी कराने का दबाव बनाता रहा है। एफडी के कराने का लालच देते हुए रुपये दोगुना हो जाने की बात को कहता रहा। विश्वास व लालच में आकर उसको 36 हजार रुपये दे दिए थे। आठ साल का समय बीत जाने पर उससे वापस रुपये मांगे तो नहीं दे रहा है। मांगने पर टालमटोल करता चला आ रहा है। रुपयों के मांगने पर देने से इनकार कर कंपनी के बंद होने की बात को कह रहा। उसने परेशान होकर थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसआई जगत नारायण ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चौथी बार घर से भागी पत्नी, पति ने लगाई खोजने की गुहार

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के एक मोहल्ले से 50 वर्षीय महिला चौथी बार घर से लापता हो गई है। महिला के पति ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस से पत्नी को खोजने की गुहार लगाई है। एक गांव निवासी सुरेश ने बताया कि उनकी पत्नी शनिवार को अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में बिना बताए घर से चली गईं। उन्होंने अपनी पत्नी की सभी संभावित स्थानों पर तलाश की। लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। सुरेश के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब उनकी पत्नी घर से लापता हुई हैं। उन्होंने बताया कि पत्नी इससे पहले भी तीन बार घर से भाग चुकी हैं। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया महिला की तलाश की जा रही है।

### निर्माणाधीन मकान में करंट से मजदूर झुलसा, हालत गंभीर

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा में रविवार को निर्माणाधीन मकान में काम करते समय एक मजदूर करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के अनुसार प्रेमजीत (35) पुत्र दीनदयाल गांव के ही सुरेन्द्र कुमार के मकान में छत डालने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान वह सरिया का जाल बांधते समय अचानक करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों व ग्रामीणों की मदद से घायल मजदूर को तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत भुगतान लंबित

सुमेरपुर (हमीरपुर)। रविवार को कौशल विकास केंद्र संचालक ने प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लंबित भुगतान का मुद्दा उठाया। प्रबंधक ने बताया कि जनपद सहित प्रदेश के सैकड़ों केंद्रों ने युवाओं को प्रशिक्षण दिया, लेकिन लंबे समय से भुगतान नहीं हुआ है। ब्रजेश मेमोरियल प्राइवेट आईटीआई के प्रबंधक नीरज गुप्ता ने कहा कि आर्थिक संकट के चलते किराया, और अन्य खर्च वहन करना कठिन हो गया है, जिससे कई केंद्र बंद होने की कगार पर हैं। इसके कारण नए प्रशिक्षण बैच भी शुरू नहीं हो पा रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं निकला। चार अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर पर महापड़ाव किया जाएगा।

# अगरबत्ती के गोदाम में लगी भीषण आग

## लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, तैयार माल व सामग्री जलकर हुई राख

संवाददाता, चौबेपुर



धू-धूकर जलता अगरबत्ती का गोदाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के तातियागंज गांव स्थित एक अगरबत्ती फैक्ट्री के गोदाम में रविवार रात बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई। लगभग दो घंटे की कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान गोदाम में रखा सारा माल जलकर राख हो गया। घटना में हुए नुकसान का सही आकलन नहीं हो सका।

बारादेवी, कानपुर नगर निवासी आदर्श दीक्षित की क्षेत्र के तातियागंज गांव में पचोर मार्ग पर ग्रीन एनर्जी के नाम से अगरबत्ती व इसका मसाला बनाने की फैक्ट्री है। बताया गया है कि रविवार रात करीब 8:30 बजे फैक्ट्री के गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। मौके पर मौजूद लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। तेजी से बढ़ रही आग से आसपास के लोगों में

- शार्ट सर्किट की वजह से हादसा भारी नुकसान की आशंका

दहशत फैल गई। आग पर काबू होते न देख घटना की जानकारी पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई। लगभग एक घंटे बाद मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस दौरान गोदाम में रखा सारा माल जलकर राख हो गया। पुलिस पड़ताल में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। बताया गया है कि वर्ष भर पहले भी इस फैक्ट्री में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने की घटना हो चुकी है।

प्रभारी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना में हुई क्षति के बाबत फैक्ट्री मालिक सही जानकारी नहीं दे सके हैं।

**उधारी के पैसों को लेकर गुमटी में आग लगाने का आरोपः घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के शाखाहारी गांव में उधारी के पैसों को लेकर विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने एक परचून की गुमटी में आग लगा दी और मारपीट भी की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव निवासी जितेंद्र कुटार इंग्लिश शराब ठेके के पास परचून की गुमटी और अंडे का ठेला लगाते हैं। पीड़ित जितेंद्र के अनुसार बीती रात उनके गांव के दिवाकर से उधारी के पैसों को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दिवाकर के बड़े भाई सुजीत पुत्र रामबाबू ने ठेले के पीछे रखी परचून की गुमटी में आग लगा दी। जितेंद्र ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना में गुमटी का सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित ने सजेती थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। सजेती थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि उन्हें शिकायत मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# रोहित सोनी 11को हराकर फाइनल में पहुंचा बाबा 11

**घाटमपुर।** घाटमपुर के जनता महाविद्यालय ग्राउंड में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट जीपीएल सीजन वन में रविवार को खेले गए एलिमिनेटर में रोहित सोनी इलेवन को हराकर बाबा इलेवन फाइनल में पहुंच गया। इस दौरान मैच का आनंद लेने के लिये सैकड़ों की तादाद में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

क्रिकेट टूर्नामेंट जीपीएल सीजन वन में रोहित सोनी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 139 रन बनाये। उनकी तरफ से रबादा ने 33 रन और राजा तिवारी ने 23 रनों का योगदान दिया। वहीं बाबा इलेवन की तरफ से आदित्य ने चार और रोहित ने 5 विकेट हासिल किये। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाबा इलेवन ने 18 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

बाबा इलेवन की तरफ से रवींद्र ने 47 रन और रितिक सचान ने 34 रन बनाए। वहीं रोहित सोनी इलेवन की तरफ से अजय राणा ने 4 विकेट और राजा तिवारी ने 2 विकेट लिये। बाबा इलेवन ने दो विकेट से जीत दर्ज की। इस मौके पर पिंटू परमार, शेरभान सिंह, प्रियम ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे। आयोजक भूप किशोर द्वारा बताया गया फाइनल मैच 31 मार्च को त्रिवेदी गारमेंट्स इलेवन और बाबा इलेवन के बीच 11 बजे से खेला जाएगा।



विजेता टीम को पुरस्कार देते आयोजक। अमृत विचार

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान तेज

संवाददाता, घाटमपुर


फार्मर रजिस्ट्री दिखाते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील के ग्राम निमिधा में प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा किसान रजिस्ट्री अभियान अब तेजी पकड़ता नजर आ रहा है। उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह के नेतृत्व में रविवार सुबह 8 बजे से शुरू हुए इस विशेष अभियान में कृषि विभाग और पंचायत टीम ने मिलकर सराहनीय कार्य किया।

अभियान के दौरान कृषि सहायक और पंचायत सहायक ने घर घर जाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व के बारे में जागरूक किया। टीम के प्रयासों का ही परिणाम रहा कि दोपहर तक 15 किसानों की सफलतापूर्वक रजिस्ट्री कराई जा चुकी थी। अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि किसान रजिस्ट्री से उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आय और सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान एक किसान यूनियन के नेता से भी संपर्क स्थापित किया गया और उन्हें प्रेरित किया गया कि वे गांव और आसपास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक किसानों को जागरूक कर एक ही दिन में 100 किसानों की रजिस्ट्री कराने में सहयोग करें।

प्रशासन का लक्ष्य है कि हर पात्र किसान का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। ग्रामीणों ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना की और अभियान में सहयोग का भरोसा दिया। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में इस तरह के विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्र में कृषि विकास को नई दिशा मिल सके।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**शिवराजपुर।** घर से ससुराल के लिए गए युवक का शव गांव के बाहर बबूल के पेड़ से लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के चिरंजीव पुरवा गांव निवासी सोनू गौतम उम्र 28 वर्ष पुत्र परशुराम अपनी ससुराल बाकरगंज गांव गया था। रविवार को दोपहर 12 बजे वह ससुराल से टकरौली गांव में अपनी बुआ के घर जाने के लिए निकला था। वह बुआ के घर नहीं पहुंच पाया उसके पहले ही कुकुरी गांव के बाहर बबूल के पेड़ से सोनू का शव फांसी के फंदे से लटका दिखाई पड़ा। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्र किए। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में दूधिया की मौत

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के देवीपुर सराय गांव से बाइक द्वारा कानपुर एक दूधिया दूध लेकर जा रहा था। सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी पर परिजनों ने उन्हें कानपुर के एक अस्पताल भर्ती कराया। वहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

शनिवार को दोपहर के समय देवीपुर सराय गांव निवासी अमित कुमार प्रतिदिन की तरह बाइक द्वारा दूध लेकर कानपुर जा रहे थे। शिवराजपुर के पहले ही बांका गांव के अंडरपास के ऊपर हाईवे पर पहुंचे थे। तभी किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर कर घायल हो गये। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची टोल प्लाजा की एंबुलेंस उन्हें शिवराजपुर के सीएचसी अस्पताल लेकर पहुंची और भर्ती कराया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार परिजनों ने उन्हें कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर देर शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि परिजनों से अभी तक तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं उसकी मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के पतारा चौकी अंतर्गत बरनाव मोड़ पर शनिवार सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल युवक ने हैलट अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार गांव मढ़ा निवासी विकास कुमार साहू (33) वर्ष बाइक से कहीं जा रहे थे। जैसे ही वह बरनाव मोड़ पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चौकी पतारा परिसर में खड़ा करा दिया। वहीं घायल को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पतारा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक, हैलट ले जाते समय रास्ते में ही विकास ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दी

**बिवांर (हमीरपुर)।** अज्ञात कारणों के चलते उमरी गांव में युवक ने दोपहर को कमरा में अंगौछा को धन्नी में बांधकर गले में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। उसको मृत पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।

थानाक्षेत्र के उमरी गांव निवासी दिनेश (22) पुत्र कामता प्रसाद प्रजापति के परिजन रविवार को खेत में खड़ी फसल की कटाई करने के लिए सुबह सपरिवार चले गए थे। घर में युवक अकेला था। तभी 11 बजे के करीब अज्ञात कारणों के चलते उसने कमरे में जाकर अपने अंगौछा को खपरैल की धन्नी में बांधकर गले में फांसी के फंदा बनाकर लटक कर आत्महत्या कर ली। मां उसको खाना देने के लिए खेत से वापस घर आई तो कमरे में देखा तो वह फांसी के फंदे में लटका मिला घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

# बचपन प्ले स्कूल में ग्रेजुएशन डे प्रोग्राम, बच्चों ने मचाया धमाल

संवाददाता, बिठूर



बच्चे को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बचपन प्ले स्कूल मंधना में ग्रेजुएशन डे - 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और सीखने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान यहां पर तमाम लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ जुबेर सरकार एमबीबीएस एमडी न्यूरोलॉजी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा ही जीवन की दिशा तय करती है। उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों को मंच अवसर और आत्मविश्वास प्रदान करने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहां शिक्षा के साथ मानसिक और सामाजिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है जो आज के समय की बड़ी आवश्यकता है। ग्रेजुएशन डे समारोह के दौरान नन्हें विद्यार्थियों ने शानदार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश किया। इस दौरान बच्चों का उत्साह और उमंग देखते ही बन रहा था। कैप एंड गाउन से सुसज्जित बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में विद्यालय के निदेशक अभिनव शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं बल्कि हर बच्चे की छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारना है। वहीं चेयरमैन अवधेश शर्मा ने विद्यालय की सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में और बेहतर शैक्षिक वातावरण देने का आश्वासन दिया। प्राचार्य अजय शर्मा ने भी विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा अनुशासन के बारे में बताया।

# पीएम के मन की बात सुनने को उमड़े भाजपाई

संवाददाता, बिल्हौर

- जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपाइयों से सुनी 'मन की बात'
- सेवा मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' का आयोजन रविवार को क्षेत्र के सेवा मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। उत्तरीपुरा मंडल अध्यक्ष अनुपम सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे। विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ने उपस्थित पदाधिकारियों और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सशक्त गैर-राजनीतिक मंच है। इसका मुख्य उद्देश्य शासन के महत्वपूर्ण मुद्दों, सामाजिक जागरूकता और देश की उपलब्धियों को सीधे आम नागरिकों तक पहुंचाना है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यह संवाद जनभागीदारी को बढ़ावा देने और युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री जेपी कटियार, जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह, मंडल अध्यक्ष अनुपम सिंह, विजय सिंह तोमर, कल्लू मिश्रा, केशव सिंह चौहान सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### एसआर पब्लिक स्कूल का शुभारंभ आज

**घाटमपुर।** घाटमपुर के कस्बा पतारा में एसआर पब्लिक स्कूल का उद्घाटन सोमवार को चेयरमैन विधान परिषद मानवेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उपेंद्र पासवान की उपस्थिति में किया जाएगा। विद्यालय के डायरेक्टर नीरज त्रिपाठी ने बताया कि यहा पर पतारा कस्बा एवं क्षेत्र के बच्चों को उच्च व आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा मिल सकेगी।

**सूचना**

**अनवर सुलेमान पुत्र मोहम्मद सुलेमान निवासी 101/249, कर्नल गंज, कानपुर नगर, उ0प्र0** 208001, मैं फर्म M/s SETPAL AUTO MOBILES, 37/17-A, The Mall, opp- Nishat Cinema Kanpur U.P. 208001 का साझीदार हूँ। फर्म का पंजीयन रजि0सं0 5085 पत्रावली सं0 K-11943 पर दिनांक 29.12.2016 में हुआ था। फर्म की भागीदारी डीड दिनांक 01.04.2015 के अनुसार फर्म में श्री दीपक सेतपाल व श्री अनवर सुलेमान साझीदार थे। फर्म की भागीदारी डीड दिनांक 28.03.2026 के अनुसार साझीदारी में श्री श्रेय जायसवाल पुत्र श्री रामू जायसवाल पता 13/382, परमठ, ग्वालटोली, कानपुर को दिनांक 07.03.2026 से शामिल किया गया है तथा पूर्व साझीदार श्री दीपक सेतपाल पुत्र खेम चंद सेतपाल पता 411/ए, यशराज रेसीडेंसी, 10/1, मनोरमागंज, इंदौर दिनांक 08.03.2026 से साझीदारी से स्व इच्छा से पृथक हो गये हैं। फर्म में अब श्री श्रेय जायसवाल व श्री अनवर सुलेमान साझीदार हैं।

आक्रोश

सपा नेत्री रचना सिंह गौतम ने ग्रामीणों संग किया विरोध प्रदर्शन

# मकनपुर-पिहानी मार्ग की बदहाली पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

संवाददाता, बिल्हौर


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास के सरकारी दावों और धरातल की कड़वी सच्चाई के बीच का अंतर एक बार फिर मकनपुर-पिहानी मार्ग पर देखने को मिला। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन इस सड़क के बनने की सुस्त रफ्तार और खराब गुणवत्ता को लेकर रविवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सपा नेत्री रचना सिंह गौतम के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान रचना सिंह गौतम ने तीखे तेवर अपनाते हुए कहा कि यह सड़क सरकारी फाइलों में तो 'विकास की गंगा' के रूप में दर्ज है, लेकिन असलियत में यहाँ सिर्फ 'भ्रष्टाचार का कीचड़' नजर आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के टैक्स के पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है और ग्रामीण नारकीय जीवन जीने

- 2025 तक सड़क निर्माण कार्य होना था पूरा
- अधूरी सड़क से परेशान हो रहे हैं ग्रामीण

को मजबूर हैं। जबकि इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण के अधिकारियो से सम्पर्क नहीं हो सका। वहीं ऐई सर्वेश गुप्ता का फ़ोन नहीं उठा।

उन्होंने बताया कि मकनपुर से पिहानी (खड़ामऊ मार्ग) तक कुल 4 किलोमीटर लंबी यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बन रही है। इसकी लागत लगभग 3 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2025 तक पूर्ण होना प्रस्तावित था, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर इसके समय पर पूरा होने के आसार नजर नहीं आ रहे। सड़क की हालत इतनी जर्जर है कि पैदल चलना भी दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि टूटी-फूटी सड़क के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं और बीमारों को अस्पताल ले जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से रजनीश रिंटू कटियार, शिव सिंह गौतम, रमेश गौतम और नन्हे सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### रतनपुर में 4 से होगी श्रीमद्भागवत कथा

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के रतनपुर गांव में 4 अप्रैल से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें भागवताचार्य पण्डित श्री श्याम जी शुक्ला जी महाराज अमृतमयी श्रीमद्भागवत कथा का रसपान भक्तों को कराएंगे तथा यजमान प्रताप नारायण तिवारी ने बताया कि 4 अप्रैल को गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ होगा तथा 11 अप्रैल को विशाल गया भोज भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें साधु, संत, समेत अनेक लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान तेज नारायण तिवारी, लखन तिवारी, कामेश तिवारी, नीरज तिवारी, करन तिवारी, कृष्णा तिवारी, सिया तिवारी आदि तैयारियों में लगे रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

इसरार अहमद सिद्दीकी से विवाहोपरांत मेरा नाम कौसर फातिमा से बदलकर कौसर इसरार हो गया है जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर भी अंकित है। कौसर फातिमा एवं कौसर इसरार दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे ही है। **कौसर इसरार निवासी- सी -2706, सेक्टर-6, सपना कॉलोनी, राजाजीपुरम लखनऊ, उ.प्र.।**

**सूचना**

मैं **फरा पुत्री मोहम्मद आलम मोहल्ला अफसरी, गुरसहायगंज कन्नौज (उत्तर प्रदेश)** की निवासिनी हूं। मेरी जन्म तिथि 15/07/1996 है। मैं बालिग हूं और मैं बिना किसी जोर जबरदस्ती के हिन्दू धर्म स्वीकार करती हूं और आजीवन इसका पालन करूंगी। मुझे आज के बाद हिन्दू धर्म में ही मुझे माना जाए। ताकि वक्त जरूरत काम आवे। यह कि मेरा नाम उपरोक्त ही रहेगा।

**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## सिटी ब्रीफ

### तस्कर बच्चा पर गैंगस्टर का मुकदमा

**कानपुर।** काकादेव पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सुशील कुमार उर्फ बच्चा पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस जल्द आरोपियों की संपत्ति चिन्हित कर जब्त करेगी। काकादेव थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि शास्त्रीनगर निवासी सुशील कुमार उर्फ बच्चा अपने साथियों के साथ मादक पदार्थों की तस्करी करता है। आरोपी के गैंग में राजकुमार शर्मा उर्फ बउवा लिण्डा शामिल है। आरोपियों ने गांजा समेत अन्य मादक पदार्थ बेचकर अवैध तरीके से धन अर्जित किया है। आरोपियों की इलाके में दहशत भी है। पूर्व में कई बार मादक पदार्थ बेचने में जेल जा चुके है। गैंग का लीडर सुशील कुमार उर्फ बच्चा है। आरोपियों पर उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### यहां नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** रावतपुर गांव, नवीन नगर एल ब्लाक, बनियापुरवा, पनकी मंदिर, स्वराज नगर व टेलीफोन एक्सचेंज में सोमवार को बिजली सुबह 10 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक नहीं रहेगी। इसके अलावा बिठूर, ईश्वरीगंज, बैकुंडपुर, लवकुश नगर, सुबेदार नगर, चुग्गी चौराहा, रामधाम में बिजली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और इसके बाद दोपहर दो बजे से शाम को चार बजे तक नहीं रहेगी। इधर, धरीपुरवा, बसंत विहार, यशोदा नगर व आसपास के क्षेत्र में बिजली सुबह 10 बजे से शाम को चार बजे तक गुल रहेगी।

### नृत्य व संगीत

**कानपुर।** बड़ा चौराहा मेट्रो स्टेशन में रविवार को एकांत की तलाश संस्था के सहयोग से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों से लेकर विभिन्न आयु वर्ग के कलाकारों ने अपनी मनमोहक नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। कलाकारों ने पुरानी और नई फिल्मों के गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। फिल्मी गीतों पर नन्हे कलाकारों की ऊर्जा से भरपूर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मनोज विश्नोई अध्यक्ष

**कानपुर।** किदवई नगर अग्रसेन भवन में भारत विकास परिषद का संस्कृति सप्ताह समापन समारोह व वार्षिक चुनाव 2026-27 का आयोजन हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से मनोज कुमार विश्नोई को अध्यक्ष, सचिव अरुण कुमार जय, कोषाध्यक्ष रवि गुप्ता व संयोजक व मीडिया प्रभारी विनोद कुमार को चुना गया। वहीं, आयोजित संस्कृति सप्ताह के कार्यक्रमों में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# कॉर्डियोलॉजी के बाहर मेडिकल स्टोरों पर चला बुलडोजर, हंगामा

## 10 से अधिक मेडिकल स्टोर व दुकानों पर हुई कार्रवाई, विरोध में हुई खूब नेतानगरी



दुकानों को बुलडोजर से तोड़ा गया। अमृत विचार



अवैध बनीं दुकानें भी गिराई गईं। अमृत विचार

**ध्वस्तीकरण**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कार्डियोलॉजी अस्पताल के बाहर वर्षों से एनएच पीडब्ल्यूडी की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर संचालित किए जा रहे मेडिकल स्टोरों पर बुलडोजर गरजा। कुछ दुकानदारों ने विरोध जताया और जनप्रतिनिधियों से फोन भी कराया, लेकिन प्रशासन की कार्रवाई नहीं रुकी।

कार्डियोलॉजी के बाहर कई वर्षों से एनएच पीडब्ल्यूडी की भूमि पर जीटी रोड किनारे अवैध रूप से कब्जा कर मेडिकल स्टोरों, दुकानों व होटलों का संचालन किया जा रहा था। एनएच पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार जयंत के पत्र का संज्ञान लेकर रविवार को एसडीएम डॉ.राजेश कुमार प्रशासनिक टीम, पुलिस टीम व अतिक्रमण दस्ते के साथ कार्डियोलॉजी संस्थान के बाहर पहुंचे। अधिकारियों ने स्टोर व दुकान संचालकों को सामान हटाने के लिए वक्त दिया। कुछ दुकानदार व स्टोर संचालक विरोध जताने लगे। पूर्व विधायक सतीश निगम भी पहुंचे लेकिन किसी की नहीं सुनी गई। अधिकारियों के निर्देश पर मेडिकल स्टोर व दुकानों को बुलडोजर से गिरा दिया गया। जायसवाल मेडिकल स्टोर के पास कोर्ट का स्टे होने की वजह से उसको गिराने से रोक दिया गया।

**जीटी रोड होनी है चौड़ी**

- एनएच पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार जयंत के मुताबिक वाहनों का लोड बढ़ने के कारण जीटी रोड को चौड़ा किया जाना है और इसे मॉडल रोड के रूप में भी विकसित करना है। अवैध दुकानदारों को नोटिस दी जा चुकी थी, लेकिन वह अतिक्रमण किए हुए थे। एनएच पीडब्ल्यूडी ने अपनी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए यह कार्यवाही की।

**40 वर्ष पहले शुरू हुआ था यहां पर दवाओं का व्यापार**

- फुटकर दवा व्यापार मंडल के महामंत्री प्रवीण बाजपेई के मुताबिक करीब 40 वर्ष पहले मेडिकल स्टोर संचालकों ने कार्डियोलॉजी के बाहर सड़क के काफी किनारे दुकानें स्थापित कर अपना व्यापार शुरू किया था। कार्डियोलाजी प्रशासन की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है।

## एयरपोर्ट पर वाईफाई सुविधा को अपडेट किया

**कानपुर।** रविवार को कानपुर एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए वाईफाई सुविधा को अपग्रेड किया गया। इसका वर्चुअल लोकार्पण केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री द्वारा गुजरात से किया गया।

कानपुर एयरपोर्ट पर पहले से ही वाईफाई सुविधा उपलब्ध है लेकिन नेटवर्क को और बेहतर बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री ने इसका वर्चुअल लोकार्पण की औपचारिकता निभाई। कानपुर एयरपोर्ट के निदेशक प्रदीप यादव द्वारा लाइव प्रसारण की व्यवस्था स्क्रीन के माध्यम से की गई थी।

अब कानपुर एयरपोर्ट पर विमान की प्रतीक्षा कर रहे यात्री नेट के माध्यम से जानकारी ले सकेंगे। कानपुर का आधुनिक नया टर्मिनल

**नवी मुंबई फ्लाइट पर यात्री भ्रमित :** इंडिगो एयरलाइंस की वेबसाइट पर 29 मार्च 2026 से कानपुर से दिल्ली होते हुए दोपहर 12.30 बजे नवी मुंबई के लिए फ्लाइट शुरू करने की जानकारी दी गई थी लेकिन यात्रियों ने जब अपना टिकट बुक कराने की कोशिश की तो पता चला कि फ्लाइट का अता पता नहीं है। इस संबंध में कानपुर एयरपोर्ट के निदेशक प्रदीप यादव का कहना है कि नवी मुंबई की फ्लाइट अभी नहीं चलेगी। जेवर एयरपोर्ट के लिए मई में उड़ान शुरू की जाएगी क्योंकि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा व अन्य सुविधाएं पूरा होने में लगभग 40 दिनों का समय लगेगा।

# सीएसजेएमयू : पीजी करके वास्तुशास्त्री बनने का मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दीन दयाल शोध केंद्र में संचालित हो रहा है कोर्स
- स्नातक में 45% वाला किसी भी उम्र का व्यक्ति ले सकता है प्रवेश

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के दीन दयाल शोध केंद्र में अप्रैल से प्रवेश शुरू होगे। केंद्र में संचालित पीजी डिप्लोमा इन वस्तुशास्त्र की खास बात यह है कि इसमें थ्योरी के साथ-साथ क्षेत्र में व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। दीन दयाल शोध केंद्र के निदेशक प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि शोध केंद्र में भारतीय प्राच्य विद्या को बढ़ावा देने के लिये एमए ज्योतिर्विज्ञान, पीजी डिप्लोमा इन वास्तुशास्त्र व कर्मकांड में डिप्लोमा के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

शोध केंद्र के सहायक निदेशक डॉ दिवाकर अवस्थी ने बताया कि एमए ज्योतिर्विज्ञान का कोर्स करने वाले विद्यार्थी सीखने के बाद अपना परामर्श केंद्र खोलकर रोजगार पा सकते हैं जबकि कमर्काण्ड से डिप्लोमा करने वाले विद्यार्थी



पुरोहित बनकर स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं। वहीं पीजी डिप्लोमा इन वास्तुशास्त्र की पढ़ाई करने वाले अच्छे वस्तुशास्त्री बनकर अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं।

**एम.ए. ज्योतिर्विज्ञान**
कुल सीट - 50
फीस- 10,200
अवधि- 2 वर्ष, 4 सेमेस्टर
अहर्ता- किसी भी विषय स्नातक 45% अंक

**पीजी डिप्लोमा इन वास्तुशास्त्र**
कुल सीट - 30
फीस- 11,200
अवधि- 1 वर्ष, 2 सेमेस्टर
अहर्ता- किसी भी विषय स्नातक 45% अंक

**पीजी डिप्लोमा इन कर्मकांड**
कुल सीट - 50
फीस- 9,200
अवधि- 1 वर्ष, 2 सेमेस्टर
अहर्ता- इंटरमीडिएट पास 45 फीसदी अंक

# शार्ट सर्किट से ट्रांसपोर्ट गोदाम में लगी आग, माल हुआ खाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा इलाके में रविवार दोपहर ट्रांसपोर्ट गोदाम में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। जिससे गोदाम में रखा माल जलकर राख हो गया। दमकल गाड़ियों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया।

श्यामनगर निवासी सौरभ पांडेय का ट्रांसपोर्ट नगर में कोलकाता एक्सप्रेस ट्रांसपोर्ट सर्विस के नाम से गोदाम uw। यहां दोपहर के समय ट्रकों में माल लोड किया जा रहा था। इसी दौरान बिजली के बोर्ड में अचानक शार्ट सर्किट हुआ और चिंगारी से समीप में रखी प्लास्टिक बोरियों में आग लग गई। कुछ ही देर में आग भड़क गई और पूरा गोदाम जलने लगा। आसपास रखा सामान भी चपेट में आ गया। लोगों ने फायर सिलिंडरों से आग बुझाने का प्रयास किया। नौ सिलिंडर का प्रयोग करने के बाद भी आग पर काबू में नहीं पााय जा सका। हालात बिगड़ते देख यूपी 112 व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर गोदाम में रखा पूरा माल जल गया। हालांकि नुकसान का आकलन नहीं हो सका है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगना प्रतीत हो रहा है।



आग बुझाने के बाद जला माल देखता दमकल कर्मी। अमृत विचार

# सीसामऊ बाजार के रेडीमेड शो रूम में भीषण आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ बाजार में एक रेडीमेड गारमेंट्स शो रूम में भीषण आग लगी जिससे अफरातफरी मच गयी। इसी शो रूम के ऊपर रह रहे पिता पुत्र का परिवार बाल बाल बच गया जिन्हें क्षेत्रीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

सीसामऊ बाजार स्थित राधा मोहन मार्केट में नवीन ककुरेजा का दीप गारमेंट्स के नाम से शो रूम है। रविवार को दोपहर लगभग 12.45 बजे शो रुम में लगे बिजली मीटर में शार्ट सर्किट के कारण भीषण आग लगी। घटना के समय मार्केट के स्वामी संजय पांडेय का परिवार तीसरी मंजिल पर था जबकि दूसरी मंजिल पर उनके बेटे अमन पांडेय का परिवार मौजूद था। घटना होते ही इमारत में धुआं भर गया जिससे पिता पुत्र परिवार के 8 लोग फंस गये जिससे चीख पुकार मच गई। मार्केट के अंदर लोग अपने दुकान से रेडीमेड व अन्य सामग्री निकालने लगे। संजय पांडेय ने बताया कि उनका हटिया में अपना कोराबार है। घटना होते ही क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से परिवार को किसी तरह बाहर निकाला। कर्नलगंज फायर स्टेशन से अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा की अगुवाई में दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया लेकिन गारमेंट्स शो रूम पूरी तरह जलकर खाक हो गया।



धू-धूकर जलता शोरूम। अमृत विचार



शोरूम में सारा माल बरबाद हो गया। अमृत विचार

- बहुमंजिली इमारत में मार्केट स्वामी का परिवार फंसा
- ऊपरी मंजिल पर फंसे 8 लोगों को बचाया गया

**पुलिस के सामने गाली गलौज, झड़प :** मार्केट के स्वामी संजय पांडेय का कहना है कि दीप गारमेंट्स में कोई अग्निशमन यंत्र नहीं था। शो रूम के बिजली मीटर में शार्ट सर्किट से आग लगी। संजय पांडेय का आरोप है कि शो रूम में कोई अग्निशमन यंत्र नहीं था जिससे आग ने इतना विकराल रूप ले लिया। उनका कहना है कि उनका बच्चा झुलस गया। मौके पर पहुंची सीसामऊ थाना की पुलिस के सामने ही मार्केट स्वामी संजय पांडेय एवं दीप गारमेंट्स के दुकानदार नवीन कुकरेजा और उनके परिवार से झड़प हो गई। दोनों के बीच पुलिस की मौजूदगी में गाली गलौज हुई और जब पुलिस ने रोका तो पुलिस से भी झड़प हुई।

**पूर्व विधायक इरफान सोलंकी भी पहुंचे**

- घटना की जानकारी होते ही सीसामऊ के पूर्व विधायक हाजी इरफान सोलंकी राधा मोहन मार्केट पहुंचे और पीड़ितों से मुलाकात की। पी रोड व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेश मेघानी भी मौके पर पहुंचे और कहा कि बाजार में आग से बचाव के इंतजाम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी मार्केट में कोई आग से बचाव की व्यवस्था नहीं है।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



**समारोह** | तीन दिवसीय उद्यमिता महोत्सव में युवा सम्मानित किए गए

# युवाओं को उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसए विवि में चल रहे तीन दिवसीय उद्यमिता कॉन्क्लेव में 25 सौ युवा उद्यम लगाने के लिए प्रेरित हुए। यह युवा एमएसएमई सेक्टर से जुड़ाव का रुझान दिखाया है। उधर कार्यक्रम के अंतिम दिन 29 उद्यमियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बेहतर आईडिया लाने वाले युवाओं को भी पुरस्कृत किया गया।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सचान ने पुरस्कार वितरण समारोह की शुरुआत की। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के विजयेंद्र पांडियन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तीन दिवसीय कॉन्क्लेव शो में 150 से अधिक स्टॉल लगाकर विभिन्न उन्नत तकनीकियों का प्रदर्शन किया गया है। जिसमें 25 सौ से अधिक युवा उद्योग लगाने के लिए प्रेरित हुए। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं से लोगों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है, सबको आगे बढ़कर अवसर मिल रहे हैं।समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के 20 पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया। जिनमें तीन छात्रों को मंच पर बुलाकर सम्मान प्रदान किया गया।



युवाओं को पुरस्कृत करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

**40 शिल्पकारों को पुरस्कृत किया:** राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार के तहत 40 शिल्पकारों को उनकी कलाकृतियों के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त टेक्सटाइल पॉलिसी के पांच, तकनीकी उन्नयन योजना के बीस, पिच टैंक टॉप के तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इनमें शशांक मिश्रा आईआईटी कानपुर को आईटी सेक्टर में पहला पुरस्कार हासिल हुआ। दूसरा पुरस्कार अनिमेश शुक्ला एचबीटीयु में हेल्थ केयर सेक्टर में दूसरा स्थान व तीसरा स्थान युसरा रागिया फातिमा सीएसजेएमयू तीसरा पुरस्कार हासिल हुआ। एमएसएमई प्रादेशिक पुरस्कार में 29 उद्यमियों को पुरस्कृत किया गया है। इस दौरान डॉ कौशल कुमार अधिष्ठाता कृषि संकाय, रोहित आनंद अपर आयुक्त उद्योग, निदेशक प्रसार डॉ वीके त्रिपाठी, कुलसचिव रेनू सिंह एवं नसीम अख्तर सहित अन्य मौजूद रहे।

# खोदाई करते फटी पीएनजी पाइप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएम ग्रिड के तहत सड़क निर्माण के लिए बुलडोजर से की जा रही खोदाई के दौरान गुलाबी बिल्डिंग के पास हाई प्रेशर सीयूजीएल की पीएनजी लाइन फट गई, जिसकी वजह से गैस के तेज रिसाव और दबाव की आवाज सुनते ही आसपास क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने सूचना सीयूजीएल के कंट्रोल पर रूम पर दी। मौके पर पहुंची टीम ने करीब तीन घंटे तक मरम्मत की, जिसके बाद सैकड़ों घरों में रसोई गैस की आपूर्ति बहाल हो सकी।

नगर निगम द्वारा सीएम ग्रिड योजना के तहत बर्रा बाईपास से लेकर ठाकुर चौराहा के आगे तक सड़क निर्माण किया जाना है, जिसके लिए नाली खोदाई का कार्य गुलाबी बिल्डिंग के पास किया जा रहा है। रविवार को बुलडोजर से खुदाई के दौरान उसका पंजा जमीन के नीचे दबी सीयूजीएल की मुख्य पाइपलाइन से टकरा गया। हाईपेशर पाइपलाइन फटते ही गैस का तेज फव्वारा और आवाज निकलने लगी, जिससे आसपास के निवासी काफी दहशत में आ गए। इसकी वजह से सैकड़ों घरों तक जाने वाली पीएनजी लाइन की आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने मामले की सूचना नगर निगम और सीयूजीएल के कंट्रोल रूम में मामले की सूचना दी। पहुंची टीम ने लाइन में पीछे से वाल्व बंद किया, जिससे आपूर्ति पूरी तरह से रुक गई। सीयूजीएल का आपातकालीन वाहन तकनीकी टीम के साथ मौके पर पहुंचा। टीम ने लीकेज वाले हिस्से को दुरुस्त किया और पाइपलाइन की मरम्मत की। करीब तीन घंटे चले मरम्मत कार्य के बाद आपूर्ति बहाल की गई। सीयूजीएल के वरिष्ठ प्रबंधक माही खान के मुताबिक करीब डेढ़ घंटे तक लाइन से जुड़े करीब 50 घरों की सप्लाई प्रभावित हुई थी।



गुलाबी बिल्डिंग के पास लीकेज की मरम्मत की गई। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### बिल्डर हाजी वसी समेत चार पर रिपोर्ट

**कानपुर।** चमनगंज में भूमि विवाद में एक विद्यालय की प्रधानाचार्या ने बिल्डर हाजी वसी व उसके समधी समेत चार के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चमनगंज निवासी एक विद्यालय की प्रधानाचार्या ने दी तहरीर के अनुसार स्कूल के पास उनकी जमीन है। उस जमीन पर बिल्डर हाजी वसी, उनके समधी आसिफुर रहमान खान, उजैफा खान व सावेज कब्जा कर रहे थे। विरोध पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। साथ ही गलत इरादे से छुआ। चमनगंज थाना प्रभारी संजय राय ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी असिफुर रहमान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### युवक की मौत में दो माह बाद मुकदमा

**कानपुर।** चकेरी के सनिगवां में जनवरी माह में युवक की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। कमरे में शव मिला था। युवक की मां ने बेटे के साथ लिवइन में रह रही उसकी प्रेमिका पर आरोप लगाया था। सुनवाई न होने पर पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई थी। उनके आदेश पर प्रेमिका के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज हुआ है। चंद्रनगरी निवासी सुशीला देवी के अनुसार उनका बेटा सत्येंद्र सिंह चौहान उनके साथ रहता था। डेढ़ साल पहले उसकी पत्नी की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। करीब छह माह पहले सत्येंद्र मोबाइल के जरिए एक महिला के संपर्क में आया। जो पहले से शादीशुदा थी। पीड़िता का आरोप है कि उक्त महिला उमा ने उनके बेटे को प्रेमजाल में फंसाया। इसके बाद उससे रुपयें ऐंठकर अपने शौक को पूरा करने लगी। उमा बेटे के साथ उनके घर में ही रहने लगी थी। जिसका उन्होंने विरोध किया था। उन्होंने बताया कि बीती 18 जनवरी को उनके बेटे की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। उसका शव घर के कमरे में ही मिला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। साथ ही उन्होंने बेटे की प्रेमिका पर आरोप लगाया था। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया था। वह लगातार चौकी व थाने के चक्कर लगाती रहीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर प्रेमिका के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### चाकू के हमले में घायल युवक की हालत गंभीर

**कानपुर।** चकेरी के अहिरवां में बीते शुक्रवार रंजिश में आरोपियों ने युवक को पीटकर चाकू से हमलाकर घायल किया था। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। वहीं, घायल युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी है। अहिरवां के गंगाविहार निवासी सुनील कठेरिया पर बीते शुक्रवार रंजिशन आरोपियों ने बुलाकर हमला किया था। शरीर पर चाकू से कई वार किए थे। घायल को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक की हालत गंभीर बनी है। पुलिस ने घायल सुनील के भाई दीपू की तहरीर पर आरोपी रॉकी, दद्दू और रवी के खिलाफ जानलेवा हथियार से वार करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए टीम लगी है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### हटिया बाजार में दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरी

**कानपुर।** हटिया बाजार में चोर ताऊ-भतीजा की दुकानों के ताले तोड़कर नकदी व माल समेट ले गए। रविवार सुबह आसपास के लोगों ने जब ताले टूटे देखे तो दुकानदारों को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने जांच की। हटिया बाजार में मोंटी अग्रवाल की किराने की दुकान है। उनकी दुकान के बगल में ही मोंटी के ताऊ अनिल अग्रवाल की भी किराने की दुकान है। मोंटी ने बताया कि रविवार सुबह आसपास के लोगों ने दुकान का ताला टूटा देखा तो उन्हें चोरी की खबर दी। इस पर वह पहुंच गए। चोरों ने उनके साथ ताऊ की दुकान को भी निशाना बनाया था। दोनों दुकानों के ताले तोड़कर सामान व नकदी समेत करीब एक लाख रुपये का माल चोर ले गए हैं। खबर पाकर पहुंचे मूलगंज थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने जांच-पड़ताल की। उन्होंने बताया कि आसपास के घरों व प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कई संदिग्ध दिखे हैं। जिनके हुलिया के आधार पर उनकी पहचान कराई जा रही है।

# तंबाकू, पान और गुटखा का गढ़ बन गया कानपुर : कोविंद

## कैंट में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर तंबाकू, पान व गुटखे का गढ़ बन गया है, जिसका नुकसान न सिर्फ खुद को, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी होगा। इसका असर न सिर्फ मानव शरीर को, बल्कि प्रकृति को भी हो रहा है। प्रकृति का अपना एक खास नियम है, जिसको समझना हम सब की जिम्मेदारी है। क्योंकि प्रकृति को जो हम देते हैं, उसका कई गुना हमे वह देती है। अगर सही चीजे देंगे तो उसका फल अच्छा होग और यदि यदि गलत चीज देंगे तो नुकसान उठाना पड़ेगा। यह बात रविवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कही।

कानपुर क्लब कैंट में रविवार को पारस हॉस्पिटल और आरदेवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शामिल हुए। कानपुर क्लब के चेयरमैन राघवेंद्र चंद्र सेठ ने पूर्व राष्ट्रपति को क्लब की सदस्यता दिलाई। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहना हम सबका दायित्व है। हमे अपनी लाइफस्टाइल में सुधार करना चाहिए, ताकि डॉक्टर के पास जाना ही न पड़े।

खाद्य पदार्थों में मिलावट के कारण भी परेशानियां बढ़ रही है। पान, तंबाकू व गुटखा की वजह से आने वाले समय में लोगों को कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। सबसे अच्छा उपाय है कि हमें प्रकृति के अनुसार जीना सीखना चाहिए। इस तरह के शिविरों की देश को बहुत आवश्यकता है। इस दौरान पारस हॉस्पिटल से डॉ.एसके शर्मा, आरदेवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट के संस्थापक डॉ.अवध दुबे, डीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार दीक्षित, दिल्ली से आए सत्य भूषण जैन, केके अग्रवाल समेत आदि रहे।



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का स्वागत करते पूर्व विधायक अजय कपूर। अमृत विचार

### पूर्व राष्ट्रपति को कानपुर क्लब ने मानद सदस्य बनाया

- कानपुर। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को कानपुर क्लब ने प्रथम मानद सदस्य बनाकर सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष आरसी सेठ और सचिव ऋषि कात्याल ने उन्हें औपचारिक सदस्यता कार्ड सौंपा। समारोह का मुख्य आकर्षण पूर्व राष्ट्रपति कोविंद के चित्र का अनावरण रहा, जो राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के सम्मान में लगाया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक अजय कपूर, स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर एमएस जामवाल और एओसी पीके नरेंद्र भी रहे।

### दावा : 578 मरीजों ने कराया पंजीकरण

- आरदेवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट का दावा है कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 578 मरीजों का पंजीकरण किया गया है, जिसमें नेत्र जांच कैंप में 165 लोग, हड्डी रोग कैंप में 50, नाक कान गला कैंप में 50, स्त्री एवं प्रसूति रोग के कैंप में 70, दांत रोग कैंप में 25, जनरल फिजिशियन कैंप में 200 लोग और कैंसर संभावित 18 मरीज पहुंचे। डीएवी कॉलेज के विद्यार्थियों ने बस्ती के घर-घर जाकर रोगियों का रजिस्ट्रेशन किया था और उन्हें कैंप में जांच व परामर्श के लिए बुलाया था। आर देवी आई हॉस्पिटल में मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। पारस हॉस्पिटल में कैंसर स्क्रीनिंग व स्तन कैंसर की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

# मोबाइल खोने से दुखी युवक ने जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ में मोबाइल चोरी होने से से दुखी युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



अंकित।

ताड़बगिया बाबा कुआं निवासी 24 वर्षीय अंकित बेल्ट कारखाने में काम करता था। परिवार में मां माधुरी और दो भाई संदीप व कुलदीप हैं। भाइयों के अनुसार शनिवार रात अंकित काम से लौटा तो उसने मां को बताया कि उसका मोबाइल चोरी हो गया है। मोबाइल खो जाने से वह काफी दुखी था। इस पर मां ने समझाया। कहा हो सकता है किसी साथी ने मजाक किया हो।

अगर मोबाइल मिल जाए तो ठीक नहीं तो परेशान मत हो, अगले माह दूसरा दिला देंगे। इसके बाद भी वह उदास रहा। खाना खाने के बाद परिजन जब सो गए तो देर रात अंकित ने गले में फंदा कसकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजन सोकर उठे तो उसका शव फंदे से लटका पाया। यह देखकर चींख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भाइयों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा।

### पत्नी से झगड़कर युवक ने किया सुसाइड

- **कानपुर।** नवाबगंज में युवक ने पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। ख्योरा नई बस्ती एनआरआई सिटी के सामने रहने वाले 32 वर्षीय वीरेंद्र कुमार विकासनगर डिपो में क्लीनर के पद पर नौकरी करते थे। नौ साल पहले पिता दयाराम की मौत पर उन्हें मृतक आश्रित में नौकरी मिली थी। परिवार में पत्नी शिवानी और दो भाई नरेंद्र व प्रदीप हैं। परिजनों ने बताया कि वीरेंद्र का शनिवार रात पत्नी से किसी बात पर विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने यह कदम उठाया है।



वीरेंद्र कुमार।

### धमकी से डरकर दे दी जान

- **कानपुर।** चकेरी में संपर्क में आई महिला की धमकी से डरकर युवक ने आत्महत्या कर ली। शव फंदे से लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सनिगवां निवासी 40 वर्षीय अरविंद सिंह प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी निक्की और दो बच्चे जय व बेटी जया हैं। शनिवार देर शाम निक्की बच्चों को कोचिंग छोड़कर घर आई तो पति अरविंद को फंदे पर लटका पाया। उसके रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी एकत्र हुए और पुलिस को खबर दी। भाई धर्मेंद्र ने बताया कि एक साल से अरविंद किसी महिला के संपर्क में थे। वह महिला आएदिन अरविंद से पैसे मांगती थी। न देने पर फंसाने की धमकी देती थी। इसी से परेशान होकर अरविंद ने यह कदम उठाया है। खुद को कमरे में अकेला पाकर फंदे से लटक गए। एक बार जान देने का प्रयास भी किया था। वहीं पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा।

### 200 प्रतिभागियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कानपुर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में किया गया। 100 महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने किया। एसडीआरएफ टीम के अंकित यादव ने प्राथमिक उपचार, सीपीआर का डेमो दिया। अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार ने आग से की जानकारी दी। नागरिक सुरक्षा के विमलेश कुमार और आपदा प्रशिक्षक लखन कुमार शुक्ला ने रेस्क्यू तकनीकों व हीटवेव से बचाव पर प्रशिक्षण दिया।

## आनंदेश्वर मंदिर परमट घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**कानपुर।** ऑटो चालक राकेश कुमार सोनी की अगुवाई में आनंदेश्वर मंदिर परमट घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोगों ने सारी गंदगी उठाकर डस्टबिन में फेंकी और अपील की गई कि फूल, मूर्ति समेत कोई भी कचरा गंगा मैया में प्रवाहित न करें।

कहा गया कि जिस प्रकार हम अपने माता-पिता की सेवा करते हैं, उसी प्रकार हमारे कानपुर की धरोहर मां गंगा का भी हम लोग साफ सफाई की व्यवस्था को सिस्टम दुरुस्त रखें। उन्हें निर्मल बनाने में लोग अपना अमूल्य सहयोग दें। इस अवसर पर ऑटो चालक अमित कुमार गुप्ता ऑटो चालक, अनिल कुमार द्विवेदी ऑटो चालक, सागर सोनी ऑटो चालक, पूजा गौतम, पूजा द्विवेदी, शिवरानी गौतम के अतिरिक्त भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल दक्षिण युवा के अध्यक्ष अनुज त्रिपाठी, राजेश कनौजिया आदि थे।




बैठक में लोगों को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार

# कांग्रेस सभी धर्मों और समुदायों के साथ है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सद्भावना बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शामिल हुए
- समाज में प्रेम, शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील सभी वर्गों से की गई

**अमृत विचार।** जाजमऊ में सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महानगर कांग्रेस द्वारा आयोजित सद्भावना बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पवन गुप्ता ने की, जबकि संयोजन नगर कोषाध्यक्ष हाजी मलिक अहमद उल्लाह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सभी धर्मों और समुदायों को साथ लेकर चलने की पक्षधर रही है। उन्होंने समाज में प्रेम, शांति और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद अजय राय गीतानगर स्थित पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा के आवास पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान बैठक में पूर्व विधायक सुहेल अंसारी, संदीप शुक्ला, नरेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## फर्जी निकली किशोर के साथ लूट की घटना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज में शनिवार देर रात किशोर को तमंचा लगाकर लूट की घटना फर्जी निकली। किशोर के परिजनों ने पुलिस को माफीनामा दिया है।

सुतरखाना निवासी मो. इकबाल की जरीब चौकी पर जूस की दुकान है। 15 वर्षीय बेटा रेहान कर्मचारियों के साथ दुकान की देखरेख कर रहा था। भाई बबलू ने बताया था कि शनिवार रात वह दुकान से 45 हजार रुपये लेकर बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में सीपीसी माल गोदाम के पास उनकी बाइक के आगे वैन आकर रुकी। जब तक वह कुछ समझ पाता कार से उतरे नकाबपोश छह लोग उसे गली की तरफ ले गए। इसके बाद उसे तमंचा लगाकर रुपये लूट लिए। घटना की जानकारी पर पुलिस ने जांच की तो लूट की घटना फर्जी निकली। कलक्टरगंज थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। जिसमें कोई कार नहीं दिखी। थाना प्रभारी ने बताया कि कोपरगंज में किशोर 11.23 मिनट पर बाइक से जाता हुआ दिखा। सात मिनट में रात 11.30 बजे घर पहुंच गया। किशोर से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि कोपरगंज में ही उसकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई थी। तभी रुपये गिर गए।

## मातारानी के जागरण में भक्ति की बही अविरल धारा

**कानपुर।** कल्याणपुर आवास विकास के सत्यम बिहार में मातारानी के जागरण में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बिल्हौर से आए ग्रुप ने मनमोहक झांकियों और भजनों के माध्यम से कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। जागरण के दौरान चलो बुलावा आया है, मां मुरादें पूरी कर दें, भजन गूंजे।

# बोगस फर्म बनाकर 2.88 करोड़ की जीएसटी चोरी, मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राज्य कर टीम की जांच में पूरा खेल खुला, प्रोपराइटर पर की गई एफआईआर

**अमृत विचार।** बर्रा में बोगस फर्म बनाकर 2.88 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे कंपनी का पंजीयन कराकर ओवरकोट के व्यापार का दिखावा कर टैक्स चोरी की गई। राज्य कर अधिकारी की तहरीर पर केके ट्रेडर्स फर्म के प्रोपराइटर सतेंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

राज्य कर अधिकारी गोपाल कृष्ण सारस्वत की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच कर रही है। तहरीर के अनुसार आगरा के सुजानपुर चमरौला निवासी सतेंद्र कुमार ने बीती 26 जून को केके ट्रेडर्स फर्म का पता बर्रा के हिंद विहार इलाके का दिखाया। उसी पते पर फर्म का जीएसटी पंजीयन कराया। कागजातों में उक्त पते पर पुरुषों के लिए ओवरकोट के व्यापार की बात कही गई। संदेह होने पर जीएसटी विभाग ने जब फर्म का सत्यापन कराया तो फर्जीवाड़ा सामने आया। फर्म पर 2.88 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का आरोप है। टीम सत्यापन के लिए पहुंची तो दिए पते पर कोई फर्म मौजूद नहीं मिली। जांच में दिया गया पता ही गलत निकला। उस स्थान पर गूगल सर्च में हार्डवेयर की दुकान का होना दर्शाया गया, लेकिन मौके पर जांच में वह दुकान भी अलग जगह मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ में किसी ने भी केके ट्रेडर्स या उसके प्रोपराइटर के बारे में जानकारी होने से मना किया। फर्म के पंजीयन में दिया गया मोबाइल नंबर भी बंद मिला। जिससे टीम को बोगस फर्म का संचालन का मामला लगा। पुलिस के अनुसार सुनियोजित तरीके से बोगस फर्म बनाकर आर्थिक अपराध किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बेटी से छेड़खानी के विरोध पर पिता की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

> गाली-गलौज को लेकर हुई मारपीट में वृद्ध के सिर पर कढ़ाई मारने की बात सामने आई है। घायल वृद्ध की हैलट में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में छेड़खानी की बात सामने नहीं आई। वहीं मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपित साहिल, उसकी मां राधा, बहन कोमल व भाई करन के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। -अतुल श्रीवास्तव डीसीपी सेंट्रल

**अमृत विचार।** खलासी लाइन में बेटी से छेड़खानी का विरोध करना वृद्ध पिता को भारी पड़ गया। दबंग परिवार ने धावा बोल वृद्ध पर कढ़ाई से वार कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर ग्वालटोली पुलिस ने आरोपित मां, दो बेटे व बेटी के खिलाफ हत्या में रिपोर्ट दर्ज की है।

खलासी लाइन में 60 वर्षीय वृद्ध परिवार समेत किराये के मकान में रहते थे। परिवार में पत्नी, दो बेटियों में की एक की शादी हो चुकी है। छोटी बेटी ने बताया कि वर्ष-2015 में पिता को पैरालिसिस का अटैक पड़ गया था, जिस कारण वह ज्यादा चल-फिर नहीं पाते थे। वहीं मोहल्ले में रहने वाला साहिल मोबाइल नंबर मांगकर अक्सर छेड़खानी करता था। पिता ने कई बार मना किया लेकिन वह हरकतों से बाज नहीं आया। इसी खुन्नस में शनिवार की शाम साहिल घर आ धमका और पिता से मारपीट करते हुए भाग निकला। थाने में शिकायत की जानकारी पर अगले दिन रविवार दोपहर दबंग साहिल अपनी बहन कोमल के साथ कमरे में आया और पिता को बेरहमी से पीटने के साथ सिर व मुंह पर कढ़ाई से ताबड़तोड़ प्रहार किया। सुनवाई न होने पर फिर से थाने गईं मां-बेटी जब वहां से घर लौटीं तो खून से लथपथ वृद्ध को देख वे चीख पड़ीं।

## हेल्थ जोन

### 165 सीएचओ को कई बिंदुओं पर दिया गया प्रशिक्षण

# मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया की जांच में नहीं होगी दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीटी रोड पीएसी मोड स्थित एक होटल में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएसओ) के लिए डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया आदि वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम, नियंत्रण व उपचार के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे वैक्टर जनित रोगों की समय पर पहचान व केस मैनेजमेंट, निर्धारित अद्यतन उपचार प्रोटोकॉल का अनुपालन, लार्वा नियंत्रण व स्रोत निवारण की रणनीतियां और शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान के तहत प्रभावी सर्विलांस व रिपोर्टिंग आदि बिंदुओं पर जानकारी दी गई।

सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने बताया कि गर्मी व बारिश के मौसम में वेक्टर जनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से निपटने के लिए रेपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट और स्लाइड उपलब्ध करा दी गई है। मलेरिया पाजिटिव रोगी की सूचना मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उर्सला, कांशीराम, केपीएम और हैलट अस्पताल में दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी है। मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए क्लीनिकल मैनेजमेंट के संबंध में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर के डॉक्टरों का प्रशिक्षण हो चुका है। रविवार को कार्यशाला में 165 सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया है। सीएमओ ने कहा कि जागरूकता और स्वास्थ्य शिक्षा देने के कार्यक्रम निरंतर जारी हैं। सभी निजी और सरकारी अस्पतालों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए है। वहीं, डेंगू पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य शिक्षा के साथ क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन की गतिविधि हो रही है और उसकी उपयोगिता पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मच्छरों के स्थाई प्रजनन स्थलों पर नियमानुसार लार्वीसाइड दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। अप्रैल से संचारी रोग अभियान भी शुरुआत की जाएगी। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह, एसीएमओ (वेक्टर बॉर्न डिजीज), रीजनल कोऑर्डिनेटर डॉ.शिवकांत, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (शहरी क्षेत्र), मलेरिया निरीक्षक समेत आदि लोग रहे।




स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। अमृत विचार

# प्रधान के चाचा का शव नहर में पड़ा मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिठूर में पंचमापुर नई बस्ती के सामने की घटना

**अमृत विचार।** बिठूर स्थित नहर में ग्राम प्रधान कुरसौली अमित ठाकुर के चाचा का शव औंधे मुंह उतराता मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को खबर दी। हत्या की आशंका में एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव नहर से निकालवाया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई। तलाशी में अधेड़ के जेब से नशे की दो पत्ता गोली मिली है।

कुरसौली गांव निवासी 56 वर्षीय रामबाबू सिंह खेती-किसानी करते थे। उनके भतीजे कुरसौली ग्राम प्रधान अमित सिंह ने पुलिस को बताया कि चाचा शनिवार शाम से लापता थे। तलाश करने पर ग्रामीणों ने बताया कि रात में शराब ठेके के पास देखे गए थे। उन्होंने बताया कि नशे के कारण चाचा का चाची सीमा से तालमेल नहीं खाता था, इसलिए वह मायके गांधीनगर पीरोड में रहती है। दो साल पहले चाचा के बेटे शनि की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उसके बाद उनके नशे पर रोकटोक लगाने वाला भी नहीं रहा।

थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया प्रथम दृष्टया नशे की हालत में नहर में डूबने से मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

## सिटी ब्रीफ

### 1258 बूथों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम

**कानपुर।** उत्तर जिले में नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें संस्करण को 1258 बूथों पर सुना गया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कल्याणपुर के नारामऊ में कार्यक्रम सुना। जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा और महामंत्री प्रमोद विश्वकर्मा सहित कई पदाधिकारी विभिन्न बूथों पर मौजूद रहे। क्षेत्रीय संयोजक अनूप अवस्थी ने भी सीसामऊ क्षेत्र में कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय नागरिकों संग मन की बात कार्यक्रम सुना।

### प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

**कानपुर।** श्याम नगर के भवानी नगर स्थित सेक्टर अध्यक्ष नरेश सिंह के आवास पर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के लिए लोग इकट्ठा हुए। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने लोगों के साथ बैठकर कार्यक्रम को सुना। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यक्रम को सकारात्मक सोच और जनभागीदारी का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम में अर्जुन बेरिया, संजीव बेरी, गौरव चतुर्वेदी सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय नागरिक रहे।

### ओवरलोड वाहनों की हाईवे पर घेराबंदी

**कानपुर।** संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में प्रवर्तन की टीम ने हाईवे पर ओवर लोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जिसमें 12 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसी प्रकार यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर भी शिकंजा कसा गया।

### बेकनंगज में यौम-ए-आला हजरत मनाया

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलमा–ए–अहले सुन्नत के द्वारा बेकनगंज में यौम–ए–आला हजरत मनाया गया। अध्यक्षता कर रहे तंजीम के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल अजहरी ने आला हजरत की जीवनी पर प्रकाश डाला। हाफिज इरफान रजा कादरी, हाफिज हस्सान रजा, इम्तियाज अहमद, इमरान लाला, मोहम्मद तौफीक आदि मौजूद रहे।

### 35 डिग्री रहा तापमान

**कानपुर।** शहर में रविवार को अधिकतम तापमान में एक बार फिर बढोतरी दर्ज हुई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि शहर में अधिकतम तापमान 35 .8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी बढोतरी हुई। न्यूनतम तापमान 18 .5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञ डॉ . एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि मौसम कें बदलाव संभव नहीं है। एक या दो डिग्री सेल्सियस तापमान में परिवर्तन हो सकता है।

### विवाह समारोह की तैयारियां तेज

**कानपुर।** अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा द्वारा आगामी 15 अप्रैल को किदवई नगर स्थित संस्कार लॉन में आयोजित होने वाले सामूहिक यज्ञोपवीत एवं विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए रविवार दोपहर दो बजे एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया। बैठक में शहरभर में प्रचार–प्रसार के लिए होर्डिंग, पोस्टर एवं पत्रक वितरण की योजना भी बनाई गई।

# गैस किल्लत : 60 फीसदी यूनिट प्रभावित, श्रमिक जाने लगे घर

## औद्योगिक क्षेत्रों में प्रोडक्शन पर पड़ा गहरा असर, कुछ बंदी के कगार पर पहुंचे, कुछ ने कम किए काम के घंटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में गैस किल्लत की वजह से आम घरों से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों में लगी इकाइयां तक प्रभावित हैं। उत्पादन में गहरा असर पड़ा है, हालात यह है कि प्लास्टिक, फूड, पैकेजिंग सहित अन्य इकाइयों की 60 फीसदी इकाइयों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। कुछ इकाइयां फिलहाल बंद है, कुछ में काम आधा है और जल्द ही कुछ इकाइयों पर तालाबंदी की नौबत आ जाएगी। श्रमिकों का पलायन भी शुरू हो गया है।

शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 8 हजार इकाइयां मौजूद हैं। इनमें प्लास्टिक की लगभग तीन सौ, फूड सेक्टर की लगभग 4 सौ व पैकेजिंग की लगभग 4 सौ इकाइयों पर गैस किल्लत का सीधा असर पड़ा है। प्लास्टिक की इकाइयों में कच्चे तेल से तैयार कच्चा माल महंगा होने से शहर में इसके उत्पादन पर असर पड़ा है। डिमांड और सप्लाई चेन टूटने व कच्चा माल महंगा होने की वजह से प्लास्टिक के उत्पादों के रेट में लगभग 30 फीसदी तक असर सामने आ रहा है। अन्य इकाइयां भी प्रभावित हैं।

**घर की ओर चले श्रमिक :** गैस किल्लत और इकाइयों पर उत्पादन घटने की वजह से औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत लगभग दस से 12 लाख श्रमिकों पर भी मुसीबत टूट पड़ी है। गैस किल्लत इन श्रमिकों पर दोहरी मार मार रही है। पहली खराब स्थिति इकाइयों पर उत्पादन घटने की वजह से बनी है। जिससे इन श्रमिकों के पास काम नहीं है। दूसरा उनके घरों में खाना पकाने के लिए गैस न होने की वजह से भी श्रमिक परेशान हैं। श्रमिकों का पलायन भी शहर से शुरू हो गया है। सबसे अधिक परेशानी ऐसे श्रमिकों का सामने आ रही है जो अपना परिवार घरों में छोड़ कर तीन से चार के समूह में यहां पर आकर काम करते हैं और खाना एक साथ पकाते हैं।

**प्लास्टिक का सामान महंगा:** ईरान,अमेरिका व इजराइल के बीच दश्डे़ युद्ध की वजह से पर्याप्त समुद्री जहाज भारत नहीं आ पा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी कच्चे तेल के आयात की हो रही है। उद्यमियों ने बताया कि इसी कच्चे तेल से ही बाय प्रोडक्ट का इस्तेमाल प्लास्टिक दानों के रूप में होता है। इस स्थिति के पनपने की वजह से प्लास्टिक प्रोडक्ट का उत्पान करने वाली युनिट को सबसे अधिक धक्का लगा है। इन युनिट में उपयोग होने वाली गैस न मिलने की वजह से भी या तो उत्पादन घटा है या फिर युनिट को बंद कर दिया गया है।



**04** सौ यूनिट शहर में प्लास्टिक की मौजूद

**30%** उत्पादन के रेट में हुई बढ़ोत्तरी

**20%** से 30% तैयार प्रोडक्ट के रेट बढ़े

### दालमोठ, नमकीन भी महंगी

- गैस किल्लत से नमकीन बनाने वाली इकाइयां भी अछूती नहीं हैं। उत्पादों को लगभग 10 से 20 फीसदी महंगा बेचना उद्यमी की मजबूरी हो गई है। इनमें सबसे अधिक दालमोठ व अन्य नमकीन प्रोडक्ट शामिल हैं।

**2400** इकाइयां नमकीन बनाने की मौजूद





### सूखे मेवे के दाम बढ़े

- शहर में सूखे मेवों में भी युद्ध का असर पड़ा है। आयात होने वाले सूखे मेवे जैसे अमेरिकन बादाम, किशमिश व पिस्ता अधिक रेट पर मिल रहे हैं। इसकी वजह आयात पर अंकुश को कारोबारी मान रहे हैं।

| मेवे | पहले | अब |
|---|---|---|
| अमेरिकन बादाम | 750 | 875 |
| पिस्ता | 1150 | 1275 |
| किशमिश | 350 | 450 |


नोट रेट प्रति किलो के अनुसार

### ठेलों पर भी भोजन नहीं

- श्रमिकों के सामने एक बड़ी समस्या यह भी है कि उन्हें अब औद्योगिक क्षेत्रों में लगे ठेलों में भी भोजन नहीं मिल पा रहा है। यहां पर लगभग 1 हजार ठेले ऐसे थे जहां पर वे भोजन या फिर चाय व पकौड़े खाते थे। इन ठेलों में या तो इन श्रमिकों को भोजन नहीं मिल पा रहा है या फिर इतना महंगा मिल रहा है कि इनके रोजाना भोजन के बजट के बाहर है।

### एमएसएमई सेक्टर पर आंच

- शहर में लगभग 1 लाख एमएसएमई सेक्टर की इकाइयां हैं। इनमें 45 फीसदी इकाइयां निर्यात कारोबार से जुड़ी हुई हैं। निर्यात कारोबार प्रभावित होने की वजह से इन इकाइयों पर सीधा असर पड़ा है। निर्यात युनिट्स से ऑर्डर नहीं है, ऐसे में इन इकाइयों पर अब उत्पादन करना कठिन कार्य हो रहा है। सबसे अधिक लेदर सेक्टर, टेक्सटाइल सेक्टर व मशीनरी सहित पैकेजिंग की इकाइयां संकट में आ गई हैं।




रेस्टोरेंटों में मेन्यू घटा दिया गया।

**03** सौ से ज्यादा होटल शहर में मौजूद

**07** सौ गेस्ट हाउस में पार्टियां ठंडी

### रेस्टोरेंटों पर चस्पा किए गए नोटिस

- होटल कारोबार के साथ ही रेस्टोरेंट में भी गैस किल्लत की वजह से काम 50 फीसदी तक कम हो गया है। हालात यह है कि अब रेस्टोरेंट संचालक अपने यहां पर नोटिस चस्पा कर खाने के शौकीनों को कई लजीज व्यंजन पकाने से मना कर रहे हैं। स्थिति इस तरह की बनी है कि चाइनीज और साउथ इंडियन फूड मैन्यू से बाहर हो गया है। आर्य नगर, स्वरूप नगर, माल रोड, सिविल लाइंस, लाजपत नगर में मौजूद रेस्टोरेंट में लोग भी कम आने लगे हैं। स्ट्रीट फूड की बात की जाए तो अधिक आंच में पकने वाले आइटम अब गायब होने लगे हैं। यह झटका शहर के 4 हजार स्ट्रीट फूड वेंडर को लगा है।

### सहालग पर संकट

- रसोई गैस किल्लत की वजह से शहर का होटल कारोबार संकट में घिर गया है। कारोबारियों का कहना है कि अप्रैल में सभी होटल कारोबारियों ने सहालग की पार्टियों की पूर्व से ही बुकिंग कर रखी है। इस स्थिति में जब होटल में रुकने वाले अतिथियों को ही पूरा मैन्यू नहीं मिल पा रहा है तो बड़ी पार्टियों का इंतजाम कारोबारी कैसे करेंगे। कारोबारी इन पार्टियों को पूरा करने के लिए जुगत लगाने में जुटे हुए हैं। कारोबारियों का यह भी कहना है कि होटल व्यवसाई फिलहाल आधी क्षमता से काम कर रहे है ऐसे उन्हें 17 फीसदी का नुकसान उठाना पड़ रहा है। यही स्थिति बनी तो 15 दिन बाद बंदी की नौबत खड़ी हो जाएगी।

### दुकानों में लगीं भट्ठियां

- शहर में अधिकतर मिठाई की दुकानों में कोयले की भट्ठियां लग गई हैं। उससे कोयले की भट्ठियों से ही समोसा खस्ता पुड़िया ,सब्जी व मिठाई आदि भी बनाई जा रही है। कारोबारी मानते हैं कि इससे यह आइटम भी महंगे हो गए हैं। इसके अलावा कारीगर भी भट्ठियों की आंच में पकाने के लिए फिलहाल अनुभवी नहीं हैं।



ऊर्जा संकट का असर शहर के कपड़ा कारोबार पर भी बुरी तरह से पड़ने वाला है। सूरत से जो संकेत आ रहे हैं उससे यहां के कपड़ा कारोबारियों की पूंजी फंसने की नौबत आकर खड़ी हो गई है।

– रुमित सिंह सागरी, निदेशक कानपुर कपड़ा कमेटी



सूखे मेवे महंगे हो गए हैं। मेवों को पैक करने के लिए उपयोग होने वाले पैकेट के रेट में 10 फीसदी से अधिक बढोतरी के बाद अब बाजार में मेवों के खरीदार भी कम हो रहे हैं।

–परमजीत सिंह भाटिया, सूखे मेवों के कारोबारी



इस समय होटल्स व रेस्टोरेंट की स्थिति खस्ता है । अप्रैल से सहालग व पार्टियां शुरू हैं, जिनके ऑर्डरपूरा करना चुनौती है। कॉमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नहीं हो बंदी की नौबत खड़ी हो जाएगी।

–विजय पाण्डेय, प्रेसिडेंट कानपुर होटल रेस्टोरेंट एसोसिएशन



श्रमिकों के चूल्हे बंद पड़े हैं। उनके मकान मालिक उन्हें कोयले व लकड़ी पर खाना भी नहीं बनाने दे रहे हैं। इस स्थिति में श्रमिकों को देखने वाला कोई नहीं है। लगभग 25 फीसदी श्रमिक सीधेतौर पर इससे प्रभावित हैं।

–मनोज बंका, स्टेट प्रेसिडेंट पीआईए



उद्योग की स्थिति दिन पर दिन खराब हो रही है। उद्योग से श्रमिकों को निकाला जा रहा है या फिर वे खुद ही छोड़कर जा रहे हैं। गैस उन्हें भी मिल नहीं पा रही है। उद्योग का हर सेक्टर इससे प्रभावित हो रहा है।

–विजय कपूर,चेयरमैन कोआपरेटिव इस्टेट



युद्ध की वजह से निर्यात कारोबार भी बुरी तरह से प्रभावित है। अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ के बाद निर्यातकों को दूसरा झटका है। युद्ध लंबा चला तो कई निर्यातक काम बंद करने की स्थिति में होंगे।

–डॉ . जफर नफीस, निर्यातक



गैस आपूर्ति को तत्काल सुचारु किया जाए प्लास्टिक कच्चे माल की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए, बड़े औद्योगिक समूहों पर आवश्यक नियामक लागू करें।

–अतुल सेठ, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, पीआईए



फूलों की होली खेली गई। अमृत विचार

## राधा– कृष्ण के साथ खेली फूलों की होली

**कानपुर।** कानपुर दक्षिण उद्योग व्यापार मंडल की ओर से लार्ड गार्डन यशोदानगर में आयोजित होली मिलन समारोह में राधा–कृष्ण के रास ने हर किसी का मन मोह लिया। इस दौरान लोगों ने फूलों की होली खेली। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री अभिषेक पांडे मोनू ने एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी का स्वागत किया। इस अवसर पर हास्य कलाकार अनु अवस्थी, प्रेस क्लब के महामंत्री शैलेश अवस्थी, अध्यक्ष कमल उत्तम, व्यापारी नेता विनोद गुप्ता, दिवाकर मिश्रा, दिनेश शर्मा, राजू यादव, रमाकांत मिश्रा, विवेक, आशीष पांडे, लाल दुबे, ऋषभ शुक्ला व गोपाल द्विवेदी उपस्थित रहे।

## गैस संकट गहराया, दोहरी लाइनों में लगने की मजबूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एजेंसियों पर ताले, 10-15 किमी दूर से सिलेंडर वितरण, उपभोक्ता परेशान

**अमृत विचार।** रसोई गैस की किल्लत बढ़ती जा रही है, जिससे आम लोग परेशान हैं। शहर के कई गैस एजेंसियों पर ताले लटके मिले, जबकि उपभोक्ता सुबह से ही सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े रहे। प्रशासन भले ही होम डिलीवरी का दावा कर रहा है। लोगों में नाराजगी इस बात की है कि तारीख पर गैस नहीं मिल रही। बुकिंग के बाद भी कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। जब एजेंसी पर जानकारी लेने पहुंचते हैं तो वह बंद मिलती है। पहले स्थानीय स्तर पर गैस वितरण हो जाता था, लेकिन अब उपभोक्ताओं को 10 से 15 किलोमीटर दूर जाकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। इसके लिए उन्हें पहले एजेंसी पर जाकर नंबर लेना पड़ता है, फिर दूसरे स्थान पर जाकर दोबारा लाइन में लगना होता है। दो दिन पहले ग्वालटोली व खलासी लाइन के लोगों ने कमिश्नर बंगले के बाहर प्रदर्शन किया था। उसमें आरोप लगाया था कि एजेंसी वाले अब सिंहपुर जाकर गैस सिलेंडर लेने को कह रहे हैं जबकि पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। लोगों का आरोप है कि एजेंसी संचालक मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। सुबह जल्दी लाइन लगाने के बावजूद दोपहर तक एजेंसी बंद कर दी जाती है। कई उपभोक्ताओं को डिलीवरी का मैसेज भी मिल चुका है, लेकिन सिलेंडर घर तक नहीं पहुंचा। लगातार हो रही इस अव्यवस्था के कारण लोगों को बार-बार छुट्टी लेकर लाइन में लगना पड़ रहा है। नौकरीपेशा लोगों के साथ स्कूली बच्चों को इससे दिक्कत हो रही है।



जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित का स्वागत। अमृत विचार

## भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम परिसर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम जीवन विकास परिषद, बाल्मीकि विकास परिषद एवं नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। अध्यक्षता धीरज बाल्मीकि और संचालन किशन लाल सुदर्शन ने किया। पदाधिकारियों ने अनिल दीक्षित का फूलमाला व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

इस दौरान अनिल दीक्षित ने बाल्मीकि समाज के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी वर्गों का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।



संघ के कार्यालय में हुआ समारोह। अमृत विचार

## गंगा संरक्षण को लेकर व्यापक जनजागरण का आह्वान किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संघ के प्रांत कार्यालय केशव भवन में गंगा समग्र की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां गंगा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। बैठक में मुख्य अतिथि रामाशीष (राष्ट्रीय संगठन मंत्री, गंगा समग्र) ने गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गंगा की अविरलता और निर्मलता तभी संभव है जब सहायक नदियों, तालाबों, सरोवरों और जल स्रोतों का संरक्षण किया जाए। साथ ही वृक्षारोपण और जल संरक्षण को जरूरी बताते हुए वाटर हार्वेस्टिंग कार्यशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि गंगा सप्तमी (23 अप्रैल) से गंगा दशहरा तक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें रैली, संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान और आरती जैसे कार्यक्रम होंगे। पौधरोपण अभियान पर भी जोर दिया गया। प्रांत संयोजक राजेश तिवारी सूर्य प्रकाश, राजेंद्र गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव आदि रहे।

आयोजन

'बावनी इमली' के दूसरे संस्करण का विमोचन

## गांव–गांव में उठी थी स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति की चिंगारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युवा उपन्यासकार भगवंत अनमोल के उपन्यास 'बावनी इमली'' के दूसरे संस्करण का लोकार्पण रविवार को हुआ। युनाइटेड पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस में हुए आयोजन में 1857 के गुमनाम शहीदों को नमन भी किया गया।

दूसरे संस्करण के लोकार्पण पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति मात्र कुछ क्रांतिकारियों तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि गांव गांव में चिंगारी उठी थी, उन सभी क्रांतिकारियों को राष्ट्रीय पटल पर लाने के लिए बावनी इमली जैसी किताबों की सख्त जरूरत है। विधायक जय कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह से इस किताब के जरिए क्षेत्रीय संघर्ष की कहानी राष्ट्रीय पटल पर पहुँच रही है, देखकर अच्छा लग रहा है। वरिष्ठ लेखक राजेन्द्र राव ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और उन्होंने बताया कि इतिहास के पन्नों में जो छूट जाता है या जो क्रांति वाहक चरित्र विस्मृति की धुंध में आलाक्षित रह जाते है, कभी कभी साहित्य उन्हें पुनर्जीवित करता है। वरिष्ठ पत्रकार आशीष त्रिपाठी ने कहा कि बावनी इमली सिर्फ एक उपन्यास भर नहीं है, बल्कि क्रान्ति का बिगुल बजाने वाले क्रांतिकारियों की संघर्ष गाथा है। इतिहास वेत्ता डॉ. प्रदीप दीक्षित ने बताया कि कहानी लिखना एवं कहानी बुनना दोनों अलग बातें हैं। भगवंत अनमोल ने दोनों काम बावनी इमली में कलात्मक रूप से किए हैं। वरिष्ठ पत्रकार शिवा अवस्थी ने कहा कि 1857 की क्रांति में निश्चित ही बिठूर की धरती का अहम योगदान है पर फतेहपुर के बिंदकी क्षेत्र में स्थित 52 इमली हत्याकांड भी नहीं भुलाना चाहिए। प्रेरक वक्ता अरुणेन्द्र सोनी ने कहा कि बावनी इमली'''' केवल एक उपन्यास नहीं, बल्कि हमारे इतिहास के उन अनछुए पन्नों को जीवंत करने का सशक्त माध्यम है। लेखक भगवंत अनमोल ने कहा कि इतिहास ने बस उन्हें ही याद रखा है, जिनके पास उनके कवि और लेखक थे। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी गर्ग द्वारा किया गया। राष्ट्रीय पुस्तक मेला समिति, कानपुर के अध्यक्ष अरुण प्रकाश अग्निहोत्री ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में पंकज पाण्डेय, गोपाल खन्ना, डॉ विवेक सिंह, गणेश तिवारी मृदुल कपिल, अंकुर मिश्रा, अनीता मौर्या, राहुल तिवारी, शिवेंद्र सिंह बघेल, अजीत मिश्रा और राजन मिश्रा सहित रहे।



अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ


पदक विजेता प्रिया। अमृत विचार

### पावर लिफ्टिंग में कानपुर की प्रिया ने जीता कांस्य

**कानपुर।** मैंगलोर में 24 से 28 मार्च तक खेली गयी ओपन नेशनल क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुये कानपुर की प्रिया शुक्ला ने 84 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रिया ने पावरलिफ्टिंग इवेंट में कुल 437 .5 किलो एवं स्क्वाट इवेंट में 182 .5 किलो वजन उठा कर कांस्य पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश के महासचिव अमित राय, जिला संघ के अध्यक्ष राजेश पाल, सचिव संदीप निगम, मो .शिबली, रमन सचान, आभा शर्मा, म्रदुला अग्रवाल, सौम्या गुप्ता, जीतेन्द्र, मोतीलाल, सतेन्द्र ने बधाई दी।

### आईएमए भवन में हुआ ईद मिलन

**कानपुर।** परेड स्थित आईएमए भवन में रविवार को आईएमए के पदाधिकारियों ने ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई को पदाधिकारियों ने मोमेंटों देकर सम्मानित किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ.अनुराग मेहरोत्रा व सचिव डॉ.शालिनी मोहन ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सौहार्द और सकारात्मक संदेश प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान डॉ.मोहम्मद जमील, डॉ.कलीम अहमद, डॉ.गुल शगुफ्ता, वित्त सचिव डॉ. विशाल सिंह आदि रहे।

### फन फेयर स्कॉलरशिप टेस्ट एंड टैलेंट शो

**कानपुर।** विजयनगर स्थित पीडी निगम एजुकेशन सेंटर में फन फेयर स्कॉलरशिप टेस्ट एंड टैलेंट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कपिल सब्बरवाल ने किया। प्रबंधक श्याम जी निगम, वंदना निगम और प्रधानाचार्य मोनिका सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। फेयर में बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही राइटिंग, ट्रैकिंग, शूटिंग और क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### एचबीटीयू ने जीती एकल शतरंज प्रतियोगिता

**कानपुर।** एचबीटीयू की ओर से आयोजित आगाज 2026 के अंतर्गत शताब्दी भवन में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच इंजीनियरिंग कॉलेजों के कुल 27 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अनुराग कुमार (एचबीटीयू) ने 5 अंक पाकर पहले स्थान के साथ विजेता बने। दीक्षांत अहलावत ने 4 अंकों के साथ दूसरा व कुमार लौरिक भी 4 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेता खिलाड़ी एचबीटीयू के रहे। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी बाल गोविंद अवस्थी ने विजेताओं को सम्मानित किया। मुख्य आर्बिटर कुसुम शर्मा (सीनियर नेशनल आर्बिटर) रहीं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# राजा के रूप में यीशु का येरुशलम में प्रवेश

## पाम संडे पर खजूर की डालियां लहराकर मसीही समाज ने किया स्वागत, चर्चों में हुए धार्मिक आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रभु यीशु ने घोड़े के बजाय गधे पर बैठकर राजा के रूप में येरुशलम में प्रवेश इसलिये किया क्योंकि दुनिया में राजा लोगों के सामने शक्ति प्रदर्शन करते हुए आते हैं लेकिन यीशु मनुष्यों के दिलों पर राज करना चाहते हैं। गधा शांति का प्रतीक है, वो इंसान के बीच शांति स्थापित करने के लिए संसार में आये थे।

रविवार को पॉम संडे (खजूर का रविवार) पर शहर के विभिन्न चर्चों में यीशु मसीह द्वारा येरुशलम में प्रवेश के दौरान भक्तों द्वारा किये गये स्वागत का मंचन किया गया। खजूर की डालियों को लहराते हुए विशेष प्रार्थना की गई। चर्च आफ क्राइस्ट पांडु नगर में पाम संडे पर भक्तों ने खजूर की डालियां लहराई। रेव्ह इमैनुएल सिंह ने विशेष प्रार्थना की। सैमुएल सिंह लकी ने संपूर्ण विश्व के शांति के लिए प्रार्थना की। रीना सिंह, ऋतु सिंह, अंकित डैनियल सिंह, राजू शर्मा, अशोक जोजफ, सुनील आदि थे।

उधर न्यू इंडिया चर्च ऑफ गाड गोविंद नगर में खजूर की डालियां लेकर विशेष आराधना की गई। पादरी जितेंद्र सिंह, हैलीना सिंह, पादरी बृजेश कुमार, पादरी राकेश मसीह, पादरी हरी सिंह, रोहित जॉन, मुकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार न्यू लाइफ चर्च काकादेव में जोश व उत्साह के साथ पॉम संडे मनाया गया। राहुल जेम्स, दिलीप कुमार, पादरी विनय कुमार, पादरी विमलेश गुप्ता, संदीप सुदर्शन, मोहित पीटर, आशीष मॉर्गन, मेनका यूसुफ, शिल्पा जेम्स, डाली श्रीवास्तव, सुनीता पीटर, आदि मौजूद रहे। द गुड शैफर्ड चर्च गूबा गार्डेन कल्याणपुर में बिशप पंकज मलिक अनुपमा मलिक, पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्तव, पादरी अनुराज मलिक, पादरी सागर, पादरी अभिमन्यु जेम्स, सौरभ मसीह, श्रेयराज, रिक्की, निखिल आदि मौजूद थे।


चर्च ऑफ क्राइस्ट पांडु नगर में पामसंडे पर खजूर की डालियां लहराते लोग।


न्यू लाइफ चर्च में यीशु का स्वागत। अमृत विचार

# महावीर जन्म कल्याणक पर प्रभात फेरी और गूंजे भजन

**कानपुर।** 1008 श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, चौक सराफा द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महा महोत्सव के पावन अवसर पर प्रातः सात बजे भव्य प्रभात फेरी का आयोजन धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर ट्रस्टी अनिल जैन (मंगलम) द्वारा मां जिनवाणी को पालकी में विराजमान कर किया गया। प्रभात फेरी में श्रद्धालु भजनों के माध्यम से भगवान महावीर के गुणगान करते हुए टोपी बाजार, बिजली मार्केट, मनीराम बगिया, जनरल गंज, बान बाजार, खोया बाजार और मेस्टन रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर पहुंचने के पश्चात पूजन, विधान एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर समता जैन, ईशा जैन, मीना जैन, नीतू जैन, पारस जैन (बुलेट), अभिषेक जैन (मंगलम), सम्यक जैन, सुरेंद्र जैन, मुकेश, जैनेन्द्र, मनोज एवं प्रसम जैन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।


चौक सराफा जैन मंदिर से निकली शोभायात्रा। अमृत विचार

## रोटरी क्लब का ईद मिलन समारोह

**कानपुर।** रोटरी क्लब ऑफ कानपुर के तत्वाधान में रविवार को स्थानीय कैप्सूल रेस्टोरेंट में ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने गजलों का आनंद लिया तथा विभिन्न गेम्स में भाग लिया। अध्यक्ष गौरव जैन सचिव संजय मेहरोत्रा राजीव सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, तौफीक अहमद, नदीम फारूकी, जावेद अहमद आदि लोग रहे।


यज्ञ में आहुति देते भक्त। अमृत विचार

## विश्व शांति के लिए यज्ञ में दी आहुति

**कानपुर।** शकुंतला शक्ति पीठ विकास नगर में नौ चंडी महायज्ञ पर मां सिद्ध लक्ष्मी का गुलाब पुष्प से श्रृंगार और अभिषेक कर श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति प्रदान की।

पीठ के संस्थापक डॉ.आचार्य अमरेश मिश्र व कोषाध्यक्ष डॉ.सुनीता मिश्रा ने नौ चंडी महायज्ञ से पूर्व श्रद्धालुओं के साथ गंगा आरती और दुग्धाभिषेक किया। गणेश गौरी, नवग्रह का पूजन किया किया गया। व्यास सदानंद जी महाराज व अवधेश त्रिवेदी ने आचार्यों के साथ कनकधारा व श्री सूक्त पाठ किए। विश्व के कुछ देशों के बीच चल रहे युद्ध से होने वाली जन-धन की हानि व युद्ध की रोकथाम के लिए नौ चंडी महायज्ञ किया गया, जिसमे हल्दी, जायफर, देवदार, चंदन, बेल, आंवला, धनिया, कमलगट्टा व कई औषधियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुतियां प्रदान की गईं। ज्योतिषाचार्य पं.केए दुबे पद्मेश, अनुराधा, हेमंत जयसवाल, अमित, प्रियंका तिवारी, साध्वी, सरला, रिचा आदि थीं।

## यूपी वेटरंस क्रिकेट में जेके मैक्स 18 रन से जीता

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश वेटरंस क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित द्वितीय रमा मिश्रा यूपी चैलेंजर ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जेके मैक्स इलेवन ने रिमझिम इलेवन को 18 रनों से हराया। जीत के साथ जेके मैक्स ने फाइनल में जगह बना ली। जहां खिताबी मुकाबले में उसका सामना गोल्डी इलेवन से होगा। टीएसएच में खेले गये मुकाबले में जेके मैक्स इलेवन ने राकेश मिश्रा के 52, मो. शरीफ के 55 और आकाश कुमार के 24 रनों की मदद से 20 ओवर में 196 रनों का स्कोर बनाया। रिमझिम इलेवन से आयुष पाठक ने तीन और जुगल शर्मा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिमझिम इलेवन की टीम 9 विकेट पर 178 रन ही बना सकी। टीम से जावेद शमीम ने 74, कुलविंदर बग्गा ने 56 रन बनाए।


कथा सुनते भक्त। अमृत विचार


कौशल महाराज की आरती की गई। अमृत विचार

# विवाह आनंद और जीवन मूल्यों का प्रतीक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित हनुमान कथा के आठवें दिन विजय कौशल महाराज ने भक्तों को राम-सीता विवाह प्रसंग का भावपूर्ण और आनंददायक वर्णन सुनाया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार के यजमान के रूप में गुलशन धूपद (उद्योगपति) एवं संजय नेवतिया (व्यवसायी) रहे।

कार्यक्रम में स्वामी अरुण चैतन्य पुरी महाराज, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी सतीश गौतम, जीएसटी अधिकारी राजीव पांडे, बार एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट विनय मिश्रा तथा केयर्स एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट राजीव यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कथा में विजय महाराज ने भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का अत्यंत मनोहारी चित्रण करते हुए बताया कि विवाह केवल एक संस्कार नहीं, बल्कि आनंद और जीवन मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने लक्ष्मण के वैराग्य, विनम्रता की शक्ति तथा भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज समाज कर्मकांड में उलझ गया है, सच्ची भक्ति और भजन से दूरी बना ली है। धनुष यज्ञ के प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान राम ने गुरु, माता-पिता और भगवान शंकर को प्रणाम कर धनुष भंग किया, जिससे परशुराम का क्रोध शांत हुआ और अंततः उन्होंने प्रभु को पूर्ण अवतार स्वीकार कर लिया। वहीं आयोजन समिति में उमेश पालीवाल, डॉ विवेक द्विवेदी, अजय पचौरी, उमेश निगम, डॉ सुनील सिंह, रविंद्र पालीवाल एवं आनंद निगम का योगदान रहा। विजय महाराज ने सभी श्रद्धालुओं से हनुमान की शरण में जाने का आह्वान किया।

## विमला इंस्टीट्यूशन कराटे में विजेता

**कानपुर।** आचार्य नरेंद्र महिला महाविद्यालय में शोटोकन स्कूल कराटे एसोसिएशन और एएनडी कॉलेज के फिजिकल एजुकेशन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में लगभग 200 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष प्रियंका ने किया। पुरस्कार वितरण अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी संजीव पाठक ने किया। प्रतियोगिता में विमला कराटे इंस्टीट्यूशन ने विजेता संस्थान का खिताब हासिल किया। विभिन्न वर्गों में कुल 45 प्रतिभागियों ने गोल्ड, 30 ने सिल्वर तथा 22 प्रतिभागियों ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। विजेताओं में नमीश सचान, प्रज्ञा, सर्वज्ञ गुप्ता, आराध्य, विवान जायसवाल, रिद्धिमा, आयुष गुप्ता के नाम हैं।

# 'कुछ अश्के जिगर' पुस्तक का विमोचन


**700** पत्रों का संकलन बना साहित्यिक धरोहर

- गिरिराज किशोर स्मृति संस्थान ने किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पद्मश्री गिरिराज किशोर स्मृति संस्थान एवं अनुष्टुप संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सत्या भवन, सूटरगंज में 'कुछ अश्के जिगर' पुस्तक का विमोचन किया गया। वरिष्ठ लेखक प्रियंवद द्वारा संपादित इस पुस्तक में लगभग 700 पत्रों का संकलन है। जो गिरिराज किशोर की जिजीविषा और साहित्य सेवा का दस्तावेज है।

कार्यक्रम में साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित 'गिरिराज किशोर रचना संचयन' का भी लोकार्पण किया गया। इस संकलन में उनकी प्रमुख कहानियां, लेख, समीक्षाएं, संस्मरण, नाटक 'केवल मेरा नाम लो' तथा लघु उपन्यास 'असलाह' को शामिल किया गया है। इस अवसर पर प्रियंवद ने कहा कि गिरिराज किशोर का लेखन गहन संवेदनशीलता, सृजनात्मकता और समर्पण का प्रतीक है। उनकी पत्नी मीरा किशोर ने संपादक को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्षों पुराने पत्रों को पुस्तक रूप देना एक बड़ा कार्य है। कार्यक्रम का संचालन भावना मिश्रा ने किया, जबकि शिवा किशोर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शहीद नकवी, दीपक मालवीय, सुरेश गुप्ता, अनीता मिश्रा, आनंद शुक्ला, खान फारुक, आशीष त्रिपाठी, शशि कौशिक, पंखुड़ी विनीता, शशि सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

## भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**कानपुर।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव पर सोमवार को श्री दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी और मोतीझील में मेले का आयोजन किया जाएगा।

श्री दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर जनरलगंज से प्रातः 8 बजे शोभायात्रा शुरू होगी। महापौर श्रीमती प्रमिला पांडे इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। शोभायात्रा नयागंज, झकरकटी, बादशाही नाका, हालसी रोड, चौक सर्राफा होते हुए वापस मंदिर आएगी। सायं 4 बजे मोतीझील में मेले का आयोजन किया जाएगा। यहां आयोजित श्री महावीर जीवन दर्शन सम्मेलन में सीडीओ दीक्षा जैन व सीएसजेएमयू के कुलपति विनय पाठक हिस्सा लेंगे। विधान परिषद के सभापति मानवेन्द्र सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। शहर के अन्य मंदिरों और जिनालयों में भी प्रभु का पूजन अर्चन होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के महामंत्री अमित जैन ने बताया कि उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।


डॉ. सुरेश अवस्थी को पुरस्कार दिया गया। अमृत विचार

## हिंदुस्तानी एकेडमी सम्मान से विभूषित हुए डॉ. सुरेश अवस्थी

**कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि, राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शिक्षाविद एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुरेश अवस्थी को हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयागराज द्वारा आयोजित भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अकादमी के 99वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया। समारोह में अकादमी के सचिव डॉ. अजित कुमार सिंह ने डॉ. अवस्थी को प्रतीक चिन्ह, दुपट्टा एवं अन्य सम्मान सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 12 अन्य विद्वानों को भी सम्मानित किया गया। साहित्यकारों ने बालकृष्ण भट्ट, राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन एवं सुभद्रा कुमारी चौहान की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

झूमे-नाचे | भव्य वाहन रैली के साथ धूमधाम से मना चेटीचंड महोत्सव

# रंगारंग कार्यक्रम, मेले व प्रतियोगिताओं ने बांधा समां


सिंधी समाज के लोग जमकर नाचे-गाए। अमृत विचार


गायकों ने पेश किए गीत। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिंधी समाज के सबसे गौरवशाली पर्व चेटीचंड एवं नववर्ष संवत्सर के अवसर पर भारतीय सिंधू सभा, कानपुर द्वारा रविवार को विशाल वाहन रैली एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः नौ बजे हेमू कालाणी पार्क, शास्त्री नगर से रैली को गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः शास्त्री नगर पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने आकर्षक फैंसी ड्रेस में भाग लिया। सफेद वेशभूषा और केसरिया साफों में सजे प्रतिभागियों ने कार, बाइक व स्कूटी पर झंडों के साथ उत्साह का प्रदर्शन किया। समापन पर सिंधी धर्मशाला में भंडारा आयोजित हुआ। सायंकाल हेमू कालाणी पार्क में भव्य मेले व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया। कार्यक्रम में कटारिया ब्रदर्स व मास्टर साक्षम ने शानदार प्रस्तुति दी। डांडिया, नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं, आतिशबाजी व लकी ड्रा आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत भारतीय सिंधू सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अगनानी द्वारा किया गया, कार्यक्रम में विशेष रूप से इंद्रजीत आहूजा (टोनी), किशन तलरेजा, दीपक अंशवानी, जय पमनानी, महेश रामनानी, गिरधारी लाल चंदानी, गोविंद खत्री, अशोक खत्री, लखी सावलानी, प्रकाश बदलानी, मनोज गनवानी, अमित खत्री, विकी छाबड़ा, हरीश रामचन्दानी आदि उपस्थित थे।

# रामनवमी पर गूंजे भजन-लोकगीत

- भक्ति संगीत संध्या में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़
- प्रयाग नारायण मंदिर शिवाला में हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रामनवमी के पावन अवसर पर शिवाला स्थित 166 वर्ष प्राचीन दक्षिण भारतीय महाराज प्रयाग नारायण मंदिर में भक्तिमय माहौल के बीच भक्ति संगीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। भगवान लक्ष्मीनारायण के सभा मंडप में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन सद्प्रेरक स्व. बद्री नारायण तिवारी की स्मृति में किया गया।

संध्या आरती के उपरांत राम स्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कविता सिंह द्वारा प्रस्तुत जन्म बधाई गीत "बाजत अवध बधैया, जन्मे हैं रघुवीरैया" ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद नगर के विभिन्न संगीत घरानों से जुड़े कलाकारों ने भजन एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

डॉ. रेनू निगम ने "राम रतन धन पायो" एवं "जय मीरा के गिरधर नागर" जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं मनीषा सिंह ने "श्री राम जय राम" और "जनक भवन में होरी खेलत रघुबीरा" प्रस्तुत कर सराहना बटोरी। रश्मि सविता ने भी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।

बाल योगी चैतन्य पुरी महाराज, डॉ. अंगद सिंह, डॉ. ए.के. त्रिवेदी, डॉ. प्रदीप दीक्षित सहित अनेक गणमान्य नागरिकों व युवाओं की उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत अभिनव नारायण तिवारी व राघव नारायण तिवारी ने किया, जबकि संयोजन "मुकुल" विजय नारायण तिवारी द्वारा किया गया। संचालन डॉ. प्रदीप दीक्षित व मनोज सेंगर ने किया।


भजन गाते कलाकार। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### मिशन शक्ति टीम ने चलाया महिला जागरुकता अभियान

**शुक्लागंज, उन्नाव।** रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में थाना गंगाघाट की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा के तरीके सिखाने के साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी विस्तार से बताए। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहना बेहद जरूरी है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह भी अपील की कि किसी भी परेशानी या आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करें, जिससे समय रहते सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल का दूसरा चरण आज से

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल का दूसरा चरण 30 व 31 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल सप्रू क्रिकेट स्टेडियम, शुक्लागंज में संपन्न होगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रायल उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के अंतर्गत कराया जा रहा है। इसमें जनपद के प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# 100 से कम पशुओं वाली गौशालाएं की जाएंगी बंद

## एसीएस ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा, दिशा-निर्देश जारी

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव



गौशाला का निरीक्षण करते एसीएस मुकेश मेश्राम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड की गौशालाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए रविवार को अपर मुख्य सचिव (पशुधन) मुकेश मेश्राम और अपर निदेशक डॉ. अजय कुमार कनौजिया ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि शासन की मंशा के अनुरूप संसाधनों का सदुपयोग अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले की जिन भी गौशालाओं में 100 से कम गोवंश हैं, उन्हें तत्काल बंद कर बड़े केंद्रों में समाहित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दो अलग-अलग गांवों की गौशालाओं का जायजा लिया रुदवारा गौशाला में केवल 90 गोवंश मिले। एसीएस ने नाराजगी जताते हुए संख्या बढ़ाकर न्यूनतम 100 करने और बीमार पशुओं का अविलंब उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चारे की कमी को देखते हुए उन्होंने गौशाला की रिक्त भूमि पर नेपियर और साइलेज घास का उत्पादन तत्काल शुरू करने को कहा।

राजमार्ग के किनारे स्थित अमरेथा गौशाला में 360 गोवंश सुरक्षित मिले। यहां की साफ-सफाई को देखकर अधिकारियों ने इसे सराहा और निर्देश दिया कि जिले की अन्य गौशालाओं में भी इसी अमरेथा मॉडल को लागू किया जाए। पशुओं के चारे के संकट को दूर करने के लिए अधिकारियों ने भूसा बैंक पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब भूसा आसानी से उपलब्ध है, तब न्यूनतम और किफायती दरों पर अधिकतम भंडारण कर लिया जाए, ताकि पूरे वर्ष पशुओं के लिए चारे की कोई कमी न हो। निरीक्षण के समय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (हसनगंज) डॉ. सुरेश कुमार कनौजिया, और पशु चिकित्सा अधिकारी (नवाबगंज) डॉ. राजेश कुमार मौर्य मौजूद थे। साथ ही ग्राम प्रधान भोला (अमरेथा) और विजयपाल (रुदवारा) को भी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

### होली और ईद मिलन समारोह में दिया भाईचारे का संदेश

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर के हाकिम टोला स्थित मौलाना हसरत मोहानी लाइब्रेरी में होली एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र की कई हस्तियों ने भाग लेकर एक-दूसरे को त्योहारों की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कहा कि होली के रंग और ईद की मिठास समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सरकारों की जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसी नीतियां बनाएं, जिससे देश में सौहार्द बना रहे। उन्होंने यह भी कहा कि 1947 से पूर्व धार्मिक स्थलों की स्थिति को यथावत रखने का कानून बनाया गया था, लेकिन आज कुछ नफरत फैलाने वाली ताकतें पुराने मुद्दों को उठाकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रही हैं, जिससे देश की प्रगति प्रभावित होती है।

### प्रभु श्रीराम के 14 वर्षों की यात्रा को लेखक ने अपनी किताब में पिरोया

**उन्नाव, अमृत विचार।** सो सब तव प्रताप रघुराई नाथ न कछु मोरी प्रभुताई इन्हीं भक्तिमय पंक्तियों के साथ प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित पुस्तक श्री रामचरितम् (यात्रा श्री राम की) अब अपने मूल रूप में पाठकों के लिए उपलब्ध है। कई वर्षों की कठिन तपस्या और भारत के विभिन्न राज्यों में प्रभु राम के 14 वर्ष के वनगमन स्थलों के सचित्र वर्णन के साथ यह पुस्तक तैयार हुई है। लेखक का मानना है कि यह महादेव की विशेष कृपा है कि अयोध्या से शुरू हुई यह यात्रा रामेश्वरम के राम सेतु तक सफलतापूर्वक पूर्ण हुई। स्वयं को केवल एक माध्यम मानते हुए लेखक ने कहा कि जब गोस्वामी तुलसीदास जी जैसे महान कवि ने स्वयं को मंद गंवार कहा, तो किसी साधारण मनुष्य का सामर्थ्य नहीं कि वह इस ईश्वरीय यात्रा का पूर्ण वर्णन कर सके। लेखक ने पूर्व की भांति अंतिम सांस तक दिव्यांग जनों की सेवा करने का अपना संकल्प भी दोहराया। इस पुस्तक का उद्देश्य केवल धार्मिक प्रचार ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्थान भी है। पुस्तक से प्राप्त होने वाली सहयोग राशि का वितरण सेवा कार्यों के लिए इस प्रकार निर्धारित किया गया है 50 प्रतिशत राशि दिव्यांग जनों की निरस्वार्थ सेवा हेतु समर्पित होगी। 5 प्रतिशत राशि गांधी पुस्तकालय के लिए, जहां जिले का गौरव बढ़ाने वाले छात्र अध्ययन करते हैं।



गंगा का जलस्तर बढ़ने से हुई कटान। अमृत विचार

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से फिर सताने लगा कटान का खतरा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा का जलस्तर कई दिनों से लगातार बढ़ रहा है जिससे एक बार फिर रेलवे पुल से लेकर मिश्रा कॉलोनी तक कटान का खतरा गहरा गया है। हालांकि सिंचाई विभाग की ओर से फिलहाल कटान रोकने के लिए केवल बांस-बल्ली लगाकर अस्थायी व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों को पर्याप्त राहत नहीं मिल पा रही है। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में जलस्तर घटने के बाद तेज कटान हुआ था, जो मिश्रा कॉलोनी के पक्के मकानों के करीब तक पहुंच गया था। उस समय भी विभाग ने अस्थायी उपाय कर स्थिति को नियंत्रित किया था। पश्चिमी बांधों से रुक-रुक कर पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का बहाव तेज हो गया है। गंगा की धारा सीधे कटान स्थल से टकरा रही है, जिससे मिट्टी का क्षरण तेज हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कई मकान पहले से ही कटान के मुहाने पर हैं और यदि शीघ्र स्थायी समाधान नहीं किया गया तो भारी नुकसान हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से ठोस और स्थायी सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है।




मेधावी छात्रों के साथ खड़े प्रबंधक और अभिभावक। अमृत विचार

### पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावियों का सम्मान

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। शुभारंभ प्रबंधक राकेश, एसबीआई मैनेजर नीरज साहू, रुचि साहू, प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह व उप प्रधानाचार्य सुरेश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। परीक्षा प्रमुख वीरेन्द्र सिंह व शिशु वाटिका प्रमुख अलका शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित समारोह में 888 शिशुओं का परीक्षाफल घोषित हुआ। तनिष्का राय, कृषिका कनौजिया, गजेंद्र सिंह, मिश्री गुप्ता, काव्य गुप्ता, शिवांश सिंह चौहान, कृषिका कश्यप, अनिकेत विश्वकर्मा, माही श्रीवास्तव, अदिती बाजपेई, विराट शर्मा, निर्भय अवस्थी, दिव्यांश तिवारी, गौरी वर्मा, कीर्ति गुप्ता, ओम तिवारी, श्रीनिधि मिश्रा, कान्हा त्रिवेदी, रफ्फान खान, रिफ्का रहमान, रुद्रांश गिरि, आद्या कुमारी, पंखुड़ी गौतम, शिवांश बाजपेई, अनन्या गुप्ता, मानवी पांडेय, प्रिंस गुप्ता, श्रेष्ठ यादव, लक्ष्मी सिंह, आकांक्षा शर्मा, तनुष्क आदि को सम्मानित किया गया।

### कल्याणी मंदिर में महाप्रसाद वितरण संपन्न

**उन्नाव, अमृत विचार।** श्री मां कल्याणी मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्र के दसवीं के शुभावसर पर माँ कल्याणी माता की रात्रि 10 बजे शयन आरती पश्चात मां के सेवकों को विशेष आशिर्वाद रूपी मां का खजाना व महाप्रसाद वितरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम मन्दिर समिति के मंत्री कमलेश नाथ अवस्थी, हाईकोर्ट अधिवक्ता ओ0 पी0 तिवारी, उपमंत्री गोपाल तिवारी, कोषाध्यक्ष सर्वेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिसमें युवा शक्ति प्रिंस पटेल, युवराज सिंह, नयन तिवारी व पंकज तिवारी विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पी के मिश्रा ने दी।

### मेधावी छात्र-छात्राएं हुईं सम्मानित





मेधावियों को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गोपीनाथपुरम स्थित सरोज सरस्वती शिशु मन्दिर में रविवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ, जिसमें प्रथम सत्र में पीजी से कक्षा दो तथा द्वितीय सत्र में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों को परिणाम वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के प्रबंधक सुशील कुमार श्रीवास्तव ने परिणाम घोषित किए, जबकि प्रधानाचार्य दुर्गेश भारद्वाज ने अतिथियों का परिचय कराया। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वरिष्ठ आचार्य महानंद चौधरी ने आभार व्यक्त किया। संचालन गीतांजलि शुक्ला व अवधेश मिश्रा ने किया।

# 929 परीक्षकों ने जांचीं 36,926 कॉपियां

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते परीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के नवें दिन रविवार को चारों केंद्रों पर 929 परीक्षकों ने 36,926 कॉपियों की जांच की। कुल 1606 परीक्षकों में से 929 उपस्थित रहे, जबकि 677 अनुपस्थित पाए गए। अब तक चारों केंद्रों पर कुल 84 प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है।

डॉ. जी.नाथ जी दयाल बालिका इंटर कॉलेज केंद्र पर हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 49 तथा 517 में से 234 परीक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने 11,580 कॉपियां जांचीं। यहां 27 में से 19 अंकेक्षक मौजूद रहे और अब तक 79,266 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। राजकीय इंटर कॉलेज केंद्र पर 37 में 35 डिप्टी हेड और 356 में 216 परीक्षक उपस्थित रहे। यहां 10,260 कॉपियां जांची गईं। 18 में 14 अंकेक्षक मौजूद रहे। अब तक 76,325 कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है। इस केंद्र पर गणित, वाणिज्य और संस्कृत विषय की सभी कॉपियां जांच ली गई हैं। जीजीआईसी केंद्र पर इंटर के 31 में 26 डिप्टी हेड और 297 में 196 परीक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने 5,950 कॉपियां जांचीं। अब तक यहां 70,146 कॉपियों का मूल्यांकन (96 प्रतिशत) पूरा हो चुका है। अटल बिहारी इंटर कॉलेज केंद्र पर 30 में 27 डिप्टी हेड और 286 में 146 परीक्षक उपस्थित रहे। यहां 10,136 कॉपियां जांची गईं। अब तक 58,239 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है।

# एआरटीओ प्रवर्तन व ट्रक चालकों में हुआ विवाद, एक-दूसरे पर हाथापाई का आरोप

**उन्नाव, अमृत विचार।** दही थाना अंतर्गत एक धर्म कांटे के पास बीती रात चेकिंग के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन व ट्रक चालकों में कहासुनी का वीडियो वायरल हुआ। इसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया लेकिन किसी ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई। दही थाना क्षेत्र के साइट नंबर दो स्थित एक धर्म कांटा के पास परिवहन विभाग की एआरटीओ प्रवर्तन प्रतिभा गौतम ने चेकिंग अभियान चलाया था। इसी दौरान एक ट्रक को रोककर उसके दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान कथित रूप से नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर ट्रक का चालान किया गया। आरोप है कि चालान की कार्रवाई के बाद ट्रक चालक और प्रवर्तन टीम के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें प्रवर्तन टीम के कुछ लोग चालक के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा चालक की पिटाई की गई। हालांकि वीडियो की सत्यता और पूरी परिस्थितियों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों और वाहन चालकों में आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं पूरे मामले पर रविवार को एआरटीओ प्रवर्तन प्रतिभा गौतम ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि चेकिंग के दौरान चालकों ने अभद्रता की उनकी सरकारी वाहन की चाबी निकाल ली और कर्मियों से मारपीट की। दही एसओ ने बताया ट्रक सीज करने के बाद थाने में खड़ा कराया गया है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



विशेष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कंचन नगर स्थित महर्षि दयानन्द सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज में रविवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 11 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, मेडल एवं एकेडमिक कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उनके अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक प्रभात शुक्ला ने अभिभावकों को सम्मानित करते हुए बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सह-प्रबंधक विराट शुक्ला ने कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संभालीं। प्रधानाचार्या सुषमा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



पीएचसी स्वास्थ्य मेले में मौजूद मरीज। अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेले में 86 मरीजों का हुआ परीक्षण

**शुक्लागंज, उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 86 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अभिषेक अवस्थी आदि रहे।

### रेलवे पुल पर गिट्टियां हटाने का काम तेज मरम्मत की तैयारी

**शुक्लागंज, उन्नाव।** रेलवे पुल की डाउन लाइन पर प्रस्तावित मरम्मत कार्य को लेकर रेलवे विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को पुल पर गिट्टियां हटाने का कार्य तेजी से कराया गया। रेल कर्मियों और गैंगमैनों की टीम ने कानपुर की ओर से काम शुरू कर शुक्लागंज की दिशा में आगे बढ़ते हुए गिट्टी हटाने का कार्य जारी रखा। जानकारी के अनुसार अगले माह जर्जर ट्रफ को बदलने के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाना प्रस्तावित है। इसे देखते हुए पहले से ही ट्रैक को खाली करने और अन्य तकनीकी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। विभाग का प्रयास है कि ब्लॉक के दौरान कार्य शीघ्रता से संपन्न हो सके। रेलवें के मुताबिक मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद पुल की मजबूती और सुरक्षा में सुधार होगा।

# नौ बटुकों ने धारण किया यज्ञोपवीत

संवाददाता उन्नाव



गायत्री मंदिर में जनेऊ धारण करते बटुक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ धाम में वैदिक रीति-रिवाजों के बीच 9 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान बटुकों ने न केवल आध्यात्मिक पथ पर चलने की शपथ ली, बल्कि समाज से दहेज प्रथा और नशे की लत को जड़ से मिटाने का भी कड़ा संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल प्रमुख मालती मिश्रा और दीनू शुक्ला द्वारा लोक मंगल एवं विश्व शांति की कामना के साथ किया गया। शक्तिपीठ में स्थापित 2 कुंडों में 60 साधकों ने गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ आहुतियां प्रदान कीं और गायत्री माता व यज्ञ भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया। शांतिकुंज हरिद्वार से दीक्षा प्राप्त पंडित चन्द्र किशोर द्विवेदी और अशोक कुमार दीक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बटुकों को यज्ञोपवीत धारण कराया। संस्कार ग्रहण करने वाले बटुकों में शुभम तिवारी, आकाश तिवारी, अभिषेक मिश्रा, गौरव बाजपेई, शाश्वत मिश्रा, गोपाल मोहन पांडेय, मुदीन नारायण पांडे, अवधेश कुमार पाण्डेय और निवेश दीक्षित शामिल रहे। यज्ञोपवीत धारण करने के पश्चात सभी बटुकों ने समाज में व्याप्त बुराइयों दहेज और नशा सेवन का विरोध करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने कहा आज समाज में दहेज के दानव के कारण हमारी बेटियों को बलिदान होना पड़ रहा है।

### खंती में ट्रैक्टर उतरने से चालक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** सरिया लादकर जाते समय ट्रैक्टर ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर खंती में उतर गई। इसमें स्टेयरिंग से टकरा कर चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद से परिजनों में चीखपुकार मची है। सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र रुपनी खेड़ा गांव निवासी अशोक (34) पुत्र रामनरेश पड़ोसी गांव दयाल खेड़ा निवासी संजय शुक्ला के ट्रैक्टर का चालक था। शनिवार शाम एक फैक्ट्री से सरिया लादकर गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव जा रहा था। साथ में संजय भी था। तभी कारोवन-परियर मार्ग पर सिकंदरपुर गांव के आगे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में उतर गया। इसमें तेज धक्का लगने से अशोक का सीना स्टेयरिंग से टकरा गया। इसके बाद वह नीचे भी गिर गया। साथ रहे संजय को भी मामूली चोट आई। एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां से परिजन उसे निजी अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस पर रात में परिजन शव घर ले आए। रविवार सुबह पुलिस को सूचना दी। इस पर मगरवारा चौकी इंचार्ज रवि शंकर पांडेय ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति की मौत से पत्नी रानी बेहाल है। छोटे भाई रंजीत ने बताया उसके तीन छोटे बच्चों में बेटे करन, अर्जुन व बेटी रागनी है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया परिजनो ट्रैक्टर से हादसा होने की जानकारी दी थी। पोस्टमार्टम कराया गया है।

# पाइप लाइन फटने से आधा दर्जन मोहल्लों की जलापूर्ति ठप

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नगर पालिका की पाइप लाइन फटने से शनिवार शाम आधा दर्जन मोहल्लों की जलापूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। फोरलेन स्थित सुभाष नगर के सामने भूमिगत पाइप लाइन जलापूर्ति के दौरान अचानक फट गई, जिससे हजारों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पालिका द्वारा तत्काल जलापूर्ति बंद कर दी गई, लेकिन रविवार को अवकाश होने के कारण मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका। इसके चलते सुभाष नगर, आनंद नगर, मदनी नगर, मॉडर्न कॉलोनी और कप्तान साहब हाता सहित कई इलाकों में सुबह-शाम होने वाली पानी की सप्लाई बाधित रही। जलकल प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि पाइप लाइन में लीकेज के कारण आपूर्ति रोकी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।



पानी बहने से धंसी सड़क। अमृत विचार

उधर, नगरपालिका परिसर में बनी पानी की टंकी की मरम्मत कार्य भी जारी है। अमृत योजना के तहत पश्चिमी क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए टंकी को तैयार किया जा रहा है। रविवार को टंकी की सफाई का कार्य सुबह से शाम तक कराया गया।

### मानदेय वृद्धि व कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर जताया आभार

**उन्नाव, अमृत विचार।** आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक निराला पार्क में संपन्न हुई, जिसमें शिक्षामित्रों ने मानदेय वृद्धि एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने पर सरकार के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मानदेय वृद्धि के आदेश का समय से पालन सुनिश्चित कराने के लिए बीएसए कार्यालय से लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है, ताकि सभी शिक्षामित्रों को बढ़ा हुआ मानदेय समय से मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिन ब्लॉकों में संगठन के अध्यक्ष पद रिक्त हैं, वहां जल्द ही चुनाव कराए जाएंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने भी सरकार के इस निर्णय की सराहना की। बैठक को श्याम किशोर बाजपेई, विजय शर्मा, अनिल पटेल और राजेश दीक्षित ने संबोधित किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अमरेंद्र दुबे एवं महामंत्री यदुवीर यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान धनंजय सिंह, मनोज चौधरी, प्रताप नारायण मिश्रा, संजय गुप्ता, आलोक सिंह, राहुल सिंह, राजकुमार, पवन कुमार, जयपाल सिंह, संतोष कुमार, सूर्यभान सिंह, जाहिर खान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने 170 भक्तों की टोली को अयोध्या धाम के लिए किया रवाना

**उन्नाव, अमृत विचार।** रविवार को विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के ग्राम सन्नी से लगभग 170 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने टोली को भगवा झंडी दिखाकर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ गंतव्य की ओर रवाना किया।

सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा अपने निजी संसाधनों से यह यात्रा निरंतर आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के बुजुर्गों और मातृ-शक्ति को तीर्थ स्थलों के दर्शन कराना है। विधायक ने इस सेवा कार्य को श्रवण कुमार की परंपरा से जोड़ते हुए समाज में भक्ति और सेवा का संदेश दिया है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा यह क्षण मेरे जीवन का अमूल्य और अविस्मरणीय अनुभव बन गया है। श्री राम की असीम कृपा से मुझे यह अवसर मिला कि मैं अपने बड़े-बुजुर्गों और देवतुल्य समाज को अयोध्या धाम की यात्रा कराने का माध्यम बन सका। वास्तव में, आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति और पूंजी है। जैसे ही यात्रा की बसें रवाना हुईं, श्रद्धालुओं के जयघोष, भजन-कीर्तन और प्रभु श्री राम के नारों से पूरा ग्राम सन्नी और आसपास का क्षेत्र भक्ति-रस में सराबोर हो गया। इस अवसर पर प्रखर गुप्ता, सर्वेश लोधी, सुरेश शुक्ला, धीरज सिंह, राधेश्याम शुक्ला आदि रहे।

### रज्जन लाल बने प्रबंध समिति के अध्यक्ष



प्रबंध समिति की नव निर्वाचित कार्यकारिणी। अमृत विचार

**नवाबगंज, अमृत विचार।** श्याम लाल इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का निर्वाचन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित पर्यवेक्षक की निगरानी में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी होने पर उपस्थित लोगों ने संतोष जताया। निर्वाचन की कार्यवाही राजकीय हाईस्कूल अरेर कला के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार की देखरेख में संपन्न कराई गई। इस दौरान सर्वसम्मति से रज्जन लाल अवस्थी को अध्यक्ष, जगत पाल सिंह को उपाध्यक्ष, मनोज गुप्ता को प्रबंधक और विजय प्रताप सिंह को उप प्रबंधक चुना गया। वहीं, लालता प्रसाद तिवारी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा चंद्रभान सिंह, रावेन्द्र पांडेय, चंद्रसेन द्विवेदी, मुकुंद मोहन त्रिपाठी, महादेव यादव, प्रदीप सिंह राठौर और डॉ. संतोष गुप्ता को सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संस्था के विकास व शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया।

## उपलब्धि की उड़ान

उत्तर प्रदेश के जेवर में निर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ केवल एक अवसंरचनात्मक उपलब्धि के साथ ही 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना का सशक्त उद्घोष है। लगभग 11,200 करोड़ रुपये की लागत से बना यह हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दबाव को कम करते हुए उत्तर भारत के एक नए एविएशन हब के रूप में उभरने की क्षमता रखता है। यह परियोजना 'विकसित भारत–2047' के लक्ष्य के अनुरूप है, जहां क्षेत्रीय संतुलित विकास, लॉजिस्टिक्स दक्षता और वैश्विक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जा रही है।

उत्तर प्रदेश में पहले से लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, बरेली, हिंडन जैसे सक्रिय हवाई अड्डे हैं। छोटे-बड़े मिलाकर प्रदेश में एक दर्जन से अधिक सक्रिय एयरपोर्ट हो चुके हैं, जबकि कुछ हवाई पट्टियों से उड़ानें सीमित या अस्थायी रूप से बंद भी रही हैं, जिनका पुनरुद्धार 'उड़ान योजना' के तहत किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट का कार्गो टर्मिनल विशेष महत्व रखता है। इसके संचालन से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेषकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, अलीगढ़, मेरठ के उद्योगों, कृषि-उत्पादों और ई-कॉमर्स को वैश्विक बाजार तक तेज पहुंच मिलेगी। यदि उद्घाटन के पहले आवश्यक सुरक्षा और परिचालन मंजूरियां पूरी हो जातीं हैं, तो कार्गो ढुलाई शीघ्र शुरू हो सकती थी, अब इसमें कुछ समय लगेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की मंजूरी अनिवार्य है। इसके बिना न तो नियमित टिकट बुकिंग शुरू हो सकती है और न ही पूर्ण पैमाने पर कार्गो संचालन। इन प्रक्रियाओं से पहले हुए उद्घाटन को पूर्ण संचालन की शुरुआत अथवा लोकार्पण के बजाए 'राजनीतिक-संकेतात्मक' उद्घाटन कहना बहुत अनुचित नहीं। 40 एकड़ में प्रस्तावित मेंटीनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल सुविधा इस परियोजना की सबसे दूरगामी उपलब्धियों में से एक है। भारत अब तक विमान रखरखाव के लिए विदेशों पर निर्भर रहा है। यह केंद्र उत्तर प्रदेश को एविएशन सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा, रोजगार सृजित करेगा और विदेशी मुद्रा की बचत भी करेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की सबसे बड़ी चुनौती कनेक्टिविटी है। दिल्ली से मात्र 70 किमी दूरी के बावजूद यदि यात्री को महंगे टैक्सी किराए पर निर्भर रहना पड़े, तो 'हवाई चप्पल वाले' आम नागरिक के लिए हवाई यात्रा महंगी हो जाएगी। फिलहाल मेट्रो विस्तार, रैपिड रेल, एक्सप्रेसवे बस सेवाएं और रेलवे लिंक प्रस्तावित हैं, लेकिन ये कब पूरी होंगी, अनुमान लगाना मुश्किल है। फिर भी, इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जा सकता।

यह एयरपोर्ट न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि पर्यटन, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में व्यापक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो पहले दिल्ली पर निर्भर था, अब स्वयं एक आर्थिक केंद्र के रूप में उभर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'उत्तम प्रदेश' की परिकल्पना में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, परंतु असली परीक्षा अब शुरू होती है, कनेक्टिविटी को किफायती बनाना, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट को जोड़ना और संचालन को पारदर्शी व कुशल बनाना।

### प्रसंगवश

## बातें बची हैं, पर बातचीत क्यों खत्म हो रही है!

आज हमारे पास शब्दों की कोई कमी नहीं है, कमी है उस सच्चाई, उस गहराई और उस आत्मीय स्पर्श की, जो शब्दों को साधारण 'बात' से उठाकर सच्ची बातचीत में बदल देता है। हम दिन भर अनगिनत लोगों से बात करते हैं, संदेशों का आदान-प्रदान करते हैं, प्रतिक्रियाएं देते हैं, फिर भी जब रात की खामोशी उतरती है, तो भीतर एक अजीब-सा खालीपन रह जाता है। यह खालीपन यूं ही नहीं जन्म लेता, यह इस बात का साक्षी है कि 'बातें' तो बहुत हुईं, पर 'बातचीत' कहीं खो गई, क्योंकि बातचीत केवल शब्दों का मेल नहीं, बल्कि दो मनों, दो भावनाओं और दो आत्माओं का सच्चा जुड़ाव है और जब यह जुड़ाव नहीं बनता, तो शब्द केवल शोर बनकर रह जाते हैं। आज बातचीत के खत्म होने की सबसे बड़ी वजह यह है कि हमने उसे एक औपचारिकता, एक आदत और एक रूटीन बना दिया है। 'क्या हाल है?', 'सब ठीक?', 'खाना खाया?'— ये सवाल जरूरी जरूर हैं, लेकिन ये रिश्तों में जीवन नहीं भरते, ये सिर्फ उनकी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। असली बातचीत तब जन्म लेती है, जब हम सतह से नीचे उतरते हैं, जब हम सच में जानना चाहते हैं कि सामने वाला कैसा है, उसके भीतर क्या चल रहा है, कौन-सी बातें उसे चुप कर रही हैं और सबसे जरूरी, जब हम इन सवालों के जवाब सुनने के लिए ठहरते हैं, बिना जल्दबाजी, बिना औपचारिकता, पूरी संवेदनशीलता के साथ।



कृति जैन
लेखिका

हमारी सबसे बड़ी कमी यही है कि हम सुनना भूल गए हैं। हम सिर्फ जवाब देने के लिए इंतज़ार करते हैं। जब कोई अपनी बात कह रहा होता है, तब हमारा ध्यान उसकी भावनाओं पर नहीं, बल्कि अपने अगले शब्दों पर होता है। यही कारण है कि सामने वाला सुना हुआ नहीं, बल्कि अनदेखा और अनसुना महसूस करता है। यही अनदेखापन धीरे-धीरे एक गहरी दूरी में बदल जाता है, जो बिना शोर किए रिश्तों को कमजोर कर देता है और अंततः बातचीत को खत्म कर देता है। शायद अब समय आ गया है कि हम फिर से सीखें, कम बोलना नहीं, बल्कि सच में सुनना और दिल से जुड़ना।

डर और असुरक्षा भी बातचीत को गहराई तक पहुंचने से रोक देते हैं। हम अपनी सच्ची भावनाओं, अपने भीतर छिपे सच और अपनी नाज़ुक संवेदनाओं को व्यक्त करने से कतराते हैं। कहीं हमें गलत न समझ लिया जाए, कहीं हमारी कमजोरी उजागर न हो जाए, कहीं हमारी छवि टूट न जाए, इसलिए हम सुरक्षित शब्दों का सहारा लेते हैं, सतही बातें करते हैं और अपने असली भावों को भीतर ही दबाए रखते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जहां जोखिम नहीं होता, वहां सच्ची गहराई भी नहीं होती। बातचीत तब जीवंत और अर्थपूर्ण बनती है, जब हम अपने भीतर की सच्चाई को, अपनी अपूर्णताओं और असहजताओं के साथ, साहसपूर्वक सामने रखने का हौसला करते हैं।

तकनीक ने बातचीत को तेज़, सुविधाजनक और हर पल उपलब्ध जरूर बना दिया है, लेकिन उसे गहराई और संवेदनशीलता नहीं दे पाई। टेक्स्ट, इमोजी और छोटे-छोटे संदेशों ने भावनाओं को सीमित और संक्षिप्त कर दिया है। हम तुरंत जवाब तो दे देते हैं, लेकिन उन शब्दों को महसूस करने, उन्हें समझने और उनके पीछे छिपे भावों को पकड़ने का समय नहीं लेते, जबकि सच्ची बातचीत को समय चाहिए, ठहराव चाहिए, और एक ऐसा धैर्य चाहिए जिसमें शब्दों के बीच की खामोशी भी सुनी जा सके। जब हर चीज़ जल्दबाज़ी में हो, तो बातचीत भी उसी जल्दबाज़ी की शिकार हो जाती है और यही कारण है कि आज हम एक-दूसरे से जुड़े तो हैं, लेकिन वास्तव में समझे नहीं जाते। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)



हमेशा सही काम करो, इससे कुछ लोग प्रसन्न होंगे और बाकी लोग आश्चर्यचकित रह जाएंगे।
–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक

## ओली की गिरफ्तारी से सवालों के घेरे में बालेन सरकार





यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है, लेकिन इसकी जो टाइमिंग है, वह बालेन सरकार पर सवाल खड़े करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है, तो कोई हिंदू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है, यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका-आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरीयता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है, उससे ऐसा लगता है, अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है।

शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता, तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे, रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी, क्योंकि जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच के लिए गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है।

सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है, ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े-बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों-करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा-दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है, जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की। नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए।

नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरज़ू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृह मंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद, जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ, सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी-बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए।

जिन आरोपों में ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामे को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया, तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे-अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग-अलग हैं, वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं। बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही, तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक-एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग-अलग मत उभर कर सामने आए हैं।

बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा, क्योंकि फिर उन्हें कानून-व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा। ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृह मंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है।

एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृह मंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग (जो अब गृह मंत्री हैं) ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांतिपूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी, फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही।

आयोग ने रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है। उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है, हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है। यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


> नेपाल में सत्ता परिवर्तन का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, जनता ने ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं सोचा था। राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार करना ठीक था।

### आमने सामने



हमारे प्रदेश में (पीएम) मेहमान बनकर आए हैं, हम उनको मेहमान मानकर ही सम्मान सहित विदा करेंगे। जाने वालों की बात का बुरा नहीं माना जाता है। उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा। सादर विदाई!

–अखिलेश यादव
सपा प्रमुख



प्रधानमंत्री को 'मेहमान' बताने वालों, कान खोलकर सुन लो, उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता का हर घर उनका अपना घर है। मेहमान तो वो हैं, जो पांच साल में एक बार चुनाव देखकर एसी कमरों से बाहर निकलते हैं और हार दिखने पर संस्कारों का रोना रोते हैं।

–पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा

## महिला आरक्षण विधेयक में बदलाव की तैयारी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में जुट गई है। संसद के दोनों सदनों से पारित इस विधेयक के प्रारूप में परिसीमन की शर्त को विलोपित कर सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही महिलाओं को आरक्षण देने की है। परिसीमन की शर्त के साथ इस प्रावधान को लागू करना 2029 से पहले संभव नहीं है। इस विधेयक में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए संसद और विधानसभा की सीटें आरक्षित करना जरूरी है। सरकार चालू सत्र में संविधान संशोधन विधेयक कैबिनेट से पास कराकर संसद में पेश कर सकती है। यह सत्र दो अप्रैल तक ही है, इसलिए गृह मंत्री जरूरी बहुमत के लिए विपक्षी दलों से सहमति बनाने में जुट गए हैं।

केंद्र सरकार ने देश की आधी आबादी का अभिनंदन करते हुए सितंबर 2023 में 128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया था। लोकसभा में 27 साल से यह विधेयक लंबित था। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तय कर दी गई है। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो गई हैं। इन सीटों पर महिला प्रत्याशी ही चुनाव लड़ सकेंगी। यह आरक्षण की सुविधा 15 वर्ष के लिए तय की गई है, लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। देश में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं।

तकरीबन 27 साल पहले महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था, लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेशा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा शक्ति नहीं जता पाईं थीं।

नौ मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेश कर पास करा लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे, जबकि उनके पास लोकसभा में स्पष्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक कि समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी, हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं, तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं।

उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, '33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधानमंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए,' जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है? अब ऐसी जानकारी मिल रही है कि 33 प्रतिशत आरक्षित सीटों के अलावा अनारक्षित सीटों पर भी महिलाओं की उम्मीदवारी को प्राथमिकता देने का प्रावधान जोड़ दिया जाएगा। इससे एक तो संसद में महिलाओं की कुल हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 फीसदी हो जाएगी।

हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी। स्त्रीजन्य विषमताएं और भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। फिलहाल लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17 प्रतिशत है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल 9 फीसदी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> महिला आरक्षण अधिनियम में केंद्र बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में है। सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही आरक्षण देने की है।

### सोशल फोरम

## इलाहाबाद की स्मृतियां

इलाहाबाद लंबे समय तक साहित्य के केंद्र में था। छायावाद के तीन प्रमुख स्तंभ पंत, महादेवी और निराला की कर्मभूमि यदि इलाहाबाद था तो फ़िराक़, बच्चन, धर्मवीर भारती, कमलेश्वर, भैरव प्रसाद गुप्त, मार्कंडेय, अमरकांत, शेखर जोशी, दूधनाथ सिंह, ज्ञान रंजन, नरेश मेहता, सतीश जमाली, रविंद्र कालिया... यह फेहरिस्त बहुत लंबी है। खुशी और उत्साह के इस माहौल में पिछले दिनों अचानक मुझे इलाहाबाद से संबंधित एक किताब 'इलाहाबाद पैसेंजर' (उपन्यास) पढ़ने का अवसर मिला।



प्रतुल जोशी
स्वतंत्र लेखन

युवा लेखक संजीव राय ने अपने इस पहले उपन्यास के माध्यम से पिछली सदी के 8वें दशक के इलाहाबाद को बेहद कलात्मकता, मांसलता और सजीवता के साथ चित्रित किया है। उपन्यास की भावभूमि इलाहाबाद विश्वविद्यालय है। 'पूरब का ऑक्सफोर्ड' कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की विशेषता रही है कि यहां इलाहाबाद के आस-पास के ज़िलों से बड़ी संख्या में छात्र विद्याध्ययन के लिए आते रहे हैं। साथ ही अखिल भारतीय सेवाओं से लेकर प्रांतीय सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इलाहाबाद के वातावरण को बेहद अनुकूल माना जाता रहा था।

'इलाहाबाद पैसेंजर' का मुख्य किरदार हरिप्रताप (एचपी) है, जो उत्तर प्रदेश के बलिया ज़िले से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने आया है। 1988 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित हरिप्रसाद 18-19 साल का नवयुवक है। उपन्यास की भूमिका में संजीव राय लिखते हैं (यात्रा की पृष्ठभूमि) 'एचपी की अपनी जीवन यात्रा में एक से एक बकलोल, बड़े बड़े बकैत और भौकाली लोग आते हैं, जिनमें से कुछ अपने सपनों को साकार करते हैं, तो कुछ टूटे सपनों के साथ कई साल इलाहाबाद में रहने के बाद घर वापस चले जाते हैं, इस सबके बीच जिन कुछ दोस्तों को प्यार हुआ, जिन कुछ का दिल टूटा, उनको भी इन कहानियों में सहज रूप से जगह मिली है।

हॉस्टल और लल्ला चुंगी के अलावा एचपी का संसार यूनिवर्सिटी रोड की पान- चाय की टपरी, ममफोर्डगंज, कटरा में किसी दोस्त के कमरे पर अंडा करी-चावल का निमंत्रण, लक्ष्मी टॉकीज में रात के शो में फ़्री की फ़िल्म और कभी कभार सिविल लाइंस घूमने तक सीमित है। एचपी के साथ वाले कुछ आईएएस और पीसीएस में सेलेक्ट हो गए, कुछ के घर से जब पैसे आने बंद हो गए तो वे छात्र राजनीति में उतर आए और कुछ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## गैस संकट से निपटने को ठोस उपायों की जरूरत

खाड़ी देशों में चल रहे तनाव की वजह से उपजे गैस संकट ने रसोई के बजट और ऊर्जा सुरक्षा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। सबसे बड़ी चुनौती स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 फीसदी हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 फीसदी कच्चा तेल और 54 फीसदी एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। भारत दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है, जिसका उपयोग खाना पकाने के लिए किया जाता है।



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

गैस-तेल संकट पर पीएम मोदी ने संसद में कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। देशभर में सिलेंडर की कमी दिख रही है। खान-पान का कारोबार सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है। इन सबके बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार, अब जिनके यहां दो एलपीजी सिलेंडर हैं, उन्हें 35 दिन बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग दी जाएगी, हालांकि सिंगल सिलेंडर वालों के लिए बुकिंग की अवधि फिलहाल 25 दिन ही रहेगी। इसके अलावा, उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं की 45 दिन बाद बुकिंग स्वीकार की जाएगी। कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शासन के आदेशानुसार सिर्फ आपात सेवाओं और शिक्षण संस्थानों के लिए की जा रही है।

आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो 2014 तक देश में केवल 14 करोड़ एलपीजी कनेक्शन थे, जो अब दोगुने से भी अधिक बढ़कर 33 करोड़ हो गए हैं। भारत सरकार ने 'उज्ज्वला' या 'प्रकाश' स्वच्छ ऊर्जा योजना को बढ़ावा दिया है, जिसके तहत गरीब परिवारों को 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। बढ़ती जरूरतों के लिहाज से पिछले एक दशक में सरकार ने एलपीजी बॉटलिंग क्षमता को दोगुना कर दिया है, जबकि वितरण केंद्रों की संख्या 13,000 से बढ़कर 25,000 हो गई है।

भारत ने पिछले 11 साल में अपनी क्रूड ऑयल इंपोर्ट का डाइवर्सिफिकेशन किया है। पहले 27 देशों से एनर्जी इम्पोर्ट होता था, आज 41 देशों से इम्पोर्ट हो रहा है। वैश्विक संकट के आर्थिक असर को देखते हुए पीएम मोदी ने राज्यसभा में बताया कि भारत सरकार ने सात नए एंपावर्ड ग्रुप्स का गठन किया है। ये ग्रुप पेट्रोल, डीजल, गैस और सप्लाई चेन जैसी चुनौतियों पर 24 घंटे नजर रखेंगे। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। भारत में रसोई गैस सिलेंडर की समस्या आज की नहीं है। पहले की सरकारों के समय भी यह समस्या रही है। इस समस्या की मूल वजह है, सरकार के पास गैस भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था न होना। चूंकि गैस का भंडारण महंगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार आपूर्ति पर ही निर्भर बनाए रखा। मौजूदा सरकार ने भी गैस के भंडारण की समुचित व्यवस्था करने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किए। भारत में हर दिन 80 हजार टन एलजीपी की आवश्यकता है परन्तु भारत की भंडारण क्षमता सिर्फ डेढ़ लाख टन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


# व्हील्स



**कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन अब विकल्प से आगे बढ़कर बन रहे भविष्य की जरूरत बन रहे हैं। ईरान युद्ध के कारण मार्च माह में अब तक इलेक्ट्रिक कारों और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दर्ज किया गया है बड़ा उछाल**

# ईंधन की महंगाई के डर ने ईवी की मांग बढ़ाई

पश्चिम एशिया में एक माह से ज्यादा समय से जारी अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार और ऑटोमोबाइल उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और हॉर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से दुनिया भर में गहराते पेट्रोल-डीजल तथा गैस के संकट को देखते हुए लोगों की मांग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की तरफ मुड़ती नजर आ रही है। भविष्य में ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ने की आशंका के कारण उपभोक्ता पेट्रोल-डीजल या सीएनजी कारों का मोह छोड़कर इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि देश में पेट्रोल-डीजल या सीएनजी की खुदरा कीमतें नहीं बढ़ी हैं, लेकिन लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में दाम बढ़ाए जा सकते हैं। उनकी इस आशंका की झलक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और कार डीलरों से मिल रही है। बीते 15 दिनों में नई ईवी के लिए पूछताछ में 30 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई है। आटो सेक्टर विशेषज्ञ भी मौजूदा हालात में ईवी और प्लग-इन हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक वाहनों (पीएचईवी) के साथ इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों की मांग बढ़ने से इंकार नहीं कर रहे हैं।



**30%**
नई ईवी की मांग में और पुरानी ईवी की मांग में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है।

**20%**
की वृद्धि हुई है इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए होम चार्जर की मांग में

**1.38**
लाख यूनिट्स हो चुकी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री मार्च माह में

**2025**
में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे देश में

**80%**

### बैटरी चार्ज करें, फास्ट चार्जिंग जरूरत पर ही अपनाएं

- इलेक्ट्रिक वाहन में सबसे जरूरी पार्ट उसकी बैटरी होती है। कई कार कंपनियां ईवी की बैटरी पर लाइफटाइम वारंटी देती हैं। इससे बड़ी खराबी आने पर परेशान होने की जरूरत नहीं होती है। लेकिन, फिर भी कुछ छोटी-मोटी बातों का ध्यान रखकर ग्राहक बैटरी की क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ा सकते हैं। जैसे कार की बैटरी को हर समय 100 फीसदी चार्ज रखना जरूरी नहीं है। स्मार्ट फोन की तरह ही इसे आप 80 फीसदी तक चार्ज रख सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बैटरी पूरी तरह डिस्चार्ज न होने पाए। 20 फीसदी से कम चार्जिंग होते ही बैटरी को चार्जर से कनेक्ट कर दें।
- कई इलेक्ट्रिक कारों में फास्ट चार्जिंग की सुविधा होती है, जिससे उन्हें आधा या पौन घंटे में ही चार्ज किया जा सकता है, जबकि साधारण चार्जर से कार को फुल चार्ज करने में सात घंटे का समय लगता है। फास्ट चार्जिंग की सुविधा अच्छी है लेकिन, इसका इस्तेमाल हमेशा नहीं करना चाहिए। फास्ट चार्जिंग में बैटरी को कम समय में बहुत ज्यादा पावर दी जाती है, जिससे हीट जेनरेट होती है और यह हीट समय के साथ बैटरी की क्षमता को प्रभावित करती है। ऐसे में समय नहीं हो और लंबी यात्रा पर जाना हो, तभी फास्ट चार्जर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### ईवी कंपनियां जल्द ला सकती बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल

- ईवी निर्माता कंपनियों ने भी लोगों का रुझान देखते हुए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इसमें बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल को अपनाने की बात कही जा रही है, जिसमें ग्राहक को बैटरी की पूरी कीमत एक साथ नहीं देनी होगी। इस कदम से ईवी खरीदना पेट्रोल कार जितना सस्ता हो जाएगा। सरकार भी युद्ध की स्थिति को देखते हुए देश में ही बैटरी सेल बनाने पर अधिक जोर दे रही है ताकि बाहरी देशों पर निर्भरता कम की जा सके। वैसे भी भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक सभी नए वाहनों की बिक्री का कम से कम 30 फीसदी हिस्सा ईवी हो, ऐसे में वर्तमान संकट इस बदलाव को और गति देगा, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### 23 दिन में 11 हजार इलेक्ट्रिक कारों की ब्रिकी

- कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता के कारण मार्च माह के 23 दिनों में ही इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण पिछले साल के मार्च माह के कुल आंकड़ों का 90 फीसदी से अधिक हो चुका है। आंकड़ों के अनुसार 11 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक कारों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, साल 2025 के मार्च माह में कुल 12,356 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई थी। इसी अवधि में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री करीब 1.38 लाख यूनिट्स हो चुकी है, जो पिछले साल इसी महीने में कुल बिक्री 1.31 लाख से काफी अधिक है।

### पिछले साल से 20% उछाल का अनुमान

- पुरानी कारों का कारोबार करने वालों की मानें तो युद्ध के कारण कार खरीदने का ट्रेंड भी बदलता नजर आ रहा है। बाजार में यूज्ड ईवी के लिए पूछताछ और मांग बढ़ गई है। युद्ध और लंबा खिंचता है, तो यह बदलाव आने वाले समय में और रफ्तार पकड़ सकता है। ऑटो बाजार के आंकड़ों के मुताबिक देश में साल 2025 में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि थी। यदि खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ती हैं, तो इस वर्ष यह वृद्धि दर 20 फीसदी से अधिक रहने की उम्मीद लगाई जा रही है।

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

## काम की बात

### ड्राइविंग टिप्स



- यू-टर्न लेते समय हमेशा पहले गियर का इस्तेमाल करें। मुड़ने से पहले गाड़ी को थोड़ा बाईं ओर (सफेद पट्टी के पास) ले जाएं ताकि मुड़ने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। इसी तरह टर्न सिग्नल्स पर मुड़ने से पहले हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करें और शीशों में पीछे से आने वाले वाहनों को देखें। हाईवे पर अपनी लेन में रहें और ओवरटेक करते समय सावधानी बरतें। लंबी यात्रा के दौरान हर तीन घंटे में ब्रेक जरूर लें।

### क्लच पैडल की सेटिंग



- अगर क्लच पैडल की हाइट और फ्री प्ले सही नहीं है तो कई तरह की समस्याएं हो सकती है, जैसे क्लच स्लिप होना, गियर बदलने में दिक्कत आना, इंजन पर एक्स्ट्रा दबाव और क्लच प्लेट और अन्य पाट्र्स जल्दी खराब होना। इन समस्याओं को नजरअंदाज करने पर क्लच पूरी तरह खराब हो सकता है। क्लच की लाइफ बढ़ाने के लिए बेवजह क्लच पर पैर रखकर न चलाएं, ब्रेक लगाते समय हर बार क्लच न दबाएं, सिग्नल पर गाड़ी न्यूट्रल में रखें। चढ़ाई पर क्लच की बजाय हैंड ब्रेक का इस्तेमाल करें।

### इस तरह रखें ख्याल



- गर्मियों में कार को कोशिश करें कि कवर्ड पार्किंग, पेड़ या बिल्डिंग की छाया में खड़ी करें। इससे कार का केबिन ज्यादा गर्म नहीं होगा। इसी तरह धूप में तपती कार में बैठते ही तुरंत एसी न चलाएं। पहले विंडो नीचे करें या डोर खोलकर एक मिनट रुकें, ताकि अंदर की गर्मी बाहर निकल जाए, इसके बाद एसी चालू करके उसे धीरे-धीरे बढ़ाएं। इसी तरह कार की विंडो पर सनशेड भी लगाकर बाहर की गर्मी रोक सकते हैं।

### गर्मियों में कार मेंटेनेंस



- कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें। डैशबोर्ड को ढकें, और इंजन को ठंडा रखने के लिए सही कूलेंट का इस्तेमाल करें। इंजन को ओवरहीटिंग और पेंट को खराब होने से बचाएं।कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें।

## रॉयल एनफील्ड की नई गुरिल्ला-450 स्मार्ट और स्पोर्टी

मिडसाइज मोटरसाइकल सेगमेंट में दुनिया की नंबर एक कंपनी रॉयल एनफील्ड ने देश में अपनी नई गुरिल्ला-450 लॉन्च कर दी है। यह अपडेटेड मॉडल बाइक हिमालयन 450 वाले दमदार प्लेटफॉर्म पर आधारित है, लेकिन इसे सड़क पर तेज और आरामदायक राइडिंग के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने ग्राहकों के फीडबैक को ध्यान में रखते हुए इसमें कई सुधार करके इस बाइक को पहले से ज्यादा आधुनिक बना दिया है। नया मॉडल ज्यादा अग्रेसिव लुक और बेहतर टायरों के साथ नई खूबियों से लैस है। इसमें पीछे की सीट पर एक सीट काउल दिया गया है, जिसे हटाकर आप पीछे सवारी बैठा सकते हैं। इस बार कंपनी ने लाइनअप में एक नया एपेक्स वेरिएंट भी जोड़ा है। यह उन लोगों के लिए है जिन्हें स्पोर्टी लुक और आक्रामक राइडिंग पोजीशन पसंद है। यह खासतौर पर उन युवाओं को आकर्षित करेगा जो शहर के भीतर एक पावरफुल और स्टाइलिश बाइक चलाना चाहते हैं। गुरिल्ला 450 की एक्स-शोरूम कीमत 2.49 लाख रुपये से 2.72 लाख रुपये के बीच रखी गई है। इसे चार मुख्य वेरिएंट्स एनालॉग, डैश, फ्लैश और एपेक्स में पेश किया गया है। बाइक की बुकिंग शुरू हो चुकी है और बिक्री 31 मार्च से शुरू करने के लिए कहा जा रहा है।



## केटीएम 350 ड्यूक और एडवेंचर अगले माह होंगी लॉन्च

आस्ट्रियाई मोटरसाइकिल ब्रांड केटीएम एक बार फिर बाइक बाजार में हलचल मचाने को तैयार है। नई केटीएम 350 ड्यूक और 350 एडवेंचर अगले माह लॉन्च होने वाली है। देश में 350 सीसी इंजन वाली मोटरसाइकिलों की मांग पिछले साल लागू किए गए संशोधित जीएसटी ढांचे के कारण अचानक बढ़ी है। नए कर कानूनों में 350 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों को विलासिता की वस्तु माना जाता है, और उन पर 40 फीसदी कर लगता है, जबकि 350 सीसी या उससे कम इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर 18 फीसदी कर देय है। केटीएम 390 ड्यूक में 399 सीसी का इंजन लगा होने से यह 40 फीसदी कर के दायरे में आती है। ऐसे में इंजन का डिस्प्लेसमेंट घटाकर 350 सीसी से थोड़ा नीचे लाकर केटीएम ने कर में 22 फीसदी की बचत की है। इससे कंपनी को कीमतों के मामले प्रतिस्पर्धी रुख अपनाने का मौका मिला है। कंपनी का कहना है कि दमदार परफॉर्मेंस बनाए रखकर, लागत कम की है। फिलहाल एक्स शो रूम कीमत 2.60 लाख से 2.80 लाख कर होना संभावित है। कंपनी का दावा है कि पॉवर क्षमता कम होने के बावजूद ये बाइक्स दिखने और चलाने में मौजूदा 390सीसी बाइक्स से काफी मिलती-जुलती होंगी। कंपनी स्टाइल, आक्रामक लुक और दमदार इंजन की खूबियां बरकरार रहने का भरोसा दिला रही है। बस इंजन का आकार थोड़ा छोटा (शॉर्ट स्ट्रोक) होगा, लेकिन केटीएम का मूल अनुभव बरकरार रहेगा। माना जा रहा है कि केटीएम ड्यूक 350 एडवेंचर बाइक प्रेमियों के लिए वह बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती है, जिसकी उन्हें जरूरत थी।



## फरारी की सुपर लग्जरी कार ‘849 टेस्टारोसा’

भारत में लग्जरी और सुपरकारों की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए फरारी ने अपनी नई फ्लैगशिप सुपर कार ‘849 टेस्टारोसा’ को देश में लॉन्च कर दिया है। यह कार कंपनी की पॉपुलर सुपरकार एसएफ 90 स्ट्राडेल की जगह लेगी। फरारी 849 टेस्टारोसा परफॉर्मेंस और लग्जरी दोनों मामलों में काफी खास रहने वाली है। इस नई सुपरकार को मॉडर्न टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ शानदार डिजाइन और पावरफुल इंजन के साथ पेश किया गया है। इस कार में 16 इंच का बड़ा डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जिससे ड्राइवर को सारी जरूरी जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसके अलावा इसमें 9 इंच का टचस्क्रीन डिस्प्ले भी है। यह सिस्टम वायरलेस एन्ड्रायड ऑटो और एपल कारप्ले को सपोर्ट करता है, जिससे स्मार्टफोन आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है। कार में 7 स्पीकर वाला ऑडियो सिस्टम भी दिया गया है, जो बेहतरीन साउंड क्वालिटी का अनुभव कराता है। प्रीमियम इंटीरियर, मॉडर्न डिजाइन और एलईडी हेडलाइट्स जैसे शानदार फीचर्स इस सुपरकार को लग्जरी और टेक्नोलॉजी का बेहतरीन कॉम्बिनेशन बनाते हैं। रफ्तार के मामले यह कार यह सिर्फ 2.3 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड 330 किलोमीटर प्रति घंटा है। माना जा रहा है कि फरारी 849 टेस्टारोसा का भारत में मुकाबला लैंबॉर्गिनी रेव्यूल्टो से होगा। फिलहाल फरारी ने अपनी इस कार की एक्स-शोरूम कीमत 10.38 करोड़ रुपये के आसपास रखी है। कार की डिलीवरी अगले दो माह के भीतर शुरू कर दी जाएगी।



## मारुति लाएगी नई मॉडर्न व स्टाइलिश 7-सीटर ई-कार



मारुति सुजुकी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा के बाद अब एक नई 7-सीटर इलेक्ट्रिक कार उतारने की तैयारी में जुट गई है। यह नई मॉडर्न और स्टाइलिश कार MPV सेगमेंट में उतारी जाएगी। कंपनी की योजना साल 2030 तक देश के बाजार में अपने मॉडल्स की संख्या बढ़ाकर बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने की है, जिसमें इलेक्ट्रिक कारों का बड़ा हिस्सा होगा। अपनी नई 7-सीटर ईवी को कंपनी YMC कोडनेम दिया गया है और यह 27पीएल प्लेटफॉर्म पर तैयार की जा रही है। माना जा रहा है कि इस कार में जापान में बिकने वाली सुजुकी स्पेसिया की झलक देखने को मिलेगी। इस नई इलेक्ट्रिक MPV का डिजाइन थोड़ा बॉक्सी हो सकता है, ताकि लोगों को अंदर थोड़ी ज्यादा जगह मिल सके। इसके लिए तीन पंक्तियों में इस तरह सीटिंग दी जाएगी, जिससे 7 लोग आराम से बैठ सकें। इस कार के बारे में जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक चौकोर हेडलाइट्स, बड़ी ब्लैक ग्रिल पर क्रोम फिनिश और बड़ा मजबूत बंपर दिया जाएगा। भले ही इस कार में स्लाइडिंग डोर न दिए जाएं, लेकिन डिजाइन में बलेनो और फ्रांक्स के कुछ फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। इस कार में 49kWh और 61kWh बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं। छोटी बैटरी के साथ 440 किमी और बड़ी बैटरी के साथ 543 किमी की रेंज मिलने की उम्मीद है। इसमें वही पावरट्रेन इस्तेमाल किया जाएगा जो ई-विटारा में दिया गया है। मारुति की यह कार अगले साल लॉन्च होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## 36 हजार करोड़ से ज्यादा का ऑटो रिक्शा बाजार

कॉम्पैक्ट डिजाइन, संकरी गलियों में सुगमता और कम दूरी की यात्रा में उपयोगिता के कारण ऑटो रिक्शा (थ्री व्हीलर) अब देश के छोटे-छोटे शहरों में परिवहन का महत्वपूर्ण सर्व सुलभ साधन बन चुके हैं। बड़े शहरों में भी यातायात जाम वाले तथा बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंध वाले इलाकों में आवाजाही और माल ढुलाई में ऑटो रिक्शा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के चलते देश में ऑटो रिक्शा का बाजार जो कि साल 2025 में लगभग 36,000 करोड़ रुपये था, इसके 2031 तक 70,000 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इस बढ़ती मांग में मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा की हिस्सेदारी 2030 तक 65-75% तक होने का अनुमान है। बजाज ऑटो इस बाजार का अग्रणी ब्रांड है, जो 60% से अधिक हिस्सेदारी रखता है। इसके बाद महिंद्रा और पियाजियो का स्थान है। पिछले वित्त वर्ष में ऑटो रिक्शा की बिक्री ने करीब 8 लाख यूनिट्स के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया था। इस आंकड़े के साथ भारत दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाजार बन गया है। 2025 में वैश्विक इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बिक्री में भारत की हिस्सेदारी करीब 60% रही है।



### दुनिया को ‘ऑटो रिक्शा’ शब्द भारत ने दिया

- ऑटो रिक्शा से हर किसी की यादें जुड़ी हैं। दुनिया को ‘ऑटो रिक्शा’ शब्द भारत की ही देन है। वर्ष 1947 में भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली और कई उद्योगपतियों ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम शुरू किया। वर्ष 1948 में फिरोडिया ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को अपना ऑटो-रिक्शा दिखाया। फिरोडिया ने इसके लिए उस समय बछराज ट्रेडिंग कारपोरेशन के के साथ जॉइंट वेंचर बनाया था, बाद में यही कंपनी बजाज ऑटो के नाम से जानी गई। उस समय देश में उत्पादन के लिए लाइसेंस लेना होता था।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार ,30 मार्च 2026
www.amritvichar.com



### बीएसपीटीसीएल को सूचीबद्ध कराने की योजना

**नयी दिल्ली।** बिहार सरकार अपनी बिजली पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। बिहार के बिजली सचिव मनोज कुमार सिंह ने साक्षात्कार में कहा कि हम अपनी पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रहे हैं और मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति के लिए रुचि पत्र (ईओआई) जारी किया है।

## बिजनेस ब्रीफ

### जीवन और साधारण बीमा क्षेत्र में उतरेगी जियो फाइनेंशियल

**मुंबई।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) इस साल साधारण बीमा और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में उतरने की योजना बना रही है। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की बिना गारंटी वाले ऋण और टिकाऊ उपभोक्ता सामान (जैसे टीवी, फ्रिज आदि) के ऋण बाजार में तत्काल उतरने की कोई योजना नहीं है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक हितेश सेठिया ने कहा कि हम 2026 में बीमा व्यवसाय शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं, बशर्ते कि सभी नियामकीय मंजूरियां मिल जाएं। उन्होंने बताया कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज अपनी समान संयुक्त उद्यम साझेदार कंपनी आलियांज के साथ मिलकर साधारण और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में काम करेगी।

### एनएसई 13 अप्रैल से शुरू करेगा ब्रेंट कच्चा तेल वायदा अनुबंध

**नयी दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चे तेल (प्लैट्स) का वायदा कारोबार शुरू करेगा। इससे एक्सचेंज के वैश्विक तेल बेंचमार्क से जुड़े जिंस वायदा पेशकश का विस्तार होगा। यह अनुबंध, एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी (प्लैट्स) दिनांकित ब्रेंट मूल्यांकन पर आधारित होगा, और इसका कारोबार बीआरक्रूडऑयल के रूप में किया जाएगा। एनएसई ने एक परिपत्र में कहा- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिलने के बाद वह 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चा तेल (प्लैट्स) वायदा अनुबंध शुरू करने जा रहा है।

### इंटेलियस रिकोड ने सेबी पर जमा कराए आईपीओ दस्तावेज

**नयी दिल्ली।** इंटेलियस रिकोड लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष शुरुआत दस्तावेज दाखिल किए हैं। आईपीओ दस्तावेजों (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम में 117 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 12.9 लाख शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

### इंडिगो शुरू करेगी 30 से अधिक नये मार्गों पर उड़ानें

**नयी दिल्ली।** देश की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो ने 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नये मार्गों पर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बताया कि नये मार्गों में नवी मुंबई से आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, चंडीगढ़, दीव, कन्नूर, कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम् के लिए उड़ानें शामिल होंगी।

# संकट प्रभावित क्षेत्रों के लिए और राहत पैकेज पर विचार कर रही सरकार

## खासकर लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए ला सकती है और राहत पैकेज

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर वर्गों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए और राहत पैकेज ला सकती है।

सूत्रों के अनुसार, सरकार पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कई कदम उठा चुकी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी राहत उपाय करने से पीछे नहीं हटेगी। सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल को इस कर से मुक्त कर दिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर आम लोगों पर कम पड़े।

साथ ही, देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर फिर से शुल्क लगाया गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। इससे पहले सरकार ने निर्यातकों को उनकी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए कुछ रियायतें दी थीं।

पश्चिम एशिया संकट के बाद से कारोबारी समुदाय की दिक्कतें बढ़ी हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि मौजूदा हालात में सरकार को सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों और परिवारों को तुरंत राहत देने की जरूरत है।

### एटीएफ पर टैक्स कम कराने के प्रयास में मंत्रालय

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** नागर विमानन मंत्रालय एयरलाइन कंपनियों पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्प तलाश रहा है। इसमें एक विकल्प राज्य सरकारों के साथ मिलकर विमान ईंधन (एटीएफ) पर कर को कम करना है। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। उसके बाद हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के चलते एयरलाइन कंपनियों की परिचालन लागत बढ़ रही है। एक उच्चस्तरीय सूत्र ने कहा कि मंत्रालय बड़े प्रयासों के हिस्से के रूप में एयरलाइंस पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहा है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और मंत्रालय ने जेट ईंधन पर कर कम करने की संभावना को लेकर मुख्यमंत्रियों और राज्य सरकारों के साथ चर्चाएं शुरू की हैं। एयरलाइन की कुल परिचालन लागत में एटीएफ का हिस्सा करीब 40% होता है। विभिन्न राज्यों में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर टैक्स अलग-अलग होता है।

# ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास

## पश्चिम एशिया संकट के चलते घबराहट में खरीदारी से बचने की लोगों से की अपील

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच सरकार ने देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर ज्यादा खरीदारी से बचने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश में रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पूरे देश में पर्याप्त है और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया कि कुछ राज्यों में अफवाहों के कारण लोगों ने घबराकर ज्यादा खरीदारी की, जिससे कुछ पेट्रोल पंप पर भीड़ और बिक्री में अचानक बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, देश के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क भी लगाया गया है।

गैस क्षेत्र में घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) और सीएनजी के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जबकि उद्योगों को उनकी सामान्य जरूरत का करीब 80 प्रतिशत गैस मिल रही है। उर्वरक कारखानों को 70-75 प्रतिशत गैस दी जा रही है और अतिरिक्त एलएनजी की व्यवस्था भी की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि शहरों में गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार तेज किया जा रहा है और एलपीजी की जगह पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन जोड़े गए हैं।

बयान में कहा गया कि एलपीजी की आपूर्ति पर अंतरराष्ट्रीय हालात का असर पड़ा है, लेकिन फिलहाल किसी तरह की कमी की सूचना नहीं है। रोजाना 55 लाख से अधिक सिलेंडर की डिलिवरी हो रही है और दुरुपयोग रोकने के लिए सख्ती बढ़ाई गई है।

मंत्रालय ने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और इसमें होटल, खानपान सेवाओं और जरूरी उद्योगों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने मिट्टी के तेल (केरोसिन) की आपूर्ति भी बढ़ाई है और जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज की है। हाल ही में करीब 2,900 छापे मारे गए और लगभग 1,000 सिलेंडर जब्त किए गए।

बयान में कहा गया कि राज्यों को निगरानी बढ़ाने, रोजाना जानकारी देने, अफवाहों पर रोक लगाने और गैस से जुड़े ढांचे के काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की अनावश्यक खरीदारी से बचें।

### प. एशिया संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया भरोसेमंद : सीआईआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई समस्याओं पर सरकार की तेज, समन्वित और संतुलित प्रतिक्रिया की सराहना की। साथ ही, उद्योग मंडल ने भारत के उद्योग जगत के लिए 12-सूत्रीय योजना भी पेश की, ताकि सरकार के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि हालांकि नीतिगत प्रतिक्रिया ने तात्कालिक जोखिमों को कम कर दिया है, लेकिन बदलती स्थिति के लिए सरकार और उद्योग के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता है। बनर्जी ने कहा कि नीतिगत दृष्टिकोण ने उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने और व्यवहार्य उद्यमों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

बनर्जी ने कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया समय पर, संतुलित और भरोसेमंद रही है। यह सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारू रखना, निर्यातकों का समर्थन करना, परिवारों की सुरक्षा करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल के दाम तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा




**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख तय करेंगे धारणा : विश्लेषक

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा रुपये-डॉलर का रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में धारणा को प्रभावित करेंगी।

शेयर बाजार मंगलवार को महावीर जयंती और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कह कि इस सप्ताह वैश्विक वृहद घटनाक्रम खासकर कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर बातचीत की प्रगति से बाजार की दिशा प्रभावित होगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ाने के लिए रुपये की स्थिरता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और मार्च का एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई महत्वपूर्ण रहेगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कमजोर होते रुपये के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। वहीं ईरान ने इसके जवाब में अमेरिका के सहयोगी देशों और तेल अवीव पर हमले किए। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आगे देखें तो, बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और भूराजनीतिक घटनाक्रम इसकी प्रमुख वजह हैं। निवेशकों की निगाह पश्चिम एशिया की स्थिति पर रहेगी। संघर्ष बढ़ने या घटने का धारणा पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख निकट भविष्य में धारणा तय करेंगे। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एनएसई निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा।लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा-आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक वैश्विक रुख से तय होने की उम्मीद है।

## दिल्ली-एनसीआर में आवास बिक्री में 17 फीसदी की गिरावट: एनारॉक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण नकारात्मक धारणा के चलते जनवरी-मार्च की अवधि में दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री तिमाही आधार पर 17 प्रतिशत घटकर लगभग 16,000 इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी।

हालांकि, सालाना आधार पर मांग में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका कारण पिछले साल का निचला आधार प्रभाव है। एनारॉक के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च की मौजूदा अवधि के दौरान घरों की बिक्री 15,985 इकाई रही, जो इससे पिछली तिमाही के 19,250 इकाई की तुलना में 17 प्रतिशत कम है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 11,120 इकाई की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़ी है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि भारत के आवास क्षेत्र के दीर्घकालिक बुनियादी सिद्धांत मजबूत बने हुए हैं, लेकिन ईरान युद्ध के अल्पकालिक प्रभाव पहली तिमाही में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए।

### ओला इलेक्ट्रिक को ग्राहक का स्कूटर बदलने या पैसा लौटाने का निर्देश

**मुंबई, एजेंसी।** ठाणे के एक उपभोक्ता आयोग ने ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज को खराब इलेक्ट्रिक स्कूटर बदलने या पूरा पैसा ग्राहक को लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि यह कंपनी की ओर से 'गंभीर खामी' का मामला है।जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (अतिरिक्त ठाणे) ने हाल ही के एक आदेश में कहा कि बेंगलुरु की यह विनिर्माता कंपनी अनुचित व्यापार व्यवहार में शामिल है। आयोग ने कहा कि मामले को देखने पर पता चलता है कि उपयुक्त वाहन सही स्थिति में नहीं था और इसमें कई तरह की खामियां थीं।

## एआई से नहीं जाएंगी नौकरियां, काम होगा आसान

### भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है डेलॉयट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- सीओओ ने बताया-जल्द ही शुरू करेंगे क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र

कृत्रिम मेधा (एआई) से बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए डेलॉयट के दक्षिण एशिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नितिन केनी ने कहा है कि कंपनी भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है और इसमें कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकी के अनुरूप कौशल बढ़ाने पर खास जोर दिया जा रहा है। एक साक्षात्कार में केनी ने बताया कि डेलॉयट देश में तेजी से विस्तार और निवेश की योजना पर काम कर रही है और जल्द ही 'क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र' शुरू करने की तैयारी है।

उन्होंने कहा कि एआई के कारण नियुक्तियों पर असर पड़ने की चिंता सही नहीं है। डेलॉयट एआई को नौकरियां कम करने वाला साधन नहीं मानती, बल्कि काम को ज्यादा आसान और प्रभावी बनाने का जरिया मानती है। केनी ने कहा कि नौकरियों में कटौती करना कोई समाधान नहीं है। जरूरी है कि लोगों के कौशल को बढ़ाया जाए, ताकि वे नई प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर अधिक मूल्य वाले और जटिल काम कर सकें। उन्होंने बताया कि कंपनी अब तक करीब 30,000 कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण दे चुकी है, जबकि लगभग 20,000 कर्मचारी कंपनी के अपने मंच पर काम करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डेलॉयट के कुल वैश्विक कर्मचारियों में से लगभग एक-तिहाई भारत में काम करते हैं, जिससे भारत कंपनी के लिए एक अहम बाजार है। केनी ने कहा कि कंपनी अपनी आय का करीब नौ प्रतिशत हिस्सा कौशल विकास, क्षमता बढ़ाने और नए प्रयोगों पर खर्च करती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# केरल: पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी

## एलडीएफ और यूडीएफ ने केरल को लूटा है, इनसे सावधान रहें

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**



केरल के त्रिशूर में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। साथ में प्रत्याशी पद्मजा वेणुगोपाल।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रचार अभियान के तहत रविवार को यहां एक रोड शो किया। वहीं पलक्कड़ में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि केरल में अगली सरकार राजग ही बनाएगा।

रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग उनकी एक झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। रोड शो की शुरुआत जिला अस्पताल के निकट हुई। भीषण गर्मी की परवाह किये बिना, लोग कई घंटे पहले सड़क के किनारे एकत्र हो गए थे और नारे लगा रहे थे और अपने मोबाइल फोन से उन पलों की फोटो खींच रहे थे जब प्रधानमंत्री ने एक खुले वाहन से उनका अभिवादन स्वीकार किया। त्रिशूर जिले में राजग के प्रमुख उम्मीदवारों पद्मजा वेणुगोपाल और लोकसभा में त्रिशूर का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने रोड शो में हिस्सा लिया। पलक्कड़ में चुनाव रैली को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूडीएफ और एलडीएफ दोनों पर निशाना साधते हुए उन पर दशकों तक भ्रष्टाचार करने और राजनीतिक अवसरवादिता में लिप्त होने का रविवार को आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि दशकों से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने मिलकर केरल को लूटा है... इस व्यवस्था में हमारा केरल फंसा रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी... आपको दोनों से सावधान रहना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और आपके सहयोग से हम यहां सरकार बनाएंगे और केरल की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### रैली में धुआं से दहशत

**पलक्कड़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली में उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब एक एम्पलीफायर से धुआं निकलता देखा गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना प्रधानमंत्री के रैली स्थल कोट्टामैदानम पहुंचने से कुछ ही समय पहले घटी। ध्वनि प्रसारक का प्रबंधन करने वालों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और एम्पलीफायर को हटा दिया।

## पुराने कृत्यों के लिए शाह पर चार्जशीट होनी चाहिए: ममता

**पुरुलिया (पश्चिम बंगाल),एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक चार्जशीट (आरोपत्र) जारी किए जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके पुराने कृत्यों के लिए चार्जशीट दाखिल होनी चाहिए। बनर्जी ने पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो वह महिलाओं के लिए शुरू की गई लक्ष्मीर भंडार योजना बंद कर देगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि यदि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो लोगों की खानपान संबंधी पसंद पर पाबंदियां लगा दी जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के जरिये 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

### आयोग ने किया 83 अफसरों का तबादला

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले एक नए फेरबदल में चुनाव आयोग ने रविवार को राज्य भर में प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) सहित 83 अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिया। आयोग जारी आदेश के अनुसार, सबसे अधिक स्थानांतरण पूर्वी मिदनापुर जिले से हुए हैं, जहाँ 14 बीडीओ और एआरओ का तबादला किया गया है।

### हटाए गए मतदाताओं के लिए ट्रिब्यूनल पोर्टल शुरू

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की शिकायतों के समाधान के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद एक विशेष ट्रिब्यूनल प्रणाली और ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है, जिसके तहत प्रभावित मतदाता रविवार से अपील दर्ज कर सकेंगे। ट्रिब्यूनल जल्द ही काम करना शुरू करेंगे, जिससे जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराने और निवारण का अवसर मिलेगा। इससे पहले आयोग ने राज्य के 23 जिलों में ट्रिब्यूनल गठित किए थे, जिनकी देखरेख के लिए 19 पूर्व न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

## असम: भाजपा लगाएगी हैट्रिक, लगातार तीसरी बार सत्ता में आएगी : नितिन नबीन

**तिनसुकिया (असम), एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को दावा किया कि पार्टी असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी। मार्गेरिटा से उम्मीदवार एवं मौजूदा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नबीन ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर राज्य के विकास के बजाय वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस काले अध्याय को याद रखना जरूरी है।

कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा हैट्रिक लगाने वाली है। हमने पहली बार सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी, इसके बाद हिमंत विश्व शर्मा का कार्यकाल रहा। इस बार हम मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में अपनी तीसरी सरकार बनाएंगे। नवीन ने कहा कि वह 2009-10 से विभिन्न पार्टी कार्यों के सिलसिले में असम आते रहे हैं और राज्य भर में व्यापक दौरे कर चुके हैं। उस समय विकास की कोई चर्चा ही नहीं होती थी। जब मैं एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना चाहता था तो तनाव बना रहता था। जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के बाद पूरी स्थिति बदल गई और पूरा देश असम के विकास की बात करने लगा।

### हर अवैध प्रवासी को वापस भेजना होगा : शाह



**ढेकियाजुली (असम), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध किया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहते हैं। शाह ने गोगोई से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

### भाजपा ने असम को धोखा दिया: सैकिया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम विधानसभा में निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष देवव्रत सैकिया ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग को न्याय दिलाने में नाकाम रही है और इसने कई मोर्चों पर जनता के साथ विश्वासघात किया है। सैकिया ने भरोसा जताया कि नौ अप्रैल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा के विश्वासघातों की सूची लंबी है, लेकिन अंतिम और सबसे गंभीर विश्वासघात जुबिन गर्ग के मामले में न्याय सुनिश्चित न कर पाना है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार मांग करता रहा कि इस मामले की कार्यवाही की सार्वजनिक निगरानी हो, लेकिन सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सैकिया ने कहा- असम की जनता शुरू से ही नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ थी, लेकिन भाजपा ने उनकी भावनाओं की अनदेखी करते हुए इसे लागू किया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### लेबनान में पत्रकारों की हत्या वैश्विक चेतना के लिए चेतावनी : ईरान

**तेहरान/बेरूत।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे सिर्फ मीडिया जगत की बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेज्जीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन की पत्रकार फातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजराइल रक्षा बल द्वारा किया जाना बताया जा रहा है। अराघची ने इस हमले को स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या करार दिया और कहा कि यह सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश है।

### गैस संकट: महाराष्ट्र के मंत्री के घर पर रिक्शा चालकों का प्रदर्शन

**छत्रपति संभाजीनगर।** पश्चिम एशिया युद्ध के कारण ऑटो रिक्शा के लिए ईंधन की आपूर्ति बाधित होने का आरोप लगाते हुए कई चालक रविवार को महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट के आवास के बाहर एकत्रित हुए। रिक्शा चालकों ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें ईंधन नहीं मिल रहा है। इसी वजह से उन्होंने शिरसाट को अपनी परेशानी से अवगत कराने के लिए इस तरह का विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया। इसके जवाब में, शिरसाट ने जिला आपूर्ति अधिकारी को फोन किया और उन्हें ऑटो रिक्शा चालकों की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। शिरसाट ने जिला आपूर्ति अधिकारी से कहा, इन ऑटो रिक्शा चालकों को पिछले चार दिनों से ईंधन नहीं मिला है।

### विजयपत सिंघानिया का मुंबई में किया गया अंतिम संस्कार

**मुंबई।** उद्योगपति और रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार को मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। वर्ष 1980 से 2000 तक कंपनी की कमान संभालने वाले सिंघानिया का शनिवार शाम निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे। वह 87 वर्ष के थे। पद्म भूषण से सम्मानित सिंघानिया की अंतिम यात्रा दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास से शुरू हुई। उनके बेटे गौतम सिंघानिया और मधुपति ने अंतिम संस्कार का नेतृत्व किया। वर्तमान में रेमंड की कमान गौतम सिंघानिया के हाथों में है। अंतिम संस्कार चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान गौतम सिंघानिया की पत्नी नवाज मोदी भी मौजूद रहीं। नवाज मोदी ने बताया कि उन्होंने विजयपत सिंघानिया के साथ लंबा समय बिताया।

# नेपाल में पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड्का को भी किया गिरफ्तार

**काठमांडू, एजेंसी**

- धनशोधन के मामले में गिरफ्तारी पहले से थे भ्रष्टाचार के आरोप

नेपाल पुलिस ने पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड्का को धन शोधन के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

'द हिमालयन' ने नेपाल पुलिस के के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ के हवाले से बताया कि सीआईबी ने रविवार सुबह खड्का को हिरासत में ले लिया। पिछले साल जनरेशन जी के विरोध प्रदर्शन के दौरान ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आए जिसमें खड्का और पूर्व प्रधानमंत्रियों शेर बहादुर देउबा एवं पुष्प कमल दहल प्रचंड के आवास पर जले नोटों के टुकड़े दिख रहे थे। बाद में फोरेंसिक प्रयोगशाला से इन निष्कर्षों की पुष्टि की गई।

### ओली की गिरफ्तारी पर देशभर में प्रदर्शन

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को रविवार को काठमांडू जिला न्यायालय ने पांच दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी गिरफ्तारी के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन जारी हैं। ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए जेन जी आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। ओली की पार्टी शनिवार से ही देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी अपने अध्यक्ष ओली को तत्काल रिहा करने की मांग कर रही है।

### केंद्र के अभियान की उपलब्धियां

नक्सलवाद के खात्मे के लिए वैसे तो यूपीए की पूर्ववर्ती केंद्र सरकार के कार्यकाल में भी अभियान चलाए गए लेकिन एनडीए सरकार की ओर से वर्ष 2017 में शुरू किए गए अभियान 'समाधान' के काफी हद तक ठोस नतीजे सामने आए हैं। इस अभियान के तहत नक्सलमुक्त भारत का लक्ष्य तय करते हुए इसकी मियाद 31 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई थी। दो दिन अभियान का समय पूरा होने जा रहा है। इस बीच सुरक्षा बलों ने सैकड़ों माओवादियों को मार गिराया है, साथ ही सैकड़ों को गिरफ्तार भी किया है। काफी संख्या में माओवादियों ने हथियार डालने की घोषणा करते हुए आत्मसमर्पण भी किया है। इसके बाद तमाम नक्सल प्रभावित जिले नक्सलमुक्त हो गए हैं और उनमें घटनाएं शून्य हो गई हैं। नक्सलवाद के खिलाफ इस लड़ाई में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय ही सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा।

# नक्सलमुक्त भारत



### बड़ा अभियान... समाधान

- मई 2017 में तत्कालीन गृह मंत्री ने इस व्यापक अभियान की घोषणा की थी। इस अभियान में एक बहुआयामी दृष्टिकोण निहित किया गया था। इसमें आठ बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया था।
- अभियान में कुशल नेतृत्व, आक्रामक रणनीति, प्रोत्साहन और प्रशिक्षण, सटीक सूचनाएं, प्रगति की निगरानी, तकनीक, प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग कार्ययोजना और फंडिंग रोकने के बिंदु तय किए गए थे।

### अभियान के मुख्य लक्ष्य

- शून्य सहिष्णुता के तहत नक्सलियों के हिंसक हमलों को पूरी तरह रोकना सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य था।
- उन इलाकों में नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जाने थे जहां पहले अक्सर पुलिस नहीं पहुंच पाती थी।
- सड़क निर्माण, मोबाइल टावर, बैंक और पोस्ट ऑफिस खोलना ताकि लोग मुख्यधारा से जुड़ सकें।
- नक्सलियों को अपने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए मदद करना और प्रोत्साहित देना।

2024 के शुरुआती 10 महीनों में छत्तीसगढ़ में 190 से अधिक नक्सली मारे गए थे। नक्सलियों के सुरक्षित गढ़ माने जाने वाले अबूझमाड़ जैसे इलाकों में अब सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित हो चुके हैं।

### ऑपरेशन ग्रीन हंट

यह वर्ष 2009 में यूपीए सरकार के दौरान शुरू किया गया एक बड़ा सैन्य अभियान था जिसके तहत नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा के जंगलों से नक्सलियों का सफाया कर प्रशासनिक नियंत्रण स्थापित किया जाना था।

### अभियान की उपलब्धियां

- सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 1,500 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए जो छत्तीसगढ़, झारखंड और महाराष्ट्र में सक्रिय थे।
- सरकार की पुनर्वास नीति के कारण 10,000 से अधिक नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया।
- सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर और इंटेलिजेंस के आधार पर 15,000 से अधिक माओवादियों को इस अभियान में गिरफ्तार किया।
- नक्सली हिंसा की घटनाओं में 73% की गिरावट और आम नागरिकों और सुरक्षा बलों की मृत्यु दर में लगभग 86% की कमी आई।

नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, इनकी संख्या अब घटकर 38 रह गई है। | प्रभावित इलाकों में हिंसा की घटनाओं में करीब 70-80% तक की गिरावट दर्ज की गई है। | नक्सलवाद अब छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे देश के कुछ इलाकों तक सीमित रह गया है।

# पश्चिम एशिया में विश्वविद्यालय भी निशाने पर

## तेहरान विश्वविद्यालय पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने दी जवाबी हमले करने की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ईरान के तेहरान विश्वविद्यालय पर अमेरिकी हमले के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में दूसरे विश्वविद्यालयों के भी हमलों का निशाना बनने की आशंका पैदा हो गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर 30 मार्च दोपहर 12 बजे तक अमेरिका और इजराइल ने ईरान के शिक्षण संस्थानों पर हुई बमबारी की निंदा नहीं की तो वे पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली विश्वविद्यालयों पर जवाबी हमले करेंगे।

ईरानी अधिकारियों ने मार्च महीने में विश्वविद्यालय और कई शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों पर अमेरिकी-इजराइली हमलों की जानकारी दी है, जिसमें 28 मार्च को तेहरान में साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर हुआ हमला भी शामिल है। ईरानी मीडिया ने बताया कि वैज्ञानिक और अनुसंधान के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है और करीब पांच लोग मारे गए हैं। आईआरजीसी ने एक बयान में ईरानी विश्वविद्यालय पर हुई बमबारी की निंदा करते हुए इसके बाद पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी और इजराइली विश्वविद्यालयों को अपना वैध लक्ष्य बताया है।

आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने तेहरान साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर बमबारी करके एक बार फिर ईरानी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका को यह पता होना चाहिए कि अब से पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी और इजराइली विश्वविद्यालय हमारे लिए वैध लक्ष्य होंगे। ईरानी विश्वविद्यालय के बदले में दो विश्वविद्यालयों पर हमला किया जाएगा। आईआरजीसी ने इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, प्रोफेसरों और छात्रों, साथ ही आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी सलाह दी कि वे अपनी जान बचाने के लिए बताए गए विश्वविद्यालय से कम से कम एक किलोमीटर दूर रहें।

आईआरजीसी ने यह भी कहा है कि अगर अमेरिकी प्रशासन चाहता है कि इस क्षेत्र में उसके विश्वविद्यालय उन दो विश्वविद्यालयों में शामिल न हों जिन्हें जवाबी हमले के लिए निशाना बनाया जाएगा तो उसे सोमवार, 30 मार्च को दोपहर 12 बजे (तेहरान समय) तक ईरानी विश्वविद्यालय पर हुई बमबारी की निंदा करते हुए एक आधिकारिक बयान जारी करना होगा। आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका चाहता है कि उसके बाद इस क्षेत्र में उसके विश्वविद्यालय पर हमला न हो, तो उसे अपनी सेनाओं को विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्रों पर हमला करने से रोकना होगा, अन्यथा यह चेतावनी लागू रहेगी और इसे अंजाम दिया जाएगा।

### ईरान में जमीनी युद्ध की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है जो कई हफ्तों तक जारी रह सकती है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट दी है कि किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी।

### ईयू की चेतावनी, यमन जलक्षेत्र में न जाएं जहाज

**हूती विद्रोहियों के हमले की आशंका**

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से जहाजों को यमन के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में प्रवेश न करने की चेतावनी देते हुए ईरान समर्थित हूती विद्रोही समूह की ओर से व्यापारिक जहाजों पर हमले फिर शुरू करने की आशंका जताई गई है। हूती विद्रोहियों ने शनिवार को इजराइल पर मिसाइल हमले किए और आगे भी इन्हें जारी रखने की घोषणा की थी। यूरोपीय संघ नौसैनिक बल 'एस्पिडीज' मिशन ने कहा कि विशेष रूप से लाल सागर और अदन की खाड़ी में खतरा बना हुआ है। रिपोर्ट में इजराइली हितों से जुड़े जहाजों के लिए उच्चस्तर का खतरा आंका गया है, जबकि अमेरिका या इज़रायल से असंबद्ध जहाजों के लिए यह मध्यम स्तर का है।

### इरबिल में हमले तेज, अमेरिकी ठिकाने निशाने पर

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में शनिवार रात भर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास एवं अन्य स्थानों को निशाना बनाकर कई ड्रोन हमले किए गए। हालांकि उन्हें उनके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले की रोक दिया गया। इस बीच पूरी रात तेज धमाके सुनाई देते रहे और एक ड्रोन को अमेरिकी ठिकानों की ओर बढ़ते देखा गया। इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों ने हाल के दिनों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं। इरबिल भी लगातार इन हमलों का निशाना बन रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हालात और अधिक संवेदनशील हो गए हैं। अमेरिका ने शनिवार को जारी एक बयान में ईरान समर्थित सशस्त्र समूहों के हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घृणित आतंकी हमले बताया।

# बिना मुकदमा जेल सजा के समान : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुनवाई शुरू न होने पर दो साल से जेल में बंद शख्स को किया रिहा

सुप्रीम कोर्ट ने बिना मुकदमे के कारावास को सजा के समान बताते हुए हत्या के प्रयास के मामले में पंजाब के एक व्यक्ति को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि यह व्यक्ति दो साल से जेल में है, जबकि मुकदमे की सुनवाई तक शुरू नहीं हुई है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीवी वराले की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रदीप कुमार उर्फ बानू के खिलाफ फरवरी 2024 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने अभी तक मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी कोई सवाल-जवाब नहीं किए हैं। पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 11 जुलाई, 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पीठ ने 13 मार्च के अपने आदेश में कहा, अभियोजन पक्ष ने अपीलकर्ता के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी सवाल-जवाब नहीं किए हैं। इसलिए, मुकदमे को पूरा होने में कुछ समय लग सकता है।

मामले का समग्र रूप से अवलोकन करते हुए, न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मुकदमे की सुनवाई तक अपीलकर्ता को आगे हिरासत में रखना आवश्यक नहीं है।

## पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरू से गुजरने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को कहा कि ईरान ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को व्यस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो जहाज इस क्षेत्र से गुजरेंगे। डार ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है।

# अमेरिका तक मार करेंगी उत्तर कोरिया की मिसाइलें

**सियोल, एजेंसी**



- किम जोंग उन की मौजूदगी में मिसाइल के इंजन का परीक्षण
- कहा- नए परीक्षण से सर्वोच्च स्तर पर पहुंची सामरिक ताकत

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हथियारों के लिए उन्नत, उच्च-शक्ति वाले, ठोस ईंधन चालित इंजन के परीक्षण का जायजा लिया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को मजबूत करने वाला बताया। इस मौके पर दावा किया गया कि इस इंजन से युक्त मिसाइलें मध्य अमेरिका तक मार करने में सक्षम होंगी।

यह परीक्षण अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बनाने वाली उन्नत मिसाइलें हासिल करने के किम के घोषित लक्ष्य के अनुरूप है लेकिन कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्तर कोरिया ने इस परीक्षण के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर दावा किया है। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और सबसे बड़े दुश्मन दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का ग्राउंड जेट परीक्षण देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन चालित इंजन के एक परीक्षण में बताए गए लगभग 1,971 किलोटन से अधिक है।

केसीएनए की खबर में बताया कि यह परीक्षण देश के पांच वर्षीय सैन्य विस्तार कार्यक्रम के तहत किया गया। इस योजना के उद्देश्यों में सामरिक हमले के साधनों को उन्नत करना शामिल है। केसीएनए की खबर के अनुसार किम ने कहा कि नवीनतम इंजन परीक्षण का देश की सामरिक सैन्य ताकत को सर्वोच्च स्तर पर पहुंचाने में बहुत महत्व है।

# इस्लामाबाद में पश्चिम एशिया तनाव पर चर्चा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- पाकिस्तानी विदेश मंत्री की मिस्र और तुर्किये के समकक्षों से वार्ता

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने चतुर्भुज शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को यहां मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और क्षेत्र में शांति वार्ता के प्रयासों पर चर्चा की। विदेश कार्यालय ने बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती, डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद की यात्रा पर हैं।

विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग सहित द्विपक्षीय तंत्रों को सक्रिय करने और व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में तनाव पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और संयम बरतने, तनाव कम करने और संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से विवादों के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

डार ने फिलिस्तीनियों के लिए पाकिस्तान के अटूट समर्थन की पुष्टि की और गाजा और वेस्ट बैंक में इजराइली सेनाओं की आक्रामकता की कड़ी निंदा की। विदेश कार्यालय के अनुसार, डार ने तुर्किये के विदेश मंत्री फिदान से भी मुलाकात की। उसने बताया, दोनों नेताओं ने पाकिस्तान-तुर्किये के मजबूत संबंधों की पुष्टि की, ईरान सहित क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की और शांति एवं स्थिरता के लिए संवाद, तनाव कम करने, कूटनीति और समन्वय पर जोर दिया।

## रूसी वायु रक्षा बलों ने रात भर में नष्ट किए 200 यूक्रेनी ड्रोन

- यूक्रेन ने रूस के अलग-अलग इलाकों में दागे थे ड्रोन

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शनिवार रात रूसी क्षेत्रों के ऊपर मंडरा रहे 203 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने में सफलता हासिल की है।

मंत्रालय ने मीडिया एजेंसी मैक्स को बताया, पिछली रात वायु रक्षा चेतावनी तंत्र ने बेलगोरोड, ब्रायन्स्क, वोल्गोग्राद, वोरोनेज, कलुगा, कुर्स्क, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, ओरयोल, पेन्जा, प्सकोव, रोस्तोव, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, टवर, तुला क्षेत्रों, मॉस्को क्षेत्र, क्रास्नोदार क्षेत्र, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर 203 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया। यह भी कहा गया है कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है और इन्हें नष्ट कर सुरक्षा बलों ने काफी उपलब्धि हासिल की है। यूक्रेन कई दिन से लगातार रूसी इलाकों में ड्रोन दागकर हमले कर रहा है।

## गुजरात के अमरेली में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

- सौराष्ट्र में छह दिन के अंदर दूसरी बार महसूस किए गए झटके

**अमरेली(गुजरात)।** गुजरात के अमरेली जिले में रविवार को 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान के अनुसार, भूकंप का यह झटका शाम 4.10 बजे दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र सौराष्ट्र क्षेत्र में अमरेली से लगभग 42 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में सतह से 11.6 किमी की गहराई पर स्थित था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से न तो कोई घायल हुआ और न ही संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सौराष्ट्र क्षेत्र के राजकोट जिले में भी इसी तरह का 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था।

सावरकुंडला विधानसभा के सदस्य महेश कसवाला ने कहा, पिछले कुछ दिनों में अमरेली में कई हल्के झटके महसूस किए गए हैं। मित्याला गांव के सरपंच ने कहा कि रविवार का झटका काफी तेज महसूस किया गया था।

**अभियान** | अधिकारियों ने किया दावा, कहा- खत्म हो चुका है नक्सलवादियों का शीर्ष नेतृत्व

# एक दशक में 10,000 से ज्यादा माओवादियों ने डाले हथियार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुरक्षाबलों के दबाव और पुनर्वास योजनाओं के चलते पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों ने हथियार डाले हैं, इसके साथ नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व खत्म कर दिया गया है। नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान से खत्म होने से पहले अधिकारियों ने यह दावा किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए 31 मार्च तक की समयसीमा निर्धारित कर रखी है। वर्ष 2025 में 2,300 माओवादियों ने हथियार डाले और 2026 के पहले तीन महीनों में 630 से अधिक नक्सलियों ने सशस्त्र विद्रोह के बजाय मुख्यधारा में लौटने का विकल्प चुना। ये आंकड़े 2014 से 2026 की शुरुआत तक माओवादियों के आत्मसमर्पण से संबंधित हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एकीकृत, बहुआयामी और निर्णायक रणनीति अपनाई है। इसका एक उदाहरण रेड कॉरिडोर में सड़कों का निर्माण है।

केंद्र ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) के प्रभाव वाले क्षेत्रों में सड़कें बनाने का काम सौंपा, जिसमें नक्सलवाद के इन गढ़ों में पांच प्रमुख सड़कों और छह महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि भाकपा (माओवादी) के प्रभाव वाले क्षेत्रों में 15,000 किमी से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया, जिनमें से 12,250 किमी सड़कें पिछले 10 वर्षों में पूरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में इन क्षेत्रों में सिर्फ 66 थाने थे जबकि पिछले 10 साल में 586 थानों का निर्माण किया गया।



### नक्सलप्रभावित इलाकों में पहुंचा योजनाओं का लाभ

अधिकारियों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में शासन व्यवस्था कमजोर थी और माओवादियों ने अपना दबदबा बनाया हुआ था, वहां सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचने लगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत घरों की संख्या मार्च 2024 में 92,847 से बढ़कर अक्टूबर 2025 में 2,54,045 हो गई। इसी अवधि में आधार पंजीकरण भी 23.5 लाख से बढ़कर 24.85 लाख हो गया और 21.44 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। पिछले 10 वर्षों में 250 से अधिक एकलव्य विद्यालयों को मंजूरी दी गई, जिनमें से 179 चालू हैं, साथ ही 11 केंद्रीय स्कूल और छह नवोदय स्कूल भी खोले गए हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज नया काम शुरू न करें। भाई-बहनों से सहायता लेने में संकोच न करें। व्यापार के विस्तार में कुछ रुकावट आ सकती है।

**तुला** – आज यदि आपने एकाग्रचित्त होकर कार्य किया तो आप काफी शानदार परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आप बोरियत महसूस कर सकते हैं। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

**वृश्चिक** – आज काम की अधिकता के बावजूद ऊर्जावान रहेंगे। राजनीतिक लोग अपने विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मिथुन** – आज केवल अपने काम पर फोकस करें। चतुराई के कारण आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगे। नकारात्मकता में कमी आयेगी।

**धनु** – आज कामकाज में आपका अधिक मन नहीं लगेगा। किन्तु दूरदर्शी सोच के कारण आपको व्यापार में लाभ मिलेगा।

**कर्क** – आज किसी पुरानी बात को याद करके आप खुश होंगे। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। उल्टी व दस्त के कारण डिहाइड्रेशन जैसी समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज जीवनसाथी के साथ मतभेद उभर सकते हैं। अहंकार की वजह से अपने संबंधों को खराब न करें। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**सिंह** – आज आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहेंगे। मन में नये-नये विचार आते रहेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर अत्यन्त जागरूक रहेंगे।

**कुंभ** – आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक व्यवस्थित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप अत्यन्त सरलता से अपने काम करेंगे।

**कन्या** – आज विरोधियों से सावधान रहना चाहिए। बहुत आवश्यक न हो तो लोगों से अपनी बातें एवं सूचनाएं शेयर करने से बचें।

**मीन** – आज नए कारोबार की आप शुरूआत कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। बच्चों को ऑनलाइन गतिविधियों से दूरी बनाकर रखें।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 30 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी 07.09 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मघा 14.48 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

### सुडोकू - 103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |

### सुडोकू -104

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 3 | | 9 | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | | 7 | | | |
| 3 | 4 | 6 | | 2 | | | 5 | |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 2 | 5 |
| 9 | | 7 | | 4 | | | | |



> विराट कोहली का अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। पूरी पारी के दौरान कोहली अभी भी थोड़े रस्टी लग रहे थे। जैसे-जैसे वह और सेट होंगे, उनसे बहुत कुछ और देखने को मिलेगा।
>
> -अंबाती रायुडू


# स्टेडियम

कानपुर नगर, सोमवार, 30 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# रोहित और रिकलटन की विस्फोटक पारियों से मुंबई ने कोलकाता को हराया

## आईपीएल-2026 : मुंबई ने खत्म किया 13 सत्र के पहले मैच में हार का सिलसिला

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (78 रन) और रेयान रिकलटन (81 रन) के अर्धशतकों के साथ पहले विकेट के लिए 148 रन की साझेदारी से रविवार को यहां आईपीएल मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट के 13 सत्र से चले आ रहे पहले मैच में हार के सिलसिले को खत्म किया।

मुंबई इंडियंस हमेशा आईपीएल में धीमी शुरुआत करने वाली टीम रही है। टीम ने आईपीएल में आखिरी बार अपना पहला मैच अप्रैल 2012 में जीता था, जिसमें उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हराया था। टीम ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता लेकिन पहले मैच में हार का सिलसिला जारी रहा।

केकेआर ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) के अर्धशतकों से 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन का स्कोर खड़ा किया। रोहित (43 गेंद, चार चौके और आठ छक्के) और रिकलटन (38 गेंद, छह चौके, छह छक्के) की मदद से मुंबई इंडियंस ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर जीत हासिल की। दोनों ने केकेआर के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं जबकि पहले ही अपने कुछ गेंदबाजों के बाहर होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिख रहा है। इन दोनों मुंबई इंडियंस को पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 80 रन तक पहुंचा दिया था। रोहित ने पावरप्ले की अंतिम गेंद पर दो रन लेकर महज 23 गेंद में अपना 50वां आईपीएल अर्धशतक पूरा किया जिसमें तीन चौके और पांच छक्के जड़े थे। यह आईपीएल में उनका सबसे तेज अर्धशतक है।

इससे पहले उन्होंने 2015 के फाइनल में 25 गेंद में अर्धशतक बनाया था था। रिकलटन ने भी जल्द ही अपना अर्धशतक पूरा किया जिसके लिए उन्होंने 24 गेंद खेलकर दो चौके और छह छक्के जमाए। उन्हें इसके बाद 50 रन के स्कोर पर वैभव अरोड़ा से जीवनदान भी मिला। इस तरह मुंबई इंडियंस ने नौंवे ओवर में 100 रन का आंकड़ा पूरा किया। यह वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस की पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी भी है। इस भागीदारी का अंत अनुकूल रॉय ने रोहित का दर्शनीय कैच लेकर किया। वैभव की आफ स्टंप के बाहर की गेंद पर रोहित गेंद को टाइम नहीं कर सके और शॉर्ट मिडविकेट से लांग ऑन की तरफ भागते हुए अनुकूल ने लंबी छलांग लगाकर कैच लपका।

इससे पहले सपाट पिच पर मुंबई इंडियंस के गेंदबाज अपने पहले ही मैच में दबदबा नहीं बना पाए, लेकिन शार्दुल ठाकुर (39 रन देकर तीन विकेट) ने टीम को अहम सफलता दिलाई। रहाणे ने पहले ओवर में बोल्ट की गेंद पर लांग ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर पारी की शुरुआत की। कप्तान हार्दिक पंड्या (39 रन देकर एक विकेट) की चौथे ओवर में लाइन और लेंथ की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर केकेआर ने 26 रन बना लिए। केकेआर ने आठवें ओवर में ही 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया था और एक समय ऐसा लग रहा था कि रहाणे तिहरे अंकों (शतक) तक पहुंच जाएंगे। वह 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे। लेकिन ठाकुर ने अपने दो अलग-अलग स्पैल में दो विकेट लेकर मेहमान टीम की लय तोड़ दी। नौवें ओवर में ठाकुर ने कैमरन ग्रीन को आउट किया। अंत में रिंकू सिंह ने 21 गेंद में चार चौकों की मदद से नाबाद 33 रन बनाकर टीम का स्कोर 220 रन पहुंचा दिया।



पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी के दौरान रोहित शर्मा और रायन रिकलटन।

**कोलकाता**

**220/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का हार्दिक बो शार्दुल | 67 |
| फिन एलेन का तिलक बो शार्दुल | 37 |
| कैमरन ग्रीन का रदरफोर्ड बो शार्दुल | 18 |
| रघुवंशी का तिलक बो हार्दिक | 51 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 33 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-38-0, हार्दिक पंड्या 3-0-39-1, एएम गजनफर 4-0-51-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-35-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-39-3, मयंक मार्कंडेय 1-0-16-0

**मुंबई**

**224/4** (19.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| रेयान रिकलटन रन आउट | 81 |
| रोहित शर्मा का अनुकूल बो वैभव | 78 |
| सूर्यकुमार यादव का रिंकू बो त्यागी | 16 |
| तिलक वर्मा का सब बो नारायण | 20 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 18 |
| नमन धीर नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी :** वैभव अरोड़ा 4-0-52-1, ब्लेसिंग मुजारबानी 3-0-34-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-48-0, कार्तिक त्यागी 4-0-43-1, सुनील नारायण 3-0-30-1, अनुकूल रॉय 1.1-0-15-0



गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच से एक दिन पहले बारिश के कारण मैदान को कवर कर दिया गया। एजेंसी

## धोनी के बिना उतरेगी चेन्नई सैमसन पर रहेंगी निगाहें

- राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला आज

**गुवाहाटी, एजेंसी**

पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे हैं।

पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे, लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिए खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। चोट के कारण एमएस धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं। उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन व गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी।

**टीम**

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**हाईलाइट**

### कोको गाफ को हराकर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन जीता



**मियामी गार्डन्स।** एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन महिला एकल फाइनल में कोको गाफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका चौथी रैंकिंग वाली गाफ को हराकर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पिछले चार साल में पहली खिलाड़ी बनी। उन्होंने इंडियल वेल्स खिताब भी जीता था। मियामी ओपन में यह उनकी लगातार दूसरी जीत है।

### रहाणे लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर निकले

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे को रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन मुकाबले की दूसरी पारी में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। रहाणे की गैरमौजूदगी में भारत के ऑलराउंडर रिंकू सिंह ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। रिंकू को आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले उप-कप्तान बनाया गया था। फील्डिंग के दौरान रहाणे मैदान पर गिर पड़े थे। टीम के फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज मिलने के बावजूद यह 37 वर्षीय खिलाड़ी खेल जारी नहीं रख सका। कुछ मिनट तक मैदान पर लेटे रहने के बाद केकेआर के कप्तान को उनके साथियों ने उठने में मदद की और कुछ देर तक तो उन्होंने मैदान से बाहर निकलने के लिए अपने दो साथियों का सहारा भी लिया।

### मर्सिडीज के एंटोनेली ने फिर जीती एफवन रेस

**सुजुका।** मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली। इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

## ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आईपीएल के 2026 सत्र की शुरुआत नाबाद अर्धशतक से करने वाले महान बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि नियमित अंतराल पर खेल से ब्रेक लेने से उन्हें थकान से बचने और मानसिक रूप से तरोताजा होकर वापसी करने में मदद मिली।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से मिली जीत में कोहली ने 38 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। कोहली ने मैच के बाद कहा वापिस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था लेकिन हाल ही में वनडे श्रृंखलाओं में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली।
अंतरराष्ट्रीय टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके कोहली ने कहा मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था जो आम तौर पर नहीं खेलता। मुझे पता है कि मैं लय में हूं और मैने फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है तो प्रदर्शन अच्छा ही रहेगा। हमारे पास अच्छी शुरूआत का मौका था और हमने वही किया। सिर्फ एक ही प्रारूप खेलने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा पिछले 15 साल से जिस तरह का कार्यक्रम रहा है और हमने जितनी क्रिकेट खेली है, मेरे लिये तैयारी की कमी की बजाय जरूरत से ज्यादा खेलने की थकान का जोखिम अधिक रहा है।



### हमने देवदत्त, कोहली को रन बनाने के मौके दिए : कोच विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बातते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए। सनराइजर्स ने सत्र के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाये लेकिन आरसीबी ने लक्ष्य 15.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरूआत की जरूरत थी जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके।

### इस उम्र में कोहली की ऊर्जा और जोश बेजोड़ : अश्विन

**बेंगलुरु।** विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए भारत के पूर्व आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद अपनी बेजोड़ ऊर्जा और जोश के दम पर जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं।

पिछले साल तीन जून को आईपीएल फाइनल जीतने के बाद पहली बार टी20 प्रारूप खेलते हुए कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 69 रन बनाये जिसकी मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल 2026 के पहले मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। अश्विन ने एक शो पर कहा वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा ऐसा लगता है कि वह लोगों को दिखा रहे हैं कि कैसे खेला जाता है। इसे जोरदार ढंग से खेलो और वैसे ही खेलो, जैसे खेला जाना चाहिए। विराट ने जो कुछ भी किया, उस लिहाज से यह बात मेरे लिए सबसे खास रही। कोहली ने आईपीएल से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 93, 23 और 124 रन बनाए थे।

## पिछली जीत को हम पीछे छोड़ चुके : पाटीदार


- आरसीबी के कप्तान बोले-हम कुछ बचाने के लिए नहीं खेल रहे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पिछले साल आईपीएल में मिली जीत को पीछे छोड़ चुकी है और अब फोकस इस साल फिर खिताब जीतने के लिये बेहतरीन प्रदर्शन पर है। आरसीबी ने इस सत्र के पहले मैच में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर शानदार शुरूआत की । पाटीदार ने हालांकि कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब बचाने की मुहिम नहीं मानते।

उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम इस मानसिकता के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात है। हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से खेल रहे हैं।

आरसीबी की जीत में विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी का अहम योगदान रहा। पाटीदार ने कहा लक्ष्य का पीछा करने में कोहली नंबर एक हैं। मुझे हमेशा से उनकी बल्लेबाजी पसंद है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार रहता है। उन्होंने कहा कोच एंडी फ्लावर की तरह मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसकी पारी को बयान करने के लिये मेरे पास समय नहीं है। वह मेरे आदर्श है और मैने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। सनराइजर्स के शीर्ष तीन विकेट लेने वाले डफी के बारे में उन्होंने कहा वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है और हमें उस पर काफी भरोसा है । जिस तरह से वह खेल रहा है, जबर्दस्त है ।



### डीआरएस रेफरल के लिए ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा

**मुंबई।** बीसीसीआई ने आईपीएल की टीमों से कहा कि डीआरएस रेफरल के दौरान कोई भी ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा। खास तौर पर, रिव्यू केवल अपील के मूल बिंदु तक ही सीमित रहेगा, और कोई भी अतिरिक्त चेक तभी किया जाएगा जब दूसरी टीम ने तय समय के अंदर रिव्यू किया हो। अगर गेंदबाजी करने वाली टीम कैच-बिहाइंड के लिए रिव्यू करती है, तो अंपायर उसके बाद वाइड के लिए चेक नहीं करेंगे। यह तभी चेक किया जाएगा जब बल्लेबाजी करने वाली टीम रिव्यू का विकल्प चुने। हाइट वाइड के लिए कोई ऑटोमैटिक चेक नहीं होगा। अब से, इसका रिव्यू तभी किया जाएगा जब बल्लेबाजी करने वाली टीम तय 15 सेकंड के अंदर रिव्यू का विकल्प चुने। बल्लेबाज को अतिरिक्त 15 सेकंड नहीं दिए जाएंगे। बीसीसीआई के मैच रेफरी प्रमुख जवागल श्रीनाथ और अंपायर प्रमुख नितिन मेनन कार्यालय में हाल ही में हुई कप्तानों की बैठक के दौरान टीमों को संबोधित कर रहे थे। पारी का टाइमर और 60 सेकंड की घड़ी : पारी का टाइमर तीसरे गेंद पर और हर ओवर के खत्म होने के बाद स्कोरबोर्ड पर दिखाया जाएगा। 60 सेकंड की घड़ी हर ओवर के खत्म होने के बाद बड़ी स्क्रीन पर दिखाई जाएगी।

**एशियाई चैंपियनशिप**

**वर्ष के आखिर में होने वाले बहु-खेल टूर्नामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की करेंगे कोशिश**

## भारतीय मुक्केबाजों की नजरें मजबूत शुरुआत पर

**उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी**

भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाते हुए साल के आखिर में होने वाले बहु-खेल टूर्नामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिए नए व्यस्त सत्र की शुरुआत होगी, जिसमें जुलाई-अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं।

इस चैंपियनशिप के जरिए मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जॉर्डन और थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है। महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन (51 किग्रा), मौजूदा विश्व चैम्पियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) और जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं, निकहत, मीनाक्षी और जैस्मीन नवंबर के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी।



भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने कहा एशियाई चैम्पियनशिप कठिन परीक्षा होगी। हमें पता है कि पिछले एक दशक में एशियाई मुक्केबाजी का स्तर काफी बेहतर हुआ है और दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से कई एशिया से हैं। हमारा इतिहास बताता है कि हम पदक जीत सकते हैं। हमारी नजरें कई पदकों पर हैं, जिसके लिए हमारे मुक्केबाजों का फाइनल में पहुंचना जरूरी है। महिला वर्ग में प्रीति पवार 54 किग्रा भार वर्ग में कजाखस्तान की एलिना बाजारोवा से भिड़ेंगी, जबकि 60 किग्रा में प्रिया का मुकाबला कजाखस्तान की मुक्केबाज रिम्मा वोलोसेन्को से होगा। मीनाक्षी का सामना जापान की युका सदामात्सु से होगा, जबकि पूजा रानी कजाखस्तान की नादेज्दा रायाबेत्स के खिलाफ उतरेंगी। जरीन, जैस्मीन, अंकुशिता बोरो, अरुंधति चौधरी, बोरगोहेन और अल्फिया पठान को पहले दौर में बाई मिली है। महिला खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन भारतीय पुरुष टीम पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी, जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था।

**टीम**

**महिला :** मीनाक्षी (48 किलो), निकहत जरीन (51 किलो), प्रीति पवार (54 किलो), जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया (60 किलो), अंकुशिता बोरो (65 किलो), अरूंधति चौधरी (70 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), पूजा रानी (80 किलो), अल्फिया तरन्नुम (80 प्लस किलो)

**पुरुष :** विश्वनाथ सुरेश (50 किलो), जादूमणि सिंह (55 किलो), सचिन (60 किलो), आदित्य प्रताप यादव (65 किलो), दीपक (70 किलो), आकाश (75 किलो), अंकुश (80 किलो), लोकेश (85 किलो), हर्ष चौधरी (90 किलो), नरेंदर बेरवाल (90 प्लस किलो)।


भगवान महावीर स्वामी

जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर

अमृत विचार का E-Paper Subscription

Subscribe करने के लिए Scan करें



03 महीने के लिए FREE

BAREILLY I LUCKNOW I KANPUR I MORADABAD I AYODHYA I HALDWANI